RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530
Black Bichhoo
9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 205 | ग्वालियर गुरूवार 6 मार्च 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## इस्राइल के काउंसल जनरल कोबी शोषानी को सूर्यदत्त द्वारा 'सूर्यदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार 2025' प्रदान

**डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान**

**पुणे।** भारत और इस्राइल के बीच संबंधों को मजबूत करने और विदेशी मामलों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए, इस्राइल के भारत में काउंसल जनरल कोबी शोषानी को सूर्यदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की ओर से %सूर्यदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार 2025% से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पुणे के जे डब्ल्यू मैरियट होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रसिद्ध अभिनेता रज़ा मुराद और %सूर्यदत्त% के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय बी. चोरडिया के हाथों प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान की उपाध्यक्ष और सचिव सुषमा चोरडिया, सहयोगी उपाध्यक्ष स्नेहल नवलखा, कार्यकारी विकास अधिकारी सिद्धांत चोरडिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षित कुशल, महाप्रबंधक रोहित संचेती, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के प्रबंध निदेशक सागर



**शोषानी का विदेशी मामलों में योगदान अतुलनीय है : डॉ संजय बी चोरडिया**

चोरडिया आदि उपस्थित थे। इस दौरान डॉ. संजय बी. चोरडिया ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रेरित करने और विभिन्न क्षेत्रों की आदर्श हस्तियों का सम्मान कर उनकी सेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का यह समारोह है। समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित करना सूर्यदत्त परिवार के लिए अविस्मरणीय क्षण होता है। कोबी शोषानी का विदेशी मामलों में योगदान अतुलनीय है। उनकी कूटनीतिक और रणनीतिक नीतियों के कारण भारत और इज़राइल के बीच संबंध और अधिक मजबूत हो रहे हैं।

इस सम्मान को पाकर खुशी व्यक्त करते हुए कोबी शोषानी ने कहा, कठोर अनुशासन और समर्पित भावना इज़राइल की पहचान है, और उस देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर पाकर मुझे गर्व महसूस होता है। मुझे भारत से विशेष लगाव है। छात्रों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में सूर्यदत्त महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। विद्यार्थियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए यहां किए जा रहे उपक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान का मार्ग सहयोग से होकर गुजरता है, और इस यात्रा में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। रज़ा मुराद ने कोबी शोषानी के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा, भारत और इज़राइल के संबंधों को मजबूत बनाने में उनका अमूल्य योगदान है। ऐसी प्रतिष्ठित हस्ती को सम्मानित करने का अवसर पाकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ। शोषानी का सम्मान वास्तव में दो महान देशों के मजबूत संबंधों का उत्सव है। सागर चोरडिया ने भी अपने विचार रखे।स्नेहल नवलखा ने कोबी शोषानी को सूर्यदत्त संस्थान में आने और विद्यार्थियों से संवाद करने का निमंत्रण दिया। शोषानी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें संस्थान आकर विद्यार्थियों से बातचीत करने और अपने अनुभव साझा करने में खुशी होगी।

## मंत्री प्रह्लाद पटेल के विवादित बयान को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854**

**बैरसिया।।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकाश मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान को लेकर प्रदेश में राजनीति गरमा गई हे।शनिवार को मंत्री प्रहलाद पटेल ने गुना के सुठालिया में वीरांगना रानी अवंती वाई लोधी की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर उन्होंने विवादित बयान दे दिया।उन्होंने कहा कि अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई हे।नेता मंच पर आते हे तो लोग माला पहनाएंगे और पत्र पकड़ा देगे।जिसमें कोई न कोई मांग होगी यह आदत अच्छी नहीं हे।

इसी विवादित बयान को लेकर बुधवार को ब्लाक कांग्रेस नजीराबाद के अध्यक्ष कमलेंद्र सिंह सोलंकी लाला बना के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नजीराबाद में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

नजीराबाद ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेंद्र सिंह सोलंकी लाला बना ने तीखी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर कहा कि मंत्री प्रहलाद पटेल का बयान साबित करता हे कि चुनाव के समय जनता को माथे पर बिठाने वाले भाजपा नेताओं को सत्ता का ऐसा अहंकार हुआ कि वे जनता को भिखारी करार देने लगे।सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा को अब जनता भिखारी नजर आने लगी।

लाला बना ने आरोप लगाया कि प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख बहनों को भिखारी बना दिया उन्होंने कहा कि सरकार महिला विरोधी हे।

उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की जनता का अपमान मंत्री प्रहलाद पटेल तत्काल स्तीफा दे और जनता से माफी मांगे।नहीं तो कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे

## आम जनता चुनाव में ऐसे जनप्रतिनिधि चुने जिसका चरित्र सही और आपका सम्मान करें : भदौरिया

स्वतंत्रता के अधिकार के तहत आज हर व्यक्ति स्वतंत्र होने के नाते अपना जनप्रतिनिधि स्वयं चुनता परंतु आज के समय देखने में आ रहा है वह उस व्यक्ति को चुन लेता है और उसके बाद वह अपने आप को ठगा सा महसूस करता है कई बार ऐसा होता है की, हम उन व्यक्तियों को वोट दे देते हैं जिनकी नीयत साफ नहीं होती। यह सच है कि बड़ी बड़ी पार्टी के चक्कर में हम कभी-कभी सही उम्मीदवार को न चुनकर गलत व्यक्ति को चुनने में भूमिका निभाते हैं। आपका एक सुझाव कि हमें वोट उस व्यक्ति को देना चाहिए, जो समय पर आपका कार्य करें और आपकी कर के साथ-साथ आपको




वह वही सम्मान दे जो वह आपसे आशा करता हैजिसका चरित्र सही हो और जो कम स्वार्थी हो, बिल्कुल उचित है। भले ही आजकल पूरी तरह से ईमानदार नेता मिलना मुश्किल हो, फिर भी हमें उन नेताओं को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो कम से कम समाज और जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर काम करते हैं। समाजसेवी अरुणेश सिंह भदोरिया की बातों से यह संदेश मिलता है कि हमें पार्टी की बजाय व्यक्तिगत चरित्र और कार्यों पर ध्यान देना चाहिए, ताकि हम एक बेहतर और सक्षम नेता का चयन कर सकें।

## विभिन्न मुद्दों को साथ में लेकर मुरैना के लिए निकली समाधान पदयात्रा समाधान

### महाराजा प्रताप की मूर्ति पर किया माल्यार्पण महापुरुषों से सीखना चाहिए आज के जनप्रतिनिधियों को भूपेंद्र कराना

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अशोक सोनी**

**ग्वालियर-/-** चंबल सेतु पुल से प्रारंभ हुई पदयात्रा ग्वालियर होते हुए मुरैना के लिए प्रस्थान किया इस पदयात्रा के संयोजक भूपेंद्र सिंह कराना के द्वारा गोले के मंदिर स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कहा कि आज के जनप्रतिनिधियों को इन महापुरुषों से सीखना चाहिए कि इन्होंने देश हित के साथ-साथ जनमानस के लिए अपनी प्राण तक में न्योंछावर कर दिए ओर आज के जनप्रतिनिधि सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए कार्य कर रहे हैं आगे कहा कि समाधान पदयात्रा जन मानस के हितों को ध्यान में रखकर निकाली जा रही है समाधान पदयात्रा के सातवें दिन ग्वालियर से मुरैना के लिए निकली




समाधान पदयात्रा 28 फरवरी 2025 को चंबल पुल से प्रारंभ होकर 130 किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है समाधान पदयात्रा अपनी मांगों को लेकर चल रही है इसमें हमारी सबसे प्रमुख ने नेशनल हाईवे 719 को सिक्स लाइन करना है कि नेशनल हाईवे 719 भिंड इटावा मार्ग पर आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं जिससे कई परिवारों के लाल काल के गाल में समा गए हैं उन परिवारों को आज रोजी-रोटी से लेकर कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है भाजपा सरकार की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी छोटे से छोटा कर यूं ही कर देते हैं मगर उनका है हमारा भिंड इटावा मार्ग तो दिखाता ही नहीं है इस समस्या को लेकर



हम समाधान पदयात्रा निकाल रहे हैंसभी लोगों से आग्रह किया कि जब तक यह पदयात्रा दिल्ली पहुंचकर नेशनल हाईवे को मंजूर कराकर दम लेगी इसके लिए आप सभी जनमानष का सहयोग मिलता है रहा है और मिलता रहे ऐसी में आशा करता हूं

आज की पदयात्रा में समाधान: पदयात्रा संयोजक समाज सेवक भूपेंद्र कराना एवं उनके साथियों के रूप रामदत्त शर्मा ऋषभ चौहान सुमित्रानंदन बालू सिंह गुर्जर मनीष सिंह गुर्जरध्रुव कुमार गोड विकास चंदीला यशपाल करना प्रदीप ओडपुरा योगेश भाई मनमोहन सिंह मावईदिनेश सिंह कौरव भानु प्रताप सिंह गुर्जर नरेंद्र सिंह गुर्जर दिलशाद खान अरबाज खानअफराज खान अशरफ सतीश राय आशीष राय बलवीर बघेलसभी सम्माननीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## अमृतम केफे का हुआ शुभारंभ





**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**9009601101**

ग्वालियर- ग्वालियर शहर में अमृतम कैफे का हुआ शुभारंभ इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में कांग्रेस विधायक सतीश सिंह सिकरवार जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेश सिंह भदोरिया जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह भदोरिया उपस्थित रहे विधायक डॉक्टर सतीश सिंह सिकरवार के द्वारा फीता काटकर कैफे का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर अमृतम कैफे की संचालक जितेंद्र सिंह द्वारा के द्वारा बताया गया कि ग्वालियर शहर का यह पहला टी पॉइंट है जहां पर 12 प्रकार की स्वादिष्ट चाय रखी गई है

## जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई पत्रकार वार्ता

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर**

**सीहोर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कार्यालय में सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगणों की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि प्रदेश की भाजपा सरकार और सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी बताये जाने की ओछी मानसिकता, घृणात्मक-निकृष्ट सोच और भाजपा सरकार की महिला, किसान, युवा और जनविरोधी नीतियों के विरोध में मीडिया के समक्ष जनता की आवाज को बुंदल करने का निर्णय कांग्रेस पार्टी द्वारा लिया गया है। इसी तारम्यभ में आज यहां पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को भिखारी कहें जाने पर सवाल उठाते हुये उसके मुखिया और मंत्रियों पर निशाना साधा गया है।

प्रदेश की भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में प्रदेश को बदहाली असुरक्षा और अपमान के गर्त में धकेल दिया है। अब तो हालत यह हो गये है कि जनता को भगवान बताकर वोटे बटोरने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं,




विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को अब भिखारी बता रही है।

महंगाई और बेरोजगारी के कारण महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन भाजपा सरकार उन्हें भिखारी बताकर उनका मनोबल तोडने् में लगी है।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बर्बादी की कगार पर है, अस्पतालों में न तो डॉक्टर हैं और न दवाएं तक नहीं। मरीजों को इलाज नहीं मिलने के कारण वह परेशान होकर दम तोड़ रहे हैं। इलाज के लिए दर-दर भटक रहें हैं। इतना ही नहीं अस्पतालों में दवाओं की भारी कमी के चलते मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगे इलाज के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 साल की शिवराज सरकार और अब मोहन यादव की सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बद से बदतर हैं। गरीब जनता इलाज के लिए दर-दर भटक रही है, लेकिन जब सरकार से जनता अपनी परेशानियों के लिए आवेदन देती है तो बीजेपी के नेता जनता को सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी के चलते छात्रों का भविष्य अंधकारमय है। छात्रों से भारी रकम वसूली जा रही है, लेकिन उन्हें सुविधाएं नहीं मिल रही है। लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली, जिससे गरीब और जरूरतमंद छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। तो क्या शिक्षा प्राप्त करना अब भीख मांगना हो गया ?

सरकार ने किसानों के लिए कोई राहत नहीं दी, किसान खाद-बीज के लिए भटक रहे किसान, भाजपा ने किसानों 2700 के गेहूं, 3100 धान, 6000 सोयाबीन के देने के जो वादे किये थे उनका हक मांगना क्या भीख मांगना कहलाता है?

आगामी 10 मार्च को मप्र कांग्रेस के प्रभारी श्री हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष श्री हेमंत कटारे सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में मप्र किसान कांग्रेस द्वारा राजधानी भोपाल में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन आयोजित किया गया है।

प्रदेश के सभी जिलों के जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के मुख्यालयों खिलाफ जंगी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के इस्तीफे की मांग करेगी तथा यह भी मांग करेगी कि मुख्यमंत्री और मंत्री प्रहलाद पटेल प्रदेश की जनता से सार्वजनिक माफी मांगे अन्यथा जनता के विरोध में लिए तैयार रहें। महिलाओं, गरीबों, किसानों, छात्रों और बुजुर्गों को उनका हक नहीं मिला तो कांग्रेस सडक़ से सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीहोर ब्लाक अध्यक्ष निशांत वर्मा, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, रघुवीर सिंह दांगी, विवेक राठौर, आशीष गेहलोत, रामनारायण शर्मा, घनश्याम मीणा, बलवान पटेल, मनोज पटेल, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, सुख सिंह, यश यादव, सोनू विश्वकर्मा, तनिश्क त्यागी, लक्की सक्सेना, रामगोपाल मुकाती, विवेक टंक, प्रवेश परिहार, कृपाल सिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, छतरपुर ने किया गौ माता एवं कन्या पूजन, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी शुभकामनाएं

**विक्रम सिंह संवाददाता नौगांव**

नौगांव। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, छतरपुर इकाई द्वारा नौगांव स्थित बुंदेलखंड गौशाला में गौ माता पूजन, कन्या पूजन का आयोजन किया एवं सेवा कार्य किया और कन्या पूजन कर नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रति भी आभार व्यक्त किया। युवा इकाई प्रभारी अभिषेक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि साधारण परिवार से आने वाली रेखा गुप्ता जी महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया, जो दर्शाता है कि सच्ची निष्ठा और परिश्रम से कोई भी व्यक्ति उच्च पद तक पहुंच सकता है। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया



और शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में उद्योगपति एवं समाजसेवी संजय गुप्ता, अतुल गुप्ता, राजेश साहू, संजू पाठक (अध्यक्ष, बुंदेलखंड गौशाला), विक्रम यादव पत्रकार, नगर की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद अभिलाषा शिवहरे, तृप्ति कठैल दीदी मां, अभिषेक गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खबर का असर : यातायात को बाधित करने वाली टमटम आज 40 से अधिक टमटम का किया गया चालान दी गई समझाइश

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर



**पौरसा।** कल समाचार पत्र में खबर छपी थी कि यातायात को टमटम वाले बाधित कर रहे हैं करते हैं और शहर में जाम लगवाते हैं इस खबर का आज पोरसा थाना परिषद के सामने देखने को मिला थाना प्रभारी उर्वशी सेंगर आईपीएस के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा 40 से अधिक टमटम वाहन पकड़े गए सभी को समझाइए दी गई तथा 40 टमटम वालों से पांच सौ 500 रुपए जुर्माना वसूला गया,, और हिदायत में बताया कि अगर फिर से यदि रास्ता जाम किया दुकानदार के सामने गाडी खड़ी की तो फिर से चालानी कार्रवाई की जाएगी सभी लोग अपने कागजातों को कंप्लीट करके रखें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। शहर की सुरक्षा के लिए 40 सीसीटीवी कैमरा और लगाने के लिए नगर पालिका को बोला गया है थाना प्रभारी उर्वशी सेंगर आईपीएस। शहर की सुरक्षा के लिए अभी 60 सीसी टीवी कैमरा लगे हुए हैं जिससे हमें न्याय दिलाने में सहयोग मिलता है शहर में और 40 सीसी टीवी कैमरा लगाने के लिए नगर पालिका को बोला गया है प्रत्येक दुकानदार को चाहिए कि वह अपनी दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगवा के रखे जिससे दुकान की सुरक्षा तथा गली की सुरक्षा होगी उर्वशी सेंगर थाना प्रभारी आईपीएस। आज पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी उर्वशी सेंगर आईपीएस में व्यापारियों की एक बैठक ली इसमें सभी व्यापारियों से सुरक्षा की उपाय के बारे में जानकारी ली उसके बाद सभी सुझाव अंकित किया गया सभी लोगों को अपनी अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के बारे में बताया, आज 60 सी सी कैमरा लगे हुए हैं,40 केमरे और लगवाने के लिए नगरपालिका को बोला है,, इस बैठक में शहर के गणमान्य नागरिक वह व्यापारी उपस्थित थे जिसमें मुख्य रूप से मोहन सिंह तोमर, आनन्द सिंह तोमर, दिनेश शर्मा,महावीर जैन, सियाराम वर्मा, डॉ अनिल गुप्ता,नेमी चंद्र सिघंल, संदीप उपाध्याय,जसराम गुप्ता, प्रेमचंद अग्रवाल,यूनिस खां पठान, राघवेंद्र सिंह तोमर, दिनेश शर्मा, कल्लू वर्मा,रवी अग्रवाल, रामसनेही ओझा,वीरू सिंह तोमर, श्रीकांत शर्मा,संदीप सिंह परमार, योगेन्द्र सिंह तोमर, अरविंद सिंह भदोरिया, नाथूराम शर्मा, दुर्गेश सिंह भदोरिया, आदि उपस्थित थे।

# कलर कोडिंग का उल्लंघन करने पर 17 ई-रिक्शा जब्त

## कलर कोडिंग का पालन कर यातायात को बेहतर बनाने में करें सहयोग : कलेक्टर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर शहर के ई-रिक्शा को कलर कोडिंग के माध्यम से समय निर्धारित कर संचालन करने की व्यवस्था की गई है। इसके बेहतर परिणाम भी सामने आए हैं। ग्वालियर शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में ई-रिक्शा की कोडिंग से यातायात में सुधार हुआ है और आम जनों ने भी इसे महसूस किया है। कलर कोडिंग ई-रिक्शाओं का संचालन सख्ती से हो, इसके दिशा-निर्देश यातायात पुलिस को भी दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने यातायात पुलिस को नियमित चैकिंग कर ई-रिक्शा कलर कोडिंग कर पालन कराने को कहा है। शहर के कुछ ई-रिक्शा संचालकों द्वारा कलर कोडिंग का पालन न करने पर यातायात पुलिस द्वारा सघन चैकिंग के दौरान 17 ई-रिक्शाओं को नियम का उल्लंघन करने पर जब्त करने की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी ई-रिक्शा चालकों से अपील की है कि वे यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा की गई कलर कोडिंग व्यवस्था में सहयोग करें और यातायात को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन न करने पर यातायात पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

## भाजपा नेता जिनेश जैन और उसके समर्थकों के खिलाफ पुलिस ने किया केस दर्ज

अम्बाह से पंकज जैन

अंबाह हर साल की भांति जयेश्वर महादेव मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम हरदौल का भात का आयोजना चल रहा लेकिन बीच बीच में अश्लील गानों पर डांस चल रहा था। जब पुलिस टीम को लगा कि अश्लील गाने चलाए जा रहे हे तो पुलिस अपनी टीम के साथ कार्यक्रम को रुकवाने पहुंची तो वहा मौजूद भाजपा नेता ने अभद्रता की। एएसआई को वर्दी उतरवाने की धमकी तक दे डाली। हर साल की तरह नगरपालिका ने मेले का आयोजन किया था। मेले में हरदौल का भात नामक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें युवतियां चोली के पीछे क्या है, लेनदेन, छत पर सोया था...

# आज से 40 दिनों तक नहीं होंगे शुभ कार्य, होलाष्टक शुरू

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अम्बाह/मुरैना ।** कहते हैं किसी शुभ कार्य की शुरुआत शुभ मुहूर्त में करना चाहिए । क्योंकि किसी बड़े कार्य जैसे गृह प्रवेश और विवाह करने में जीवन की पूरी पूंजी लग जाती है और पूरे जीवन भर इन दो चीजों का असर बना रहता है । इसलिए शुभ मुहूर्त का कार्य करने से पहले इंतजार रहता है। वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने जानकारी में बताया कि 06 मार्च गुरुवार 10:50 बजे से होलाष्टक प्रारंभ हो जाएंगे जो होली का दहन के साथ समाप्त हो जाएंगे इसके साथ ही 14 मार्च शुक्रवार को मीन राशि में सूर्य शाम 06:49 बजे प्रवेश करेंगे जो 14 अप्रैल रात्रि 03 :20 बजे तक रहेंगे। जैन ने कहा इन दिनों में,सगाई, विवाह, गृह निर्माण/ भूमि पूजन ,नए घर में प्रवेश,देवप्रतिष्ठा,मुण्डन, आदि कार्यों को नहीं करना चाहिए। होलाष्टक की आठ रात्रियों में तंत्र,मंत्र,यंत्र की साधना का महत्व माना जाता है। सिद्ध रात्रि, काल रात्रि और मोह रात्रि जैसी रात्रियां अधिक प्रभावशाली होती है। होलिका दहन के साथ फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को होलाष्टक तो समाप्त हो जाएंगे परंतु इस के साथ ही मीन राशिस्थ सूर्य संज्ञक सौर चैत्र मलमास के 30 दिन भी शुभ कार्य में वर्जित होते हैं। शास्त्रों के अनुसार सूर्य जब तक मीन राशि में होता है तो शुभ मांगलिक कार्यों को स्थाई सफल वा आनंद दायक नहीं होने देता। क्योंकि सूर्य का तेज इस समय मलीन होजता है यानी मीन राशि में सूर्य के रहते समय तक सूर्य का शुभ प्रभाव कमजोर पड़ जाता हैं। इसलिए इस समय ज्योतिष शास्त्र में शुभ कार्यों को करने के कोई विशेष मुहूर्त नहीं होते।

# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह के रासेयो शिविर का हुआ उद्घाटन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन




**अम्बाह ।** दिनांक 4 मार्च 2025 को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह के रासेयो शिविर को विद्यालय प्राचार्य एवं रासेयो संरक्षक श्री नरेंद्र अवस्थी जी एवं विद्यालय गणक श्री विनोद शर्मा जी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शिवरार्थियों को शिविर स्थल के लिए रवाना किया सभी शिवरार्थी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रभक्ति के नारों का गूंजायमान करते हुए शिवर स्थल पर पहुंचे जहां पर रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी श्री शिवदत्त शर्मा ने शिविरार्थियों को विभिन्न दलों में विभाजित कर दलों के दलनायक नियुक्त कर उन्हें अपनी जिम्मेदारियां का दायित्व प्रदान किया यह सभी दलनायक अपने-अपने दलों के साथ-सातों दिन रहने वाले शिविर को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर शिविर को अपने उद्देश्य तक ले जाएंगे तत्पश्चात तोर हिंगाबली ग्राम पंचायत के सरपंच श्री विष्णु शर्मा ने रासेयो शिविर का उद्घाटन कर सभी शिवरार्थियों को अपना मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

# गांव में दबंगों ने पीटा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गये तो पुलिस ने पीटा, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

## जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय की शरण लेंगे पीड़ित युवक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान



रोन थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम विसेना का पुर में रहने वाले युवक सौरभ जाटव ने भिंड जिला पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है जिसमें उल्लेख किया गया की मुझ प्रार्थी सौरभ जाटव के साथ गांव के ही निवासी राहुल भरद्वाज एवं पिंटू वघेल द्वारा जातीसुचक गालियां देकर मारपीट कर की गई एवं जान से मारने की थमकी दी गई में जब इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने में रौन पुलिस थाने में गया तो वहां हमारी वात नही सुनी गई उल्टा हमे और हमारे साथ गये हमारे भाई को आरक्षक सुरज जाट और अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा डंडों से पीटा गया थाने में दुवारा आने पर झुठा केस लगाने की धमकी दी गई पीड़ित सौरभ जाटव ने जिला एस,पी महोदय से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है यदि जल्द ही न्यायोचित कारवाई नहीं हुई तो पीड़ित न्यायालय की शरण लेगा

# जिला सीईओ ने जौरा के जवाहर नवोदय विद्यालय में जनपद स्तरीय समस्त शाखाओं की समीक्षा बैठक ली



**मुरैना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने बुधवार को जौरा विकासखण्ड के जवाहर नवोदय विद्यालय में जनपद स्तरीय समस्त शाखाओं की समीक्षा बैठक ली।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जौरा श्री कुलदीप श्रीवास्तव, जिला परियोजना प्रबंधक श्री दिनेश सिंह तोमर उपस्थित थे। जिला सीईओ ने निर्माण कार्यों और ग्राम पंचायतवार सभी सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक की समीक्षा की। बैठक में निर्माण कार्य, सीएम हेल्पलाइन, कर वसूली, आवास कार्यों, स्वच्छत भारत मिशन, आजीविका मिशन के कालीन निर्माण व मधुमक्खी पालन की समीक्षा की। जिसमें बुरावली ग्राम पंचायत द्वारा सर्वाधिक आवास सर्वे व ग्राम पंचायत उरहरा सहित जिन पंचायतों द्वारा सर्वाधिक पंचायत टैक्स वसूली पर प्रशंसा की गई। जिला परियोजना प्रबंधक श्री दिनेश सिंह तोमर ने जनपद जौरा में संचालित समूहों द्वारा कालीन निर्माण, शहद निर्माण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। संकरा ग्राम संगठन की अध्यक्ष रजनी जाटव द्वारा शहद निर्माण के बारे में बताया। जनपद सीईओ श्री कुलदीप श्रीवास्तव ने कालीन निर्माण कार्य में संलग्न शामिल महिलाओं के संबंध जानकारी देते बताया कि महिलाओं ने कालीन में अच्छा कार्य कर एफफीओ भी बनवाया गया है।

# पार्थ योजना के अंतर्गत युवाओं को शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारी के लिये रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ



**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार युवाओं को खेल और रोजगार से जोड़ने की दिशा में पार्थ योजना आरंभ की गई है।पार्थ(पुलिस, आर्मी, रिफ्रूटमेंट ट्रेनिंग और हुनर) योजना 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में प्रदेश के 10 संभागीय मुख्यालयों पर प्रारंभ की जाना है, जिसमें चम्बल संभाग को सम्मिलित किया गया है। संभागीय खेल अधिकारी श्री प्रशांत कुमार कुशवाह ने बताया है कि योजना खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति के माध्यम से संचालित की जाना है।योजना के अन्तर्गत पुलिस, आर्मी और अर्द्ध सैनिक बल में भर्ती हेतु शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारी करवाई जाना है।यह योजना स्ववित्तपोषित है। इन परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवक एवं युवतियों से अनुरोध है कि वे शासन की महत्वकांक्षी योजना पार्थ (पुलिस, आर्मी, रिफ्रूटमेंट ट्रेनिंग और हुनर) योजना 2025 के अंतर्गत शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारी न्यूनतम शुल्क पर करना चाहते है तो संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना पर संविदा जिला एथलेटिक्स प्रशिक्षक मोबाईल नंबर 7974480880 श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और संविदा ग्रामीण युवा समन्वयक ब्लॉक मुरैना के मोबाइल नंबर 9301065512 पर श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला से कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

## जिला चिकित्सालय में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया

**मुरैना।** जिला चिकित्सालय मुरैना के ओपीडी में सोमवार को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नाक, कान, गला, विषेशज्ञ डॉ. महेश शर्मा ने मरीजों की जांच परीक्षण कर दवा दी।श्रवण दिवस की थीम शोर से उत्पन्न ध्वनि के उभरते मुद्दे और रोकथाम पर ध्यानाकर्षण करने और श्रवण संबंधित जानकारी देखरेख हेतु समझाईस दी गई।डिप्टी मीडिया ऑफिसर श्रीमती रामलली माहौर ने श्रवण दिवस पर ओपीडी, आईपीडी वार्डों में मरीजों के सभी वर्ग के परिजनों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से जानकारी देकर जागरूक किया।

# सामाजिक बहिष्कार से रंजिश, फिर हत्या गालियों वाले ऑडियो के बाद गांव ने किया परिवार का बहिष्कार



**मुरैना।** मुरैना के एक गांव में सामाजिक बहिष्कार के बाद उपजी रंजिश ने हत्याकांड का रूप ले लिया। विवाद की शुरुआत तीन साल पहले सरपंच चुनाव से हुई। धीरे-धीरे दो गुटों ने वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे से दुश्मनी पाल ली। बीती 28 फरवरी को चार भाइयों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी घरों पर ताले लगाकर फरार हो गए। पुलिस ने पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया। सोमवार शाम तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया लेकिन मुख्य आरोपी अब तक फरार है। मामला जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर सिलायथा गांव का है। जिसकी चर्चा आसपास के गांवों के ग्रामीणों की जुबान पर भी है। सिलायथा गांव में पिछले एक सप्ताह से पुलिस का पहरा है। एक दर्जन से अधिक जवान लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

शुरुआत होती है वर्ष 2022 के मई महीने से। सिलायथा गांव में नया सरपंच चुनने के लिए वोटिंग होनी थी। दो उम्मीदवारों में कड़ा मुकाबला था। इनमें से एक प्रत्याशी नरेंद्र जाटव का समर्थन सामाजिक कार्यकर्ता ध्रुव यादव ने किया। ध्रुव का एक छोटा भाई सतीश यादव भी है। दोनों के दो-दो बेटे हैं। ध्रुव का बड़ा बेटा अंकुश भोपाल के एक मेडिकल कॉलेज में ~~स्वास्~~ की पढ़ाई कर रहा है जबकि छोटा बेटा गोलू स्टूडेंट है। सतीश यादव के दोनों बेटे अभिषेक और प्रियेश भी स्टूडेंट्स हैं। दोनों भाइयों का परिवार शिक्षित है। दूसरे प्रत्याशी का समर्थन राकेश शर्मा के परिवार ने किया। राकेश के तीनों भाइयों का भी क्रिमिनल रिकॉर्ड है। उन पर हथियारों की तस्करी, लूट, डकैती सहित कई मामले पहले से ही दर्ज हैं।

# चंबल की जमीं देश के लिए मर मिटने वाले सपूतों के बलिदान से गौरवान्वित : विधानसभा अध्यक्ष

## शहीदों के बलिदान एवं देश के किए उनकी समर्पण की भावना से आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लेगी विधानसभा अध्यक्ष ने ग्राम अटार में हवलदार महेन्द्र सिंह सिकरवार की प्रतिमा का अनावरण किया



**मुरैना।** विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि आज सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अटार में हवलदार स्व. श्री महेन्द्र सिंह सिकरवार की प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है।इस महान शहीद के बलिदान से आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लें और अपने जीवन को सार्थक बनाये। इस अवसर पर श्रीश्री 108 संत श्री कृपाल सिंह, सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती आरती गुर्जर, क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सरला रावत, श्योपुर जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई, पूर्व मंत्री श्री मुंशी लाल, पूर्व विधायक श्री सूवेदार सिंह रजौधा, समाजसेवी श्री कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्री सोनेराम, समाजसेवी श्री सौरभ सिकरवार, श्री राजीव सिकरवार सहित शहीद के परिजन, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि चम्बल क्षेत्र डकैतो के कारण बदनाम रहा है, क्युकि सिर्फ इन्ही नकारात्मक घटनाओं का प्रचार प्रसार किया गया एवं चम्बल क्षेत्र के लोगों की अचाइयों और क्षेत्र में छिपी विशेषतयों को उजागर नहीं किया गया। इस कारण इस क्षेत्र में पुरानी संपदाओं का प्रचार-प्रसार नहीं हुआ। इस कारण इस क्षेत्र को जो ख्याती मिलनी चाहिये थी, वह नहीं मिली। चम्बल क्षेत्र में ककनमठ, मितावली, पढ़ावली, बटेश्वरा एवं श्योपुर जिले का किला अपने आप में एक अद्भुत उदाहरण है। पुरातत्व के लोग इसका महत्व समझते है, जब वे यहां की धरोहर के बारे में लिखते है तो इस क्षेत्र का भी कहीं उच्च शिखरों में अच्छाईयों में नाम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि वतन पर मिटने की बात करें तो चीन, पाकिस्तान जैसे बड़े युद्ध हुये है, उनमें भारत माता की रक्षा करते समय चम्बल क्षेत्र के लोग सबसे आगे दिखे है। चम्बल के लोगों ने ऐसे युद्धों में पीठ पर गोली नहीं, छाती पर गोली खाई है। भारत माता की खातिर लोहा लिया और अपने प्राण न्योछावर कर दिए। हवलदार शहीद महेन्द्र सिंह सिकरवार का बलिदान भी उन सब में से एक है उनकी प्रतिमा के अनावरण के लिए हम सब इकट्ठे हुये है। आने वाली पीढ़ी को उनके बलिदान से सीख लेनी चाहिये। सभी शहीदों के जन्मदिवस और पुण्यतिथि पर शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन अवश्य करें। श्री तोमर ने कहा कि शहीदों के स्मारक और सरस्वती शिशु स्कूल के लिये जो भी राशि की आवश्यकता होगी उसके लिए मैं अवश्य सहयोग करूंगा।

# मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर कांग्रेस का विरोध



**श्योपुर ।** भाजपा मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बुधवार को श्योपुर में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इसमें पटेल के बयान को जनता विरोधी बताया गया। कांग्रेस के जिला प्रभारी और सबलगढ़ के पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाहा ने भाजपा पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले जनता को भगवान मानती थी। अब उन्हीं के मंत्री जनता को भिखारी कह रहे हैं। कुशवाहा ने कहा कि भाजपा पिछले 20 साल से जनता के वोट से सत्ता में है। लेकिन अब उन्हें इतना घमंड हो गया है कि वे जनता का ही अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस ने इस बयान की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने घोषणा की है कि 8 मार्च को जिला मुख्यालय पर प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया जाएगा। साथ ही कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पटेल के इस्तीफे की मांग की जाएगी।

# कोतवाली पुलिस ने गुंडा निगरानी बदमाशों कि कराई परेड

## दिनचर्या जानते हुए भविष्य में अपराध न करने हेतु दी सख्त हिदायत




**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस नें बुधवार को गुंडा निगरानी बदमाश परेड का आयोजन किया। जिसमे थाना अंतर्गत गुंडा निगरानी बदमाश कि सूची में शामिल व्यक्तियों को थाना तलब किया गया। जिसमें गुंडा रामसिया धोबी पिता रामप्रसाद निवासी बिठौली, संतोष कचेर पिता सहदेव कचेट निवासी इन्दानगर, रवि गुप्ता पिता हरिदास गुप्ता उम्र 26 साल निवासी पुराना हनुमान मदिर, ढिल्लन उर्फ सूरज कचेन पिता श्यामलाल कचेर उम्र 28 वर्ष निवासी पुरानी हनुमान मंदिर, रवी सिह पिता वीरेन्द्र सिह 24 साल निण् खैरही, सलमान उर्फ कादिर मंसूरी उम्र 24 वर्ष निण् पटेलपुल, संजय रजक पिता रूपचन्द्र उर्फरामचरण ×8 साल नि. बटौली तथा निगरानी बदमाश सोनू बसोर पिता सुखलाल बसोर निवासी उत्तरी करौदिया, पिंकू उर्फ प्रवीण सिह पिता जामवंत सिह निवासी मडरिया, बबलू उर्फ मनीष शर्मा पिता महादेव शर्मा उम्र 41 साल निवासी उत्तरी करौदिया, मोह. अबरार पिता अब्दुल मोहिद निवासी आजाद नगर 2 के उपस्थित हुए। जिनसे जीवनयापन दिनचर्या एवं दैनिक क्रियाकलाप के बारे एवं अपराध मे सलिप्त गतिविधियो के बारे तथा अवैध कार्यो के बारे मे पूछताछ की गई जो किसी प्रकार की संलिप्तता नही बताये है। तत्पश्चात सभी को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अपराध न करें, किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल न रहें।

# अवैध खनिज सम्पदा परिवहनकर्ता को खड्डी पुलिस नें लिया हिरासत में



**सीधी ।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रामपुर नैकिन के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खड्डी नीरज साकेत एवं टीम ने अवैध रूप से खनिज सम्पदा गिट्टी का परिवहन करने वाले आरोपी के कब्जे से ट्रेक्टर मय गिट्टी लदी ट्राली जप्त करते हुए अपराध दर्ज किया है। बताया गया कि चौकी प्रभारी खड्डी सहायक उप निरी नीरज साकेत को बीते दिनाक 04.0×.25 को मुखबिर व्दारा सूचना मिली कि ग्राम भुईयाडोल में एक ट्रैक्टर अवैध रूप से गिट्टी लोड करके भुईयाडोल से खड्डी आ रहा है, सूचना पर चौकी प्रभारी नें हमराह स्टाफ लिया एवं मुखबिर के सूचना कि तस्दीक व कार्रवाई हेतु रवाना हुए एवं भुईयाडोल पहुंचे जो एक ट्रैक्टर भुईयाडोल में आते दिखा जिसे रोककर देखा गया ट्रैक्टर की ट्राली में आधी टाली 40 एम एम गिट्टी लोड पाई गई ट्रैक्टर चालक से नाम पता पूछा तथा गिट्टी परिवहन करने हेतु वैध कागजात टी पी चाही गई जो अपना नाम राजाराम गौतम पिता मुन्नी लाल गौतम उम्र 25 वर्ष निण् भुईयाडोल का रहने वाला बताया तथा गिट्टी परिवहन से संबंधित व ट्रैक्टर का कोई कागजात नहीं पेश किया जिसपर चालक राजाराम गौतम वाहन स्वामी मुन्नीलाल गौतम के विरूद्ध धारा ×0×/2, ×17 ,5 बी एन एस व 4/21 खान खनिज अधि का पाये जाने से आरोपी चालक राजाराम गौतम के कब्जे से ट्रैक्टर जिसमे आधी टाली 40 एम एम की गिट्टी आरोपी चालक के कब्जे से जप्त कर चौकी लाया गया एवं मामला कायम कर विवेचना में लिया गया है। समस्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक नीरज साकेत, प्रधान आरक्षक संजय सिंह, आरक्षक प्रकाश सिंह एवं रविंद्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# सेवा दिवस के रूप में मनाई गई स्व. इंद्रजीत कुमार की जयंती



**सीधी।** पूर्व मंत्री एवं जन सेवक स्व. इंद्रजीत कुमार की जन्म जयंती सेवा दिवस के रूप में मनाई गई। उनके गृह ग्राम सुपेला में उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने सुबह से ही उनके चाहने वालों का तांता लगा रहा। नेता प्रतिपक्ष मध्य प्रदेश विधानसभा उमंग सिंगार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव सहित अनेक व्यक्तियों ने पूर्व मंत्री स्व. इंद्रजीत कुमार की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन वंदन किया। समाधि स्थल पर भक्ति गीतों के साथ आगंतुकों ने एकाग्र चित्त होकर सुना। सीधी, सिंगरौली, रीवा, शहडोल, सतना क्षेत्र सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों से उनके अनुयाई एवं उनसे जुड़े लोगों ने आकर समाधि स्थल पर उन्हें याद कर पुष्प अर्पित किए। लोगों ने उनके बताए रास्ते पर चलकर सेवा का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्रीमती विद्यावती पटेल, महामंत्रीए मप्र कांग्रेस कमेटी श्रीमती कविता पांडे, पूर्व विधायक श्रीमती सरस्वती सिंह, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत रीवा श्रीमती बबीता साकेत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवम कई रायों से चाहने वाले उपस्थित थे।

# स्मृति थकाती है और विस्मृति विश्राम देती है : स्वामी मैथिलीशरण



**सीधी।** रोली मैमोरियल में श्रीरामकिंकर प्रवचन माला की पांचवीं संध्या पर स्वामी मैथिलीशरण ने कहा . स्मृति थकाती है और विस्मृति विश्राम देती है, दिन पुरुषार्थ के लिए है और रात्रि विश्राम देती है। जीवन में त्याग और संग्रह की नहीं अपितु संतोष की आवश्यकता है। संतोष भगवान के चरणों में प्रेम और उपलब्ध काल, व्यक्ति और पदार्थ में भगवान की कृपा को माने बगैर नहीं होगा। श्री भरत चक्रवर्ती नहीं थे, विश्व विजेता नहीं थे, पर सारे चक्रवर्तियों और विश्वविजेताओं के निर्माता भगवान श्री राम को पाकर वे धन्य हुए। केवट, शबरी, अनेक ऋषि मुनि और कोल.भील केवल भगवान की कृपा को पाकर ही श्रीरामचरितमानस जैसे ग्रन्थ की जीवनी बन गये। यही वह शरणागति का स्वरुप है जो प्रस्थानत्रयी के तीन मार्गों के साथ एक और मार्ग बनाने वाला तुलसीदास जी महाराज का दीनता का घाट है। श्रीभरत इसी दीन घाट के प्रवर्तक हैं, जिसको भगवान राम के छत्र के नीचे खड़े होने का सौभाग्य मिला। श्रीरामचरितमानस में भरत जी ने और विनयपत्रिका में गोस्वामी तुलसीदासजी ने जितना वर्णन अपने दोषों का किया है उतने दोष दर्शन तो दूसरों के दोष निकालने वालों ने भी नहीं किए हैं। श्रीभरत श्रीराम के शील के आश्रय हैं तथा श्रीराम भरत प्रेम के आश्रय हैं। श्रीभरत वह कल्पवृक्ष हैं जिनकी कल्पना का आधार केवल भगवान की प्रसन्नता ही है। बुधवार की कथा में प्रमुख रूप से पण्डित केदारनाथ शुक्ल, कमलेश्वर द्विवेदी, चन्द्रमोहन गुप्त, कन्हैया सिंह, जवाहरलाल पाण्डेय, भागवत प्रसाद पाठक, डॉ.रामलला शर्मा, विष्णु पाण्डेय, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, बृजेन्द्र बहादुर सिंह, आलोक सिंह, राममणि शुक्ल, राममणि त्रिपाठी आदि सीधी के प्रबुद्ध श्रोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन लालमणि सिंह अधिवक्ता ने किया।

# समय संपादक पद्मधरपति पंच तत्व में विलीन

**सीधी।** समाचार पत्र समय के समूह संपादक पद्मधर पति त्रिपाठी का पार्थिव शरीर आज प्रयागराज के त्रिवेणी तट में पंच तत्व में विलीन हो गया। परिजनों, इष्टमित्रों की उपस्थिति में पुत्र कुशाग्र पति त्रिपाठी ने मुखाग्नि दी। विगत × मार्च को तमिलनाडु के निजी अस्पताल में दिवंगत पद्मधर पति पप्पू का शव कल शाम वायुयान से वाराणसी व तत्पश्चात सड़क मार्ग से देर रात जन्म भूमि सीधी पहुंचा था। दैनिक समय परिसर में रखे पार्थिव शरीर के दर्शनार्थ आज सुबह से ही उनके परिजनों, इष्टमित्रों, शुभ चिंतकों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को गहन दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की। सांसद राजेश मिश्रा, पूर्व सांसद मोतीलाल सिंह, अजय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री कमलेश्वर प्रसाद द्विवेदी, भाकपा जिला सचिव का. आनंद पाण्डेय, का.बद्री प्रसाद मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष देव कुमार सिंह, सहायक संचालक जनसम्पर्क मुकेश मिश्रा, सोमेश्वर सिंह, विजय सिंह, सचिन्द्र मिश्रा, नन्द लाल सिंह, आदित्य सिंह, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह सहित अन्यजनो ने स्वण् पद्मधर पति को पुष्पांजलि अर्पित की।

### शिवसेना युवा इकाई के सूरज पटेल बने युवा जिला महामंत्री

**सीधी।** शिवसेना युवा इकाई ने वीथिका भवन में एक बैठक आयोजित कर सैकड़ों युवाओं को सदस्यता दिलाई और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे की मौजूदगी में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा के नेतृत्व में सूरज पटेल को युवा जिला महामंत्री का कार्यभार सौंपा गया। सूरज पटेल को यह जिम्मेदारी शिवसेना जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह ने सौंपी।

# बीआरसी ने किया पांचवी आठवीं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा



**इमझिरा।** वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024 25 अब समाप्ति की ओर धीरे-धीरे बढ़ चला है, वही माध्यमिक स्तर पर भी बोर्ड परीक्षाएं लगभग अब समाप्ति की ओर अग्रसर हो चली है जहां विगत 1 मार्च को कक्षा पांचवी की बोर्ड परीक्षा समाप्त हो चुकी है वहीं आगामी 5 मार्च को कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा भी समाप्त हो जाएगी एवं 6 मार्च से लोकल कक्षा छठवीं सातवीं तथा तीसरी चौथी और पहली दूसरी की परीक्षा भी प्रारंभ हो जाएगी, विगत दिवस विकासखंड स्त्रोत संबंध में सुनील श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में बने कक्षा पांचवी एवं आठवीं के बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की स्थिति का जायजा लिया। बीआरसी महोदय ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक में बने सभी 35 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं शांतिपूर्वक संचालित कराई जा रही है इस बार प्रश्न पत्र भी बहुत सरल पद्धति से बनाए गए हैं जिससे छात्र-छात्राओं को पर्चा हल करने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी साहू, केंद्र अध्यक्ष ललित नायक, वरिष्ठ शिक्षक गोठल सिंह पटेल, राजेश शर्मा, पुष्पलता पटेल, हेमलता पटेल, जन शिक्षक कमलेश मेहरा, लखनलाल चौधरी आदि शिक्षक उपस्थित रहे, एवं परीक्षा कार्य में लगे सभी पर्यवेक्षकों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। वहीं परीक्षा केंद्र पर कक्षा आठवीं मैं सम्मिलित 215 बच्चों में से 6 बच्चे अनुपस्थित पाए गए अब जिनकी परीक्षाएं आगामी सत्र के पूर्व संचालित कराई जाएगी।

# तेन्दूए का सफल रेस्क्यू

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन



**धार।** 5 मार्च बुधवार को प्रात: एक तेन्दूए के कुए मे होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल परिक्षेत्र कुक्षी का वन अमला मौके पर पहुंचा। ग्राम भगाया बेगलियापुरा में धुंधरिया पिता खुमसिंह के 30 फीट गहरे कुए मे तेन्दुआ पाया गया। तेन्दूए की उम्र लगभग एक वर्ष है। कुए मे पानी कम ही था एवं कुए के अन्दर खोह मे तेन्दूआ सुरक्षित बैठा था। मौके पर घनी आबादी क्षेत्र नहीं होने से वनमण्डलाधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी सरदारपुर से मार्गदर्शन प्राप्त कर वन अमले ने स्थानीय व्यवस्था से छह खाटो को क्रम से बांधकर रेम्प तैयार किया जिसकी मदद से तेन्दुआ आसानी से सुरक्षित कुए से बाहर निकल गया। स्थानीय ग्रामीणो को पूर्ण हिदायत दी गई कि कुए से 100 मीटर दूर ही रहे। तेन्दूए के निकलने के पश्चात वनक्षेत्र की ओर रास्ता साफ रखा तथा आसपास से शोर कर तेन्दूए को वनक्षेत्र की दिशा दिखाई। इस रेस्क्यू आपरेशन में होशियारसिंह कन्नौजे वनपरिक्षेत्राधिकारी कुक्षी, केशरसिंह बघेल परिक्षेत्र सहायक डही, राधुसिंह सोलकी वनपाल, विशाल असाडे वनरक्षक, दिनेश अलावा वनरक्षक, राकेश तवर वनरक्षक, भेरूसिंह देवके वनरक्षक, राजेन्द्र नरगावा बनरक्षक, पुष्पेन्द्र चमका वनरक्षक, नानुराम अलावा वनरक्षक, बहादुरसिंह रणदा वनरक्षक, राहुल वाहनचालक, ग्राम पंचायत सरपंच एवं समिति सदस्य का सराहनीय योगदान रहा।

# पीएम इंटर्नशिप योजना अंतर्गत राजगढ़ जिले में इंटर्नशिप के 773 अवसर



बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ – पीएम इंटर्नशिप योजना अंतर्गत जिले में इंटर्नशिप के 773 अवसर है। जिसके दूसरे चरण में आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 है। योजना में उम्मीदवार की आयु 21 वर्ष से 24 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता 10 वीं या उससे उच्च हो और उम्मीदवार शिक्षा या रोजगार में पूर्णकालिक न हो। साथ ही परिवारिक आय 08 लाख से अधिक न हो एवं पहले एनएपीएस, एनएटीएस का लाभ न उठाया हो। इसकी अवधि 12 माह है एवं प्रतिमाह स्टाइपेंट 05 हजार रूपये एवं इंटर्नशिप प्रारंभ होने पर एकमुश्त राशि 06 हजार रूपये है। उक्त योजना का लाभ लेने के लिए नोडल अधिकारी श्री एम व्ही संतोष कुमार मोबाईल नं. 9827839073 को संपर्क किया जा सकता है। पंजीयन लिंक https://pminternship.mca.gov.in/login/ पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800116090 पर संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा बुधवार को जिले के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यों की बैठक लेकर ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। योजना अंतर्गत मध्य प्रदेश में ही 4000 से ज्यादा अवसर उपलब्ध हैं। भारत के सर्व श्रेष्ठ 4000 कंपनियों में मेंटरिंग प्राप्त करने का अवसर हैं।

# थाना कोतवाली निवाडी पुलिस द्वारा स्थाई वारंटी को गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी




पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अबैध जुआ शराव व स्थाई वारंटियो की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तारतम्य में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय निवाड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया निवाड़ी के दिशा-निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी निवाडी के कुशल मार्गदशर्न में माननीय न्यायालय श्रीमती पलक राय जेएमएफसी न्यायालय निवाड़ी के प्रकरण क्रमांक 181/2017 अपराध क्रमांक 136/2017 धारा 456 भादवि के 2000 रूपये के इनामी फरारी स्थाई वारंटी राजा उर्फ राशिद खान पिता इसराइल खान उम्र 26 वर्ष निवासी छोटी ताकिया मोहल्ला जतारा थाना जतारा जिला टीकमगढ़ (म0प्र0) निवासी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया आपको बता दें नरेंद्र सिंह परिहार थाना कोतवाली प्रभारी की कार्यशैली बड़ी ही सराहनीय है **इनकी रही अहम भूमीका :-**S.H.O. नरेन्द्र सिंह परिहार, बशी उल्लाह खान, आर0 राजकुमार पाल आर0 मनीष यादव आर0 वृजेश बघेल की महत्वपूर्ण भूमीका रही।

# शासकीय महाविद्यालय देवसर में विज्ञान उत्सव सप्ताह के दौरान हुए कई कार्यक्रम

केसरिया हिंदुस्तान बृजेश तिवारी



**सिंगरौली।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में शासकीय महाविद्यालय देवसर में विज्ञान उत्सव कार्यक्रम चल रहा है सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में सोमवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम के संबंध में डॉक्टर विद्या चरण द्विवेदी ने विद्यार्थियों को , विज्ञान उत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को तारों के जीवन चक्र सूर्य एवं उसके अंतरिक्ष मौसम तथा मानव जीवन के बारे में डॉक्युमेंट्री फिल्म के माध्यम से जानकारी दी गई जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हुए एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्वान डॉ. किरण दुबे डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय डॉ. शिखा सिंह एवं तकनीकी सहयोग कुलदीप कुमार, रंगलाल के द्वारा प्रदान किया गया उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल विज्ञान भवन मध्य प्रदेश द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# प्रहलाद पटेल के भिखारी वाले बयान पर कांग्रेस भड़की: टीकमगढ़ में कहा- 6 मार्च को प्रदेश भर में मंत्री का पुतला जलाएंगे, विधानसभा का घेराव होगा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो/मनोज सिंह

प्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के राजगढ़ जिले के सुठालिया में दिए भिखारी वाले बयान पर कांग्रेस भड़क गई है। कांग्रेस इसे लेकर 6 मार्च को प्रदेशभर में पटेल का पुतला जलाएगी। विधानसभा का घेराव किया जाएगा। बधवार को टीकमगढ में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अजीत सिंह भदौरिया ने कहा कि भाजपा नेता अहंकार में डूबे हैं।

भदौरिया ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। उन्होंने याद दिलाया कि चुनाव के समय प्रहलाद पटेल खुद वोट मांगने जनता के दरवाजे गए थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या देश के 27 करोड़ राशन कार्ड धारक और मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना की लाभार्थी भी भिखारी हैं?

कांग्रेस ने विरोध जताते हुए 6 मार्च को सभी जिलों में पुतला दहन का ऐलान किया है। इसके बाद किसान कांग्रेस विधानसभा का घेराव करेगी।

टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने भाजपा नेताओं पर जबरन वसूली और अवैध कारोबार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इन आरोपों पर कार्रवाई नहीं हो रही।



कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे, जिनमें जिला महामंत्री संजय नायक, प्रदेश सचिव सूर्य प्रकाश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष इसरार मोहम्मद, अनीस अहमद, राजीव जैन और कमरेंद्र व्यास शामिल थे।

**भाजपा ने महिलाओं से की वादा खिलाफी :** भदौरिया ने कहा कि भाजपा राज में जनता की बदहाली की भयानक तस्वीर सामने आई है। महिलाओं का अपमान कर उनका अधिकार छीनने की साजिश की जा रही है। सत्ता पाने के लिए लाड़ली बहना योजना के तहत 3000 रुपए देने का वादा करने वाली भाजपा ने लालच देकर उन्हें पहले 1,250 रुपए दिए। अब धीरे-धीरे योजना से अपात्र बताकर महिलाओं को वंचित किया जा रहा है। भाजपा सरकार उन्हें %भिखारी% बताकर उनका मनोबल तोड़ने में लगी है।

# सिवनी पुलिस की अवैध पशु तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

**कामता पटेल की रिपोर्ट, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**सिवनी।** थाना कोतवाली पुलिस ने 12 गौवंश को मुक्त कराया। थाना बंडोल पुलिस ने 04 गौवंश को मुक्त करा कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना घंसौर पुलिस ने 24 गौवंश एवं 16 नग पड़ा को मुक्त कराकर 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त कुल 05 वाहन जप्त किए गए। पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता ने जिले में अवैध गतिविधियों एवं पशु तस्करी में संलिप्त पशु तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त एसडीओपी एवं समस्त थाना प्रभारी को आदेशित किया गया है। इसी क्रम में रात्रि दिनांक 04/03/2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जीडी शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली, थाना बंडोल एवं थाना घंसौर के द्वारा पशु तस्करों के विरुद्ध सख्त कारवाइयां की गई।

**थाना कोतवाली :-**

दिनांक 03/03/25 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि नागपुर से तीन छोटे चारपहिया वाहन लखनादौन तरफ आये हुये है जो लखनादौन मुंगवानी तरफ से गौवंश भरकर सिवनी होते हुये नागपुर जायेंगे जो मामले को गंभीरता से लेते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा टीम गठित की गई। कोतवाली पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे पर मुखबिर लगाये गये एवं अलग अलग टीम द्वारा संदिग्ध वाहनो की रैकी की गई जो रात्रि में दो महिन्द्रा ङ्क्ष्ङ्क सफेद रंग की एवं मारूती कम्पनी की ग्रे रंग की स्ङ्क्ष4 वाहन आते दिखे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा वाहन रोकने की कोशिश की गई जो चालक द्वारा वाहन को अत्यधिक तेज गति से भगाने की कोशिश की गई, कोतवाली पुलिस द्वारा दोनो वाहनो को घेराबंदी एवं जाम लगाकर रोका गया जो दोनो वाहन के आरोपीगणो द्वारा बचने के लिए पगडंडी रोड पर खेत की तरफ वाहन को डाल दिया, अथक प्रयास उपरांत कोतवाली पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया जो सभी आरोपी अपने वाहनो को छोडकर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। दोनों वाहनों को जप्त कर 12 नग गौवंश को मुक्त कराया गया साथ ही फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

**सराहनीय कार्य :-**

निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि, रामअवतार डहेरिया, सउनि. देवेन्द्र जायसवाल, आरक्षक नितेश राजपूत, अमित रघुवंशी, प्रतीक बघेल, इरफानउद्दीन, अजय मिश्रा, सौरभ ठाकुर, मुकेश चौरिया।

**थाना बंडोल :-**

थाना प्रभारी बंडोल को प्राप्त सूचना पर ततपरता से कार्यवाही करते हुए बंडोल बायपास रोड एनएच 44 हाईवे रोड पर नाकाबंदी की गई जो वाहन चालक द्वारा अपने वाहन मारुति सुजुकी कार क्रमांक रू॥02 क्ष्ठ 8068 को चलाकर ह॥ 44 रोड से नागपुर तरफ भाग रहा था जिसे नाकाबंदी कर हिकमात्तमली से वाहन को रोका गया वाहन को चेक करने पर वाहन चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम इम्तियाज अहमद पिता फैयाज अहमद उम्र 25 साल निवासी मौलाना एजाजनगर लकड़गंज थाना नया थाना कामठी जिला नागपुर महाराष्ट्र एवं साथ में कार में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मुस्तफा अंसारी पिता मोहम्मद इकराम अंसारी उम्र 24 साल निवासी नूरानी मस्जिद थाना कामठी जिला नागपुर महाराष्ट्र का होना बताएं एवं वाहन में तीन नग गाय, एक नग बैल कुल चार गौवंश ठूस ठूस कर क्रूरता पूर्वक भरे हुए पाए गए जिन्हें नागपुर कत्ल खाना ले जाना बताएं। अपराध धारा सदर का पाए जाने से आरोपियों के विरुद्ध 4,6,9 मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 6,7 मध्य प्रदेश कृषि उपयोगी संरक्षण अधिनियम, 6(क),6(ख)(एक) मध्य प्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, धारा 11(1) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 281 ब्र्हस्,184 मोटर व्हीकल एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।



**सराहनीय कार्य :-**

थाना प्रभारी उप निरीक्षक अर्पित भैरम,एएसआई जसवंत सिंह ठाकुर,एएसआई राजेंद्र नागवंशी,,स्ढ्ढ देवेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक अमर उईके, आरक्षक नीरज राजपूत, राहुल कुशवाहा सैनिक दशाराम भलावी,डायल 100 वाहन पायलट दिनेश चंद्रवंशी।

**थाना घन्सोर :-**

दिनांक 04/03/2025 को मुखबिर सूचना मिली की गोटेगांव तरफ से कहानी के अंदर वाले जंगल के रास्ते से होते हुए महाराष्ट्र नागपुर कत्ल खाना गौवंश को अवैध रूप से कत्ल करने क्रूरता पूर्वक ट्रक क्रमांक स्ब्क्र20ंक्र3319 एवं ट्रक क्रमांक स्ब्क्र09त्तस्न4376 में ठूस ठूस कर गौवंश को परिवहन किया जा रहा है।

अवैध गौवंश परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर सूचना पर मौके पर पुलिस टीम रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा मंडला नाका घन्सोर में नाकाबंदी किया एंव ट्रक क्रमांक स्ब्क्र20ंक्र3319 को चेक करने पर एक नग गौवंश का बछडा एंव 16 नग भैस बोदा ट्रक के डाले मे लोहे के कडे से रस्सी से क्रूरता पूर्वक बंधे थे जिन्हे बंधन मुक्त कराया गया एंव आरोपी (1) मुनव्वर खान पिता सरीफ खान उम्र 50 साल निवासी निरंजन वॉर्ड गाडरवाडा जिला नरसिंहपुर, (2) ब्रजमोहन पिता रेवाराम कौरव उम्र 51 साल निवासी चिचली (3) ब्रजेश पिता भरत राजपूत उम्र 35 साल निवासी बनवारी पाली थाना साईखेडा जिला नरसिंहपुर (4) रघुवीर पिता गयाप्रसाद कौरव उम्र 65 साल ग्राम चिचली जिला नरसिंहपुर से एक नग गौवंश का बछडा एंव 16 नग भैस बोदा के गौवंश परिवहन करने के संबंध मे वैध दस्तावेज पूछने पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किया तथा ट्रक क्रमांक स्ब्क्र09त्तस्न4376 में 23 नग गौवंश बैल (नाटा) ट्रक के डाले मे लोहे के कडे से रस्सी से क्रूरता पूर्वक बंधे थे आरोपीगण (1) नरेश सिलावट पिता रामचरण सिलावट उम्र 30 साल निवासी आजाद वार्ड बैल बाजार गोटेंगांव थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर (2) प्रियांश पिता विजय सिलावट उम्र 21 साल निवासी इमलिया थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर (3) सीताराम चौधरी पिता बेनीसिंह चौधरी उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मुहास थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर के द्वारा गौवंश परिवहन करने के संबंध मे वैध दस्तावेज पूछने पर कोई दस्तावेज पेश नही किया जिससे उक्त सभी आरोपीगणो का कृत्य मवेशी को क्रूरता पूर्वक ट्रक में भरकर अवैध रूप से परिवहन करना पाये जाने पर उक्त आरोपीगण से ट्रक एंव मवेशी को जप्त किया गया।तथा सभी आरोपीगण गण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 73/2025 धारा 4,6,9 म.प्र. गौ वंश प्र.अधि., 6,7 कृ.उप.सं.अधि., 6 (क), 6 (ख) (1) कृ.प.परि.अधि., 11(1) (घ) पशु क्रूरता अधि., 66/192 मो.व्ही. एक्ट एवं अपराध क्रमांक 74/2025 धारा 4,6,9 म.प्र. गौ वंश प्र.अधि., 6,7 कृ.उप.सं.अधि., 6(क), 6(ख) (1) कृ.प.परि.अधि., 11(1) (घ) पशु क्रूरता अधि., 66/192 मो.व्ही. एक्ट का पंजीबद्ध किया गया।

# मध्य प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

## हमारा लक्ष्य है कि किसान सिर्फ अन्नदाता न रहे, बल्कि वह समृद्ध भारत का निर्माता बने शशांक भूषण

**श्योपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में जिला कार्यालय शिवपुरी रोड श्योपुर पत्रकार वार्ता संपन्न हुई, इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने किसान हितैषी निर्णय लिया है जो गेहूं एवं धान उत्पादक किसानों को बड़ा तोहफा गेहूं की एमएसपी (2,425/क्विंटल) से अधिक 2,600 प्रति क्विंटल की दर से खरीद। धान उत्पादक किसानों को 2,000 प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि । 1.88 लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया। डेयरी एवं सौर ऊर्जा से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना दूध खरीद पर बोनस देने का निर्णय। किसानों को सोलर पंप प्रदान कर सिंचाई में आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। केंद्र सरकार की मदद से किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा में वृद्धि KCC लोन की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 15 लाख कर दी




गई, जिससे 65.83 लाख किसानों को लाभहोगा। PM किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त 24 फरवरी को जारी की गई, जिससे 9.8 करोड़ किसानों को 22,000 करोड़ से अधिक की सहायता मिली।

**धन-धान्य कृषि विकास योजना :-**

देश के 100 कृषि पिछड़े जिलों का चयन, जहां किसानों को बिजली, पानी, सड़क एवं अन्य सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा।

कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक बजट वृद्धि 2014 में कृषि बजट 21,000 करोड़ था, जो अब 1.27 लाख करोड़ हो चुका है। बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात शुल्क हटाया, प्याज निर्यात शुल्क 40त्न से घटाकर 20त्न किया, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

**फसल बीमा योजना और एमएसपी पर बड़ा फोकस :-**

1.72 लाख करोड़ रुपये किसानों को फसल बीमा योजना के तहत प्रदान किए गए। एमएसपी पर 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक की फसल खरीदी, जिसमें गेहूं, धान, कपास, दलहन और तिलहन प्रमुख हैं।

किसानों के लिए सब्सिडी और सस्ती खाद की व्यवस्था 12 लाख करोड़ की उर्वरक सब्सिडी ।

भारत में सबसे सस्ता यूरिया 270 प्रति बोरी, जबकि अन्य देशों में यह हजारों रुपये में उपलब्ध है।

**जल संरक्षण एवं सिंचाई का विस्तार :-**

2003 में सिंचित भूमि 7 लाख हेक्टेयर थी, जो अब बढ़कर 46 लाख हेक्टेयर हो गई है।

जल संरक्षण के लिए स्टॉप डेम और छोटे-बड़े तालाबों का निर्माण जारी है।

**प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा :-**

75,000 किसानों को प्राकृतिक कृषि अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कोदो, कुटकी एवं अन्य मोटे अनाज की खरीद को प्राथमिकता दी जा रही है।

बिजली क्षेत्र में सुधार और किसानों को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना 2003 में बिजली उत्पादन क्षमता 4,720 मेगावाट थी, जो अब 23,788 मेगावाट हो गई है। अन्नदाता को ऊर्जा दाता बनाने की योजना पर काम जारी।

**टमाटर/प्याज/आलू के बेहतर दाम सुनिश्चित करने के प्रयास :-**

सरकार किसानों की उपज को राज्य के अन्य शहरों एवं दिल्ली-मुंबई जैसे बड़े बाजारों तक ट्रांसपोर्ट करने का खर्च उठाएगी।

**पशुपालकों के लिए विशेष योजना :-**

100 करोड़ से अधिक के FMD (खुरपका-मुंहपका) टीके लगाए जा रहे हैं ताकि पशुओं को बीमारियों से बचाया जा सके।इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट, किसान मोर्चा अध्यक्ष जगदीश नागर, सुमेर सिंह जादौन एवम मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़, जिले के पत्रकार साथी आदि उपस्थित रहे।

# गोवंश के हत्यारों का जुलूस निकालने पर बजरंग फोर्स ने किया थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम का स्वागत

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेशवर्मा**



**घट्टिया।** बजरंग फोर्स मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं ने गोवंश के हत्यारों का जुलूस निकालेने पर बुधवार को पुलिस थाना घट्टिया परिसर में थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया,उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंह अलावा,अलकेश डांगे सहित पुलिस थाना टीम का शाल, दुपट्टे,मालाओं से स्वागत किया।

स्वागत के साथ ही प्रसंशा पत्र भी थाना प्रभारी को सौंपा।

बजरंग फोर्स के दीपेंद्र संकथ ने बताया कि थाना घट्टिया पुलिस द्वारा बहुत ही उत्कृष्ट कार्य करते हुवे सराहनीय कार्य किया है पूरा पुलिस स्टॉफ बधाई का पात्र है कुछ दिन पूर्व जेथल टैंक के पास कुछ लोग एक गोमाता और केड़े को हथियारों के साथ मारने वाले थे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के मौके पर पहुंचने पर भाग निकले।

पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को दबोचा और उनका जुलूस भी निकाला जिससे क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह है व क्षेत्रवासियों ने पुलिस की प्रशंसा करते हुवे हर्ष व्यक्त किया है।

बजरंग फोर्स के दीपेंद्र संकथ,सुनील नायक,अजय संकथ,रितेश शर्मा,किशन शर्मा, अभय,शिवम थावलिया, दीपक सोनी,रोहित पटवारी,चेतन कछावा, राजेश नायक,राजकुमार मालवीय,नीलेश मालवीय,कमल कछावा, आयुष,धीरज कछावा, ईश्वर बेस सहित कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# आज ब्लॉक कॉंग्रेस बंडा द्वारा बरा चौराहा पर सभा कर सौपा ज्ञापन



नगर मे भारी जल संकट एवं सफाई न होने तथा सी सी निर्माण अधूरे पडे है के विरोध मे कांग्रेस जन ने बरा चौराहा पर आम सभा कर आक्रोश व्यक्त किया जिसमे उपस्थित कांग्रेस नेता जिनमे पूर्व विधायक तरवर सिंह द्वारा नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए बताया कि नीचे से ऊपर तक भा ज पा की निकम्मी सरकार है नगर के लोग पानी के लिए परेशान हो रहे है नो दिनो मे अपर्याप्त एवं गंदा जल प्रदाय किया जा रहा है पूर्व केंद्रीय मंत्री मध्य प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटैल द्वारा जनता को भिखारी कहने पर आपत्ति की अन्य कांग्रेस जन ने भी अपने विचार व्यक्त किए संतोष सराफ रणवीर सिंह दाउ अशोक सिंह डी पी मिश्रा ईश्वरीय प्रसाद शुक्ला रग्गीराम चढार बृजेंद्र मिश्रा कुंजबिहारी पटैल श्रीकांत सराफ सतीश यादव वीरेंद्र सिंह सरपंच देवप्रशांत सिंह भूपेंद्र सिंह सिगदोनी लक्ष्मण सिंह बरा नितिन वाजपेई धर्मेन्द्र सिंह सुरेन्द्र लोधी प्रशांत मिश्रा रानू मिश्रा पी डी तिवारी गौरव जैन राकेश जैन पडवार समीर भाईजान संतोष यादव दीनू घुरैया जयराम यादव गिरीश विश्वकर्मा के के रावत दिनेश अजय सिंह रुपेश यादव कल्याण सिंह रामराज सिंह परम सिंह नीलेश सिंह कविता अहिरवार भगवान सिंह एवं कांग्रेस कार्याकर्ता आम जन के साथ सिर पर खाली मटके रखकर नगर परिषद पहुचे मटके फोड़कर अपना आक्रोश व्यक्त कर सी एम ओ को ज्ञापन सौपा संचालन अशोक पापेट एवं आभार एड.भूपेन्द्र सिंह राजपूत अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस द्वारा किया गया।

# भक्ति का सिंगाजी न घणा रस्ता बताया, खेती खेड़ो हरि नाम की ई संदेशा गाया : पारस बिर्ला

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा**

**सनावद।** म.प्र संस्कृति विभाग साहित्य परिषद द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री रेवा गुर्जर धर्मशाला में संत श्री सिंगाजी की स्मृति में आयोजन हुआ जिसमें देश के जाने माने कवियों ने रचनापाठ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म श्री जगदीश जोशीला जी थे जिन्होंने हिंदी और निमाड़ी भाषा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। श्री जोशीला ने सनावद को




साहित्यिक और सांस्कृतिक नगरी बताते हुए देश में हिंदी और निमाड़ क्षेत्र में निमाड़ी भाषा को सहेजने और इसका व्यापक प्रचार प्रसार कर इन भाषाओं का गौरव बढ़ाने के किए देश व क्षेत्र वासियों से आह्वान किया। कवि सम्मेलन के प्रारंभ में सु श्री शीतल सिंह राघव ने संत सिंगाजी पर व्याख्यान देते हुए उनकी महिमा का वर्णन किया। उभरते युवा कवि व गीतकार पारस बिर्ला बड़ूद ने निमाड़ी व हिंदी में संत सिंगाजी,संत सियाराम बाबा के भजन व कविताएं गाकर तालियाँ बटोरी। कवि डॉ रमेश शर्मा धुंआधार बुरहानपुर,अतुल व्यास ज्वाला देवास व असीम शुक्ला रीवा ने अपने हास्य व्यंगों से सबको गुदगुदाया। कवियत्री तृप्ति मिश्रा महू,आरती गोस्वामी देवास,मुस्कान राज इंदौर और रिया मोरे इंदौर ने अपनी कविताओं से शमां बाँधा। प्रसिद्ध मंच संचालक कृष्पालसिंह ने कवि सम्मेलन का शानदार संचालन करते हुए अपनी कविताओं व व्यंगों के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया।आयोजन में मातृभाषा उन्नयन संस्थान की ओर से अर्पण जैन इंदौर ने पद्मश्री जगदीश जोशीला,विधायक सचिन बिर्ला,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इन्दर बिर्ला, समाजसेजी अनिल चौधरी, डॉक्टर कमलेश चौधरी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल चौधरी ने किया व आभार अर्पण जैन ने माना। इस अवसर सनावद सहित आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों श्रोता उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया

**दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**मंडलेश्वर।** आगामी नेशनल लोक अदालत का आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर मण्डलेश्वर से प्रचार वाहन को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वरअखिलेश जोशी द्वारा हंरी झण्डी दिखाकररवाना किया गया। इसके पश्चात प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायालय के सभागृह में दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें न्यायालयीन लंबित प्रकरणों में से राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, सिविल मामले, पारिवारिक विवाद, कुटुम्ब न्यायालय के मामले, मोटर दावा




प्रकरणों के निराकरण हेतु अधिवक्ताओं से चर्चा की गई।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष अखिलेश जोशी द्वारा अधिवक्ताओं से कहा कि नेशनल लोक अदालत में विभिन्न राजीनामा योग्य प्रकरणों को निपटारे का एक बेहतर माध्यम है। लोक अदालत में सभी अभिभाषक अपना सहयोग दे, जो प्रकरण राजीनामा योग्य है, उसका निपटारा लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता हैं। इस दौरान विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी नेशनल लोक अदालत मोहम्मद मूसा खान एवं तृतीय जिला न्यायाधीश मसूद एहमद खान ने अधिवक्ताओं से कहा कि लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों के निराकरण में आने वाली समस्याओं के लिए सुझाव दिये एवं लोक अदालत को सफल बनाने में सबके सहयोग की बात कही गई। अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ कार्तिक जोशी द्वारा नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण करने में सभी अधिवक्ताओं के सहयोग देने की बात कही गयी। कार्यक्रम का आभार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर प्रीति जैन ने किया। उक्त बैठक में श्रीमती मैरी मार्गेट फ्रासिंस डेविड, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मण्डलेश्वर, चतुर्थ जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, प्रथम जिला न्यायाधीश भगवानदास राठौर, द्वितीय जिला न्यायाधीश दीपक चैधरी, न्यायाधीश महेन्द्रसिंह, शिवांगनी भट्ट, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ मण्डलेश्वर कार्तिक जोशी, सचिव, अधिवक्ता संघ अजय कुमार वर्मा एवं अधिवक्तागण जी.डी.अग्रवाल एस.एल.यादव, सी.एस. शर्मा, सौरभ कुशवाह, रूपेश शर्मा, निशा कौशल, अन्य अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालेन्टियर दुर्गेश राजदीप एवं जोजू एम आर उपस्थित रहे।

# हर्निया का सफल ऑपरेशन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान, (राजेंद्र सिंह यादव रायसेन )**



आरबीएसके की मोबाइल स्वास्थ्य टीम द्वारा भ्रमण के दौरान ग्राम दिलहारी ब्लॉक सिलवानी में जांच के दौरान एक बालक फैजान पुत्र मजीद मंसूरी उम्र 6 वर्ष को हर्निया की बीमारी पाई गई। सिविल अस्पताल सिलवानी में प्राथमिक जांच जैसे खून आदि जांच कराने के बाद फैजान को तत्काल जिला अस्पताल रायसेन रेफर किया गया। इसके बाद जिला अस्पताल रायसेन की आरबीएसके टीम की मदद से जांच के बाद फैजान को तत्काल हर्निया के ऑपरेशन के लिए लाहोटी अस्पताल भोपाल भेजा गया। जिला अस्पताल रायसेन के चिकित्सक डॉ. मनोज नामदेव, डॉ. आरजू यादव एवं फार्मासिस्ट योगेन्द्र सिंह राजपूत तथा आरबीएसके टीम सिलवानी के संयुक्त प्रयास से फैजान का हर्निया का ऑपरेशन सफल रहा। ऑपरेशन के बाद बालक पूर्ण रूप से स्वस्थ है तथा बालक के परिजनों ने टीम का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# आदिवासी वोटो में दम धार्मिक कार्य पूनम की याद आई नेताओं को

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

गोंड समाज महासभा मप्र के तत्वावधान में फड़ाफेन ठाना समिति पुष्वार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कोयापुनेम के संचालक पुनेमाचार्य देवदास उइके पांच दिन तक कोयापुनेम के सगा समाज तक पहुचाने के लिए अपना वक्त दिए कोयापुनेम को संरक्षित में जाने तो हमारे कोया वंशीय गोंड सगा समाज में कोया पुनेम से संबंधित जो कथासार एवं किवदंतियाँ मुहजबानी प्रचलित है, उस आधार पर कोया पुनेम की संस्थापना कब और कौन से युग में की गई हैं, इसका हम मोटे तौर पर अनुमान लगा सकते है. कोया पुनेम कथासारों से इस पुनेम की संस्थापना पारी कुपार लिंगो ने शंभूशेक युग में की है, ऐसी हमे जानकारी मिलती है।

प्राचीन काल में कुपार लिंगों कोया पुंगार हमारे गोंड समाज में पैदा हुआ और कोया वंशीय गोंड सगा समाज का प्रणेता एवं कोया पुनेम का संस्थापक बना, उसका सविस्तार जीवन चरित्र तथा उसके द्वारा प्रस्थापित किए गए कोया पुनेम और सगा सामाजिक तत्वज्ञान की जानकारी आज हमारे समाज में व्याप्त है, कोया पुनेमी नीति, सिद्धांत एवं सगायुक्त सामाजिक तत्वज्ञान की जानकारी आज भी हमारे समाज में मुहजबानी प्रचलित है, फिर भी उस ओर हमारे समाज के लोग असीम उदासीनता दर्शाते हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है. सगा समाजिक तथा धार्मिक तत्वज्ञान इतना उच्च कोटि के मूल्यों से परिपूर्ण है।

कोयापुनेम गोंडियन समुदाय को जीवन जीने के लिए प्राकृतिक व्यवस्था को आत्मसात करने के लिए सिखाता है, प्रकृति के नियमों अनुसार गोंड समुदाय की व्यवस्था है जिसका पालन करते हुए व समुदाय की पुरखा परम्पराओं आने वाली पीढ़ी तक हस्तांतरण करने के लिए इस प्रकार के आयोजन किया जाता है जिससे आने वाली पीढ़ी को प्रकृति व्यवस्था, गांव व्यवस्था, पुरखा संस्कृति, रूढ़ी प्रथा व गोंडी नेंग सेंग मिजान को जान सके गोंडी भाषा, गोंडी रेला पाटा, हनुंम पंडुम को समझ सकें।



इस पांच दिवसीय गोंडी कोयापुनेम के आखिरी दिन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति से और भी देकर और भी खास बना दिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप गोंड समाज महासभा मप्र के प्रदेश अध्यक्ष बी एस परतेती, नीलमणि शाह राजपरिवार देवरी जागीर, कुंवर धर्मवीर सिंह राजपरिवार चुनेटिया, जे एस धुर्वे प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, संजू वाडीबा प्रदेश अध्यक्ष गोंडी भाषा संस्कृति प्रकोष्ठ, डॉ अंजना सिंह मर्सकोले प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ व सिलवानी विधानसभा के माननीय विधायक देवेन्द्र पटेल, माननीय पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह व गोंड समाज महासभा मप्र के सागर संभागीय अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह उइके , नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जितेन्द्र उइके एवं सिवनी, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, भोपाल आदि जिलों के सगा समाज शामिल हुए।

**गोंडी कोयापुनेम का समापन :-**

गोंड समाज महासभा मप्र के तत्वावधान में आयोजित गोंडी कोयापुनेम के समापन के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बीएस परतेती ने समुदाय को संबोधित करते हुए महासभा के संचालन के उद्देश्य और गोंड समाज महासभा मप्र के अलग अलग विंग्स कैसे समुदाय के सगा साथियों तक भाषा संस्कृति व परम्पराओं को संरक्षित करने व पुनः स्थापित करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष जे एस धुर्वे, संजू वाडीवा प्रदेश अध्यक्ष गोंडी भाषा संरक्षण संवर्धन प्रकोष्ठ, डॉ अंजना सिंह मर्सकोले प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, जितेंद्र सिंह उइके* जिला अध्यक्ष जिला नर्मदापुरम, बैजनाथ सिंह इवने अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, विनोद कुमार मरकाम जिला सचिव जिला रायसेन, सेहत लाल सरूते सह सचिव जिला सिवनी, भूपेंद्र सिंह उइके महुआ खेड़ा जिला उपाध्यक्ष नर्मदा पुरम, विनोद परते जिला संगठन मंत्री नर्मदा पुरम, कैलाश धुर्वे जिला उपाध्यक्ष नर्मदा पुरम, गंगाराम परते जिला ब्लाक उपाध्यक्ष बनखेड़ी, जीएस मर्सकोले निरीक्षक लोकायुक्त विभाग भोपाल, प्रहलाद सिंह उइके संभागीय अध्यक्ष सागर, कैलाश मसकोले एवं जिला कमेटी सागर, नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जितेन्द्र उइके, सिवनी जिले से उगली सेक्टर अध्यक्ष सहत लाल सरुते, सागर जिले से बड़ादेव पेन ठाना बड़तूमा से कैलाश मर्सकोले, रायसेन जिला अध्यक्ष सुनील कुमार उइके जिला कार्यवाहक अध्यक्ष धर्मदास इमने, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव संतोष उइके, नरसिंहपुर जिला उपाध्यक्ष शोभाराम ठाकुर, संदीप कुमार ठाकुर सहित भोपाल ,नर्मदापुरम ,रायसेन, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, सागर जिलों से संगठन के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि व क्षेत्र के गोंडियन सगा समाज उपस्थित रहे।

# विधायक सतीश मालवीय ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ हॉस्पिटल की भूमि एवं निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल के कार्यों का किया निरीक्षण

## करोड़ों रुपए की सौगात देने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक के प्रति जताया आभार

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**घट्टिया।** विधायक सतीश मालवीय ने घट्टिया तहसील मुख्यालय पर बुधवार को 38 करोड़ 50 लाख की लागत से निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल एवं 9 करोड़ 95 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमि का निरीक्षण किया। विधायक सतीश मालवीय ने घट्टिया क्षेत्रवासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात दी जोकि 9 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से बनेगा। साथ ही विधायक मालवीय ने घट्टिया में नवीन सीएम राइज स्कूल की भी सौगात दी जोकि 38 करोड़ 50 लाख की लागत से निर्माणाधीन है। बुधवार को विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के दौरान तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निर्माणाधीन सीएम



राइज स्कूल के निरीक्षण के दौरान कॉलोनीवासियों ने नाली की समस्या से विधायक को अवगत करवाया जिस पर विधायक ने तत्काल अधिकारियों से बात कर समस्या हल करने के निर्देश दिए। विधायक सतीश मालवीय ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को हल करने के लिए निर्देशित किया।

जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन होगा। मौके पर मौजूद क्षेत्रवासियों ने करोड़ों रुपए की सौगात देने पर विधायक सतीश मालवीय के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला मीडिया प्रभारी गोविन्द शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक जी द्वारा क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपए की कई सौगातें दी है घट्टिया में 39 करोड़ की लागत से सीएम राइज स्कूल बनने से घट्टिया सहित आपस क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी ये सौगात शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी है बच्चों को निशुल्क शिक्षा मिलेगी साथ ही घट्टिया में 10 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी बनेगा यह अस्पताल क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़,एसडीएम राजाराम करजरे,जनपद सीईओ गुमानसिंह मुजाल्दे,तहसीलदार प्रकाश परिहार,बीएमओ डॉ अनुज शाल्या,थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया,शैलेंद्र सिंह अलावा,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ भगवानसिंह पंवार,भाजपा नेता अब्दुल वहाब खान,नारायण बोरमुंडला,ताजपुर मंडल अध्यक्ष अजय जोशी,विश्रामसिंह कराडा,गणेश पटेल,दिगपाल सिंह कुमारड़ी,गोविन्द शर्मा,नरेंद्र तोमर,सरपंच यशवंत मालवीय, लाला बना, मंगलसिंह,मूलचंद पाटीदार, मोकम सिंह,योगेश पटेल,प्रेम राठौर,मनोज राठौर,अक्षय गर्ग,पंकज रावल,कान्हा बना,कालूराम मालवीय, लाखनसिंह,संदीप भभुतिया,मनीष पाटीदार,दीपक भाट,दुर्गेश मालवीय,विजय मालवीय,कैलाश कछवा,हिंदू मालवीय,जीवन मालवीय,हित प्रशासनिक अधिकारी,जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# सभी त्योहारों को समरसता, सौहार्दपूर्ण एवं भाइचारे के साथ मनाएं : कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी**

कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आगामी त्योहार एवं जयंती के आयोजन के उपलक्ष्य में त्योहारों एवं जयंती को सौहार्दपूर्ण, भाइचारे एवं शांति के साथ मनाए जाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि आगामी त्योहारों एवं जयंती को सभी सौहार्दपूर्ण एवं भाइचारे के साथ मनाएं। 13 मार्च रात्रि होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन का स्थान सुनिश्चित किया जाये जिसमें विद्युत तार एवं अन्य किसी प्रकार का नुकसान ना हो। होलिका दहन के लिए हरे भरे पेड़ों को ना काटें। 14 मार्च को होली खेली जाएगी। होली के त्योहार पर बड़े उत्साह के साथ होली खेली जाती है, उसी दिन जुम्मे की नमाज रहेगी सभी इस बात



का ध्यान रखें कि किसी मुस्लिम भाई पर रंग ना जाए, इस हेतु नगर में पुलिस बल नमाज के समय उपस्थित रहेगा। 16 मार्च को भाईदूज रहेगा, इस दौरान भाई-बहनों का आना जाना होता है, यह ध्यान रहे कि किसी राहगीर पर रंग ना जाए। 30 मार्च को गुडी पड़वा / चैती चांद का त्योहार रहेगा। 31 मार्च को ईद-उफ-फितर रहेगा। 6 अप्रेल को रामनवमी, 10 अप्रेल को महावीर जयंती, 14 अप्रेल को डां. अम्बेडकर जयंती, इसके बाद गुड़ फ्राइडे एवं 30.04.2025 दिन बुधवार को अक्षय तृतीया /परशुराम जयंती रहेगी।

बैठक में कलेक्टर श्री जांगिड़ ने त्योहार एवं जयंती के मनाए जाने के संबंध में नगर में साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति, जल आपूर्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जयंती अवसर के आयोजन एवं रैली को लेकर कहा कि संबंधित रैली आयोजक ध्यान रखें कि आयोजन की मर्यादा, कानून व्यवस्था एवं नगर की शांति भंग ना हो। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नियमानुसार करें। उन्होंने तालाबों एवं नदियों पर बचाव दल के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# अनुभूति शिविर की तर्ज पर विशेष शिविर का आयोजन

**केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन**

**धार।** 5 मार्च वनपरिक्षेत्र बाग मे भूविज्ञान के विद्यार्थियो हेतु अनुभूति शिविर की तर्ज पर मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे शासकीय होल्कर (आदर्श स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय इन्दौर के भूविज्ञान विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. अवधेश कांत सोनी सहायक प्राध्यापक, डॉ. पारूल पाण्डे सहायक प्राध्यापक, कामता प्रसाद भूरतिया सहायक प्राध्यापक, डॉ. लालसिंह सोलंकी सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। शिविर मे डायनासौर फासिल पार्क बाग के गठन, लक्ष्य एवं उपयोगिता से अवगत कराया गया। शासकीय होल्कर (आदर्श स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय इन्दौर के भूविज्ञान विभाग के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओ को डायनासौर फासिल पार्क के अधिसूचित क्षेत्र मे भ्रमण कराया



गया। पार्क मे संग्रहित फासिल एवं विभिन्न प्रकार की चट्टानो को दिखाया। पार्क मे 650 करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म को अध्ययन की दृष्टि से संग्रहित किया गया है, जिसमे डायनासौर के अण्डे, घौसले, शार्क मछली के दांत एवं हड्डिया, शीप एवं घोंघे, समुद्री जीवो के अवशेष तथा वृक्षो के फासिल भी उपलब्ध है। भूविज्ञान विभाग प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओ ने जीवाश्मो का बारीकी से अध्ययन किया। उनके फोटो लिये एवं आपस मे विचार विमर्श कर उनकी पहचान सुनिश्चित की। विद्यार्थियो मे भारी उत्साह देखा गया। धूप मे भी कई घण्टो तक विद्यार्थियो ने पार्क का भ्रमण किया।

शिविर को सर्वप्रथम अशोक कुमार सोलंकी वनमण्डल अधिकारी धार द्वारा संबोधित किया गया। वनमण्डलाधिकारी धार द्वारा शिविर का उद्देश्य, पार्क के गठन के उद्देश्य एवं उपयोगिता का संदेश दिया। संतोष कुमार रनशोरे उपवनमण्डल अधिकारी सरदारपुर ने शिविर मे डायनासौर फासिल पार्क बाग का भ्रमण कराया एवं पार्क मे उपलब्ध जीवाश्मो की जानकारी देते हुए विद्यार्थियो से शोध कार्य हेतु क्षेत्र की उपलब्धता को बताया।

# बजरंग दल के शौर्य कुंभ का आयोजन इंदौर में होगा

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**सनावद।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की सनावद प्रखंड बैठक स्थानीय शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित की है।बैठक में विहिप बजरंग दल के आगामी 16 मार्च को त्रिशूल दीक्षा एवं 29 मार्च को बजरंग दल शौर्य कुंभ की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में विभाग संयोजक जितेंद्र राठौर,राजा चौरसिया,जिला मंत्री नितिन करड़क ने कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। सभी कार्यकर्ता त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपने क्षेत्र से खंड स्तर तक आएंगे। बस्ती व खंड स्तर पर कार्यक्रम 16 तथा 17 मार्च को किया जाएगा और कार्यकर्ताओं को गणवेश की टी शर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात 29 मार्च को इंदौर में सभी कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण (कुंभ) होगा।

## नवानगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# ताश के पत्तो के साथ हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले 23 आरोपियों से 16 मोटरसाइकिल सहित नगदी 146700 रुपए व कुल 16 मोटरसाइकिलो की कीमती करीबन 13,53,300 रुपए एवं कुल 15 लाख रुपए का मशरुका जप्त किया गया

**केसरिया हिंदुस्तान बृजेश तिवारी**

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक सिंगरौली- मनीष खत्री एवं ,स्क सिंगरौली- शिवकुमार वर्मा के कुशल निर्देशन एवं ष्टस्कविंध्यनगर- पी0एस0परस्ते के मार्गदर्शन पर नवानगर थाना प्रभारी डॉ0 ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी। आपको बता दे कि- दिनांक 2 मार्च 2025 को *मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि- ग्राम माजन खुर्द में खले स्थान में करीबन 20 से 25 की संख्या में लोग ताश पत्ते से रूपए पैसे की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं, सूचना की तस्दीक हेतु नवानगर थाना प्रभारी डॉ0 ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा स्वयं पुलिस टीम का नेतृत्व करते हुए, थाना नवानगर, पुलिस लाईन तथा थाना बैढ़न थाना



विंध्यनगर से बल लेकर साक्षियों सहित मौके से जाकर तस्दीक किया गया, जो माजन खुर्द में खुले खेत के बीचो-बीच करीबन 25 से 30 लोग इकट्ठा दिखे, जो पुलिस की 04 टीम बनाया जाकर चारों तरफ से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई, जो जुआं खेल रहे लोग भागने का प्रयास किए, जिन्हें पुलिस के द्वारा पकड़ कर ताश के पत्ते से रूपए पैसे की हार जीत की बाजी लगाकर, जुआं खेलने वाले कुल 23 आरोपियों को पड़कर आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से नगदी रकम 1,46, 700 ताश के 52 पत्ते, सिगरेट, गुटखा, सहित 16 नग मोटरसाइकिल, मोटर साइकिलों की कीमत करीबन 13 लाख 53300 कुल कीमती करीबन 15 लाख का जप्त कर, थाना नवानगर में अपराध क्रमांक 36/2025 धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

ज्ञात हो कि- मौके का फायदा उठाकर 01 आरोपी भागने में सफल रहा पकड़ी गई, 16 मोटरसाइकिलों में से 07 मोटरसाइकिलों के मालिकों का पता नहीं चल सका है, जिनके मालिकों के मिलने पर जुआ खिलाने/ खेलने वाले अन्य आरोपियों के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**सराहनीय भूमिका :-**

थाना प्रभारी नवानगर निरीक्षक डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह, वीरेंद्र त्रिपाठी ,रामसुख यादव ,रविंद्र सिंह, राजा ठाकुर ,पुलिस लाइन सिंगरौली से सूबेदार आशीष तिवारी व अन्य पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा ।

# अच्छे भाव तथा मेहनत की कमाई से बना भोजन करने से मन, बुद्धि, चित्त सही रहते हैं : बाबा उमाकान्त जी महाराज

उज्जैन परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने सतसंग में बताया कि बुद्धि बनती कैसे है, बुद्धि किस तरह से भ्रष्ट होती है और किस तरह से अच्छी रहती है। बाबा जी ने कहा देखो प्रेमियों! जो चीज आप लोग खाते हो उसी का खून बनता है। खून पूरे शरीर में फैलता है और उसी खून से ही ये शरीर चलता है। इसी शरीर में मन भी है, इसी शरीर में बुद्धि भी है और इसी शरीर में चित्त भी चिंतन करता है। तो सबका सम्बंध खाने-पीने से ही है। जब से लोग अखाद्य चीजों को खाने लग गए तब से धर्म को भी भूल रहे हैं। लोगों के कर्म खराब हो रहे हैं और जब कर्म खराब हों जाते हैं और धर्म नहीं रहता है तो सजा मिलती है। चाहे रावण रहा हो, कंस रहा हो या हिरण्यकश्यप रहा हो और चाहे जितने भी ऐसे आए जो धर्म से अलग हुए, मानवता से अलग हुए, तो विनाश ही हुआ।

**दूषित अन्न खाने से भीष्म पितामह जैसे योगी की बुद्धि खराब हो गई :-**

कहा गया जैसा खाओ अन्न वैसा होये मन, जैसा पियो पानी वैसी होये वाणी। आप देखिए द्वापर के इतिहास में जब भीष्म पितामह अपने अंतिम समय में बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे, तो ज्ञान का उपदेश दे रहे थे। क्योंकि आखिरी वक्त पर कर्म जब याद आते हैं, तो पश्चाताप होता है। यह देखकर द्रोपदी को हँसी आ गयी। तो



भीष्म पितामह ने पूछा कि द्रौपदी तू क्यों हँस रही है? बोली पितामह, ऐसे ही हँस दी तो उन्होंने कहा नहीं, तेरे हँसने में बहुत बड़ा राज हुआ करता है। हँस कर तो तूने इतना बड़ा महाभारत करा दिया। बोल क्यों हँस रही है? फिर द्रोपदी बोली पितामह जी, इस समय तो आप बहुत अच्छी-अच्छी बात बता रहे हो, लेकिन ये ज्ञान, ये बुद्धि आपकी उस समय कहां चली गई थी जब दुशासन हमको भरी सभा में नग्न कर रहा था, चीर खींच रहा था? तब आप चुपचाप क्यों बैठे थे तब उन्होंने कहा द्रौपदी, तू ठीक कह रही है। उस समय मैं पापी दुर्योधन का अन्न खा रहा था। इसलिए मेरी बुद्धि भ्रष्ट हो गई थी। तो अब आप यह सोचो जब आदमी जानवरों का मांस खाएगा तो बुद्धि कहां से ठीक रहेगी? नहीं रहेगी।

**भोजन बनाने वाले को कभी नाराज नहीं करना चाहिए :-**

भाव से जो भोजन बनाया जाता है, उसमें ज्यादा पवित्रता रहती है। इसलिए कहा जाता है कि भोजन बनाने वाले को नाराज नहीं करना चाहिए। नहीं तो, वह जब टेंशन में रहेगा, तो देखो नाराजगी में लोग नमक ही ज्यादा कर देते हैं- मिर्च ही ज्यादा कर देते हैं। तो उनको खुश रखना चाहिए, उनसे उलझना नहीं चाहिए। घर में जो भाव से बना हुआ भोजन होता है और जो मेहनत से कमाते हैं, उनका जो भोजन होता है उसमें मन भी प्रसन्न रहता है, चित्त भी अच्छा चिंतन करता है और बुद्धि भी सही रहती है।

# भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही बेबस सुनार -2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना की नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई जानकारी



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान- पुरषोत्तम साहू**

**दमोह/हटा।** बेबस सुनार -2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से चिन्हित ग्रामों में मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिसमें व्ही.डब्ल्यू.एस.सी. समिति, अंशदान एवं जलकर की जानकारी भोपाल से आई हुई टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम वासियों को दी। कार्यक्रम पटेरा ब्लॉक के सुजानपुरा गांव से प्रारंभ करते हुए बनगॉव, बमुरिया, पड़री दुबे, रोड़ा एवं चैनपुरा में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जल निगम से ओम प्रकाश विश्वकर्मा, प्रदीप नामदेव, लुहारी ग्राम में ग्राम सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य एवं ग्राम वासियों की मौजूदगी रहीं। सभी ग्राम वासियों को जल जीवन मिशन की जानकारी दी गई एवं कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों से फीडबैक भी लिए गए, ग्रामवासियों ने योजना का स्वागत करते हुये प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया।

# बालाघाट के परसवाड़ा में मनाया गया राष्ट्रीय लाईनमेन दिवस

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
दीपक बंशपाल**




**बालाघाट** परसवाड़ा– विद्युत वितरण केन्द्र परसवाड़ा में मंगलवार 04 मार्च को राष्ट्रीय लाईनमेन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उन सभी लाईनमेनों के कार्य की सराहना की गई, जो अपनी जान जोखिम में डाल कर उपभोक्ताओं को निरंतर सेवाएं प्रदान करते है। इस दौरान विद्युत वितरण केन्द्र परसवाड़ा के कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार गुप्ता ने चर्चा के दौरान बताया कि लाईनमेन दिवस मनाने का उद्देष्य लाईनमेनों के योगदान और बलिदान को सम्मानित करना है, जो बिजली की लाईनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए दिन रात मेहनत करते हैं। उन्होने बताया कि लाईनमेन अक्सर खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हैं, और अपनी जान जोखिम में डालते हैं ताकि निरंतर बिजली की आपूर्ति को सुनिष्चित किया जा सके।

गौरतलब हो कि फिलहाल जिले में नियमित लाईनमेनों की तुलना में आउटसोर्स भर्ती कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है। हालांकि फिर भी ये कर्मचारी पूरी ईमानदारी के साथ अपनी सेवाऐं प्रदान करते हैं। इनकी हर संभव कोषिष होती है कि आमजनमानस को निरंतर बिजली व्यवस्था प्रदाय की जाए, किन्तु कभी परिस्थितियां ऐसी निर्मित हो जाती है कि बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है। हालांकि उसका कारण या तो बारिष के दिनों में प्राकृतिक आपदा होती है या फिर वर्षो से लगे खस्ताहाल बिजली के पोल, इंसूलेटर, तार या फिर अन्य सामान होतें है, लेकिन ऐसी परिस्थिति में लाईनमेन को ही जनता के क्रोध का कोपभाजक बनना पड़ता है। इतना ही नहीं अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों की नाराजगी का भी इन्हें षिकार होना पड़ता है। मगर फिर भी ये लाईनमेन अपनी सेवाएं प्रदान करतें है। इसलिए आज राष्ट्रीय लाईनमेन दिवस पर वे सभी लाईन परिचालकों के योगदान और सेवाओं को याद उन्हें सम्मानित करने की आवष्यकता है, ताकि ये और भी दोगुनी उर्जा साथ अपनी सेवाओं को निरंतर प्रदान करते रहें और आम जनमानस को लगातार बिजली की आपूर्ती की जाती रहे।

राष्ट्रीय लाईनमेन दिवस के अवसर पर उपस्थित लाईनमेनों ने समस्त उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि बिजली के बिलों का भुगतान समय पर प्रतिमाह करें, ताकि बिजली की सेवाओं का लगातार वे लाभ ले सकें। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार गुप्ता, परि. सहायक यदुनाथ राणा, दिनेष चैके, कार्यालय सहायक साधना भलावी, लाईनमेन धनेन्द्र बघेल, कमलेष सेलोकर, प्रेम सूर्यवंषी, देवेन्द्र माग्रे, संतोष चैधरी, दषेलाल बाहेष्वर, गजेन्द्र पटले, कृष्णा पारधी, अजय मर्सकोले, संजय पटले, भिमेष पटले, लुवेन्द्र गौतम, हेमेन्द्र खरोले, महेन्द्र मसराम, देवेन्द्र राहांगडाले, पंकज पटले, अनिल परते, तरूण धुर्वे, श्याम सुन्दर, अर्जुन यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

**लाइनमैन की सुरक्षा कितनी जरुरी, क्या विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड मध्य प्रदेश रखता हैं सुरक्षा मानको का ध्यान:** विद्युत विभाग में काम करना, और लगातार बिजली के खाम्बो में चढ़कर बिजली आपूर्ति को सही करना, नए कनेक्शन करना, ट्रांसफार्मर इत्यादि कम मेंटेनेंस करना, समय-समय पर समस्त प्रकार के मेंटेनेंस काम की जिम्मेदारी विद्युत विभाग में काम करने वाले लाईनमैनों और उनके सहायको की होती है, हालांकि इस विभाग में विभागीय लापरवाही, एवं सुरक्षा के मानव को का उपयोग न करने के कारण कई बार इस विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों को अपनी जान भी देनी पड़ी हैं.

**बिजली कंपनी के ठेकेदारों की सबसे अधिक है जिम्मेदारी** - इस विभाग में काम करने वाले समस्त लाइन परिचालक , लाइनमैन एवं उनके सहायक कर्मियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी, उनका जीवन बीमा करने की जिम्मेदारी विभागीय ठेकेदारो की होती हैँ, जोकि अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झड़ते हुए ना ही किसी प्रकार का जीवन बीमा प्रदान करते हैं, और ना ही किसी प्रकार की सुरक्षा मानको से साथ कार्य करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान करते हैं जिसे आए दिन इस विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों की मौतें होते ही रहती हैं।

## अब तो जागो वन विभाग के अधिकारी

# बालाघाट के जंगलों में लगी भीषण आग, रिहायशी इलाकों तक पहुंचा धधकते जंगल का धुआं '

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
दीपक बंशपाल**



**बालाघाट** गर्मी के मौसम में जंगल में आग लगना आम बात है. गर्मी तेज होते ही जंगलों में आग लगने की घटना सामने आने लगीं हैं. मंगलवार को बालाघाट के जंगल में तेजी से आग फैल गई. जिसका धुआं रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया. जंगल में लगी आग ने वन विभाग और प्रशासन की बैचेनी बढ़ा दी है. वन विभाग का मौजूदा अमला आग पर काबू नहीं पा सका है. मदद के लिए दूसरे जिलों से फायर ब्रिगेड बुलाई जा रही हैं.

तेजी से फैल रही आग ~कयास लगाया जा रहा है कि महुआ बीनने आने वाले लोगों या फिर किसी शरारती तत्व ने जंगल में आग लगाई है. जंगल में लगी भीषण आग से वन संपदा को भी भारी नुकसान होने का अनुमान जताया जा रहा है. जंगल सुलगने से वन्य प्राणियों के लिए मुसीबत भी बढ़ गई है.

विभागीय उदासीनता से जल रहा बालाघाट का हरा भरा जंगल जंगल में आग लगने की मुख्य वजह विभागीय अमले की उदासीनता मानी जा रही है. वीडियो में जलता दिखाई देने वाला जंगल उत्तर वनमण्डल सामान्य बालाघाट वन परिक्षेत्र के पश्चिम बैहर का है. हजारों हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में है. आग बुझाने की कोशिश की जा रही है. आशंका जताई जा रही है कि वन में लगी आग से बेशकीमती औषधि, जड़ी बूटियां बड़े पैमाने पर नष्ट हो सकती हैं।

परिक्षेत्र उत्तर सामान्य लामता की पूरी 23 बीटे कॉरीडोर से जुड़ी होने से बहुतायत वन्यप्राणी आ गए है। जंगलों में इन दिनों महुआ बीनने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस बीच कई बार लोग महुआ बीनने के दौरान सूखे पत्तों में आग लगा देते है। आग लगने से वनों के साथ वन्य प्राणियों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना बनी होती है। पूरे जंगल 23 हजार 468.17 हेक्टेयर में विस्तृत रूप से फैले हुए है। जंगलों की सीमाएं उत्तर सिवनी, पश्चिम और मंडला को स्पर्श करती है। जंगल की पूरी बीटों में एक-एक यानी 23 वनरक्षक, बीटगार्ड और 30 वन सुरक्षा श्रमिक हमेशा तैनात होकर सावरझोड़ी, चंदिया पहाड़ी, कुमनगांव कालापानी, बड़गांव, मलधर के पांच वॉच टावरों से खड़े होकर बायना कूलस यानी दूरबीन की बदौलत से निगरानी रखी जा रही है। इससे गर्मी के दिनों में जहां पर भी आग की घटना हो वहां जल्द ही टीम पहुंचकर आग पर काबू पाया जा सके।

# सड़क से साइड सोल्डर गायब, ख़राब गुणवत्ता से हुआ पूरी सडक का निर्माण - लोक निर्माण विभाग बैठा सुस्त रवैया अपनाये हुए.

**दैनिक केसरिया
हिन्दुतान दीपक बंशपाल**




बालाघाट सड़क निर्माण को शायद सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार वाले क्षेत्र के तौर पर देखा जाता है। यही वजह है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता को लेकर हमेशा संशय बना रहता है। यह आम है कि भारी राशि खर्च करके कोई सड़क तैयार की जाती है और बारिश या वाहनों के दबाव से कुछ ही समय बाद उसके टूटने की खबर आ जाती है। शायद इसी का जीता जगता उदाहरण बालाघाट जिले मे देखने को मिल रहा हैं, परसवाड़ा से चंगोटोला को जोड़ने वाला सडक मार्ग ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया और साइड शोल्डर के नाम पर लीपा पोती करते हुए विभाग के लाखों रुपये डकार गया.

सड़कों की गुणवत्ता की सख्त निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ने एक प्रभावशाली तंत्र स्थापित करने का निर्देश दिया। छिपी बात नहीं है कि सड़क निर्माण की निविदा निकलने से लेकर सामग्री की खरीद, निर्माण और रख-रखाव तक भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार पसरा हुआ है।

परसवाड़ा से डोंगरिया कैंप होते हुए यह मार्ग चंगोटोला से होते हुए जिला सिवनी को जोड़ता हैं इस पर विभागीय अदिकारियों की मिली भगत और ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा हैं की इस रोड पर नई सडक तो बन गयी हैं लेकिन ना ही साइड सोल्डर का पता हैं और ना ही अच्छी गुणवत्ता का. क्या जिले लोक निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर लेगे मामले पर संज्ञान या फिर फिर होंगी लीपापोती ये देखने वाली बात हैं.

ऐसा इसलिए संभव होता है कि किसी खास दूरी में सड़क निर्माण के लिए सब कुछ नाप-तौल कर बजट बनाया जाता है, मानक तय किए जाते हैं और राशि जारी की जाती है। लेकिन संबंधित महकमे के अधिकारियों से लेकर निचले स्तर के ठेकेदार तक भ्रष्ट तरीके से इसी राशि में से हिस्सा बंटाने के फेर में इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझते कि इसका सड़क की गुणवत्ता पर क्या असर पड़ेगा। बचे हुए पैसे में काम पूरा करने की कोशिश का नतीजा यह होता है कि जिस सड़क को बनाने में जितनी और जिस स्तर की सामग्री का उपयोग होना चाहिए उसमें कभी मामूली तो कभी ज्यादा कटौती कर दी जाती है।

# सिंगरौली में हनी ट्रैप जैसा मामला आया सामने, पहले बनाती है संबंध फिर करती थी ब्लैक मेल, 4 आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली - कप्तान सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




**सिंगरौली**- जिले के सरई थाना क्षेत्र के सम्मानित व धनवान लोगों को महिला अथवा लडकियो के द्वारा फोन शिकार बनाकर अपहरण, छेडखानी एवं बलात्कार के केस में फसाने की धमकी देकर रुपये वसूली करने का काम जारी था। हालांकि पुलिस ने इस गिरोह के चारों सदस्यों को अब गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के निर्देशन व एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के कुशल मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरी. जितेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में गठित टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया।

जानकारी अनुसार बीते सोमवार को ग्राम सरपंच मझौली पाठ देवी सिंह ने सरई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक रंजना सिंह नाम की महिला मुझसे फोन से बातचीत कर संबध बनाने को दबाब डालने पर मेरे द्वारा सहमति से संबध बनाने पर अगले ही दिन उक्त महिला एवं उसकी एक भाभी द्वारा मोबाइल पर 10 लाख रुपये मांगने और नहीं देने पर बलात्कार एवं अपहरण के मामले में फसाने के लिये धमकी दी जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्र. 148/25 धारा 308(7) 3(5), बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। इस दौरान विवेचना पीडित को फोन कर फसाने वाली लडकी अभिरक्षा में ली गई। पकड़ी गई विमला साकेत निवासी कुर्सा थाना जियावन ने बताया की इसके द्वारा सरई में रहने वाले इम्तियाज अली नाम के व्यक्ति से मिलकर पूरा षणयंत्र पूर्वक सरपंच मझौली पाठ का मोबाइल नम्बर देकर बात कर अपना असली नाम छिपाकर फसाने एवं इस कार्य में अपनी रिस्ते की बुआ ममता साकेत , फूफा राजकुमार साकेत का भी सम्मलित होना बताया जोकि उपरोक्त आरोपियो को भी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जो कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में धनवान व्यक्तियो को चिन्हित कर उन्हें इस प्रकार के प्रकरणो में फसाने की बात स्वीकार की। चारों अब सलाखों के पीछे हैं।

प्रकरण की विवेचना के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया है कि गिरफ्तार सुदा आरोपी इम्तियाज अली द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार की अनेक घठिनाओ को अंजाम दिया है परन्तु शातिर किस्म का होने से एवं पीडितो ने लोक लज्जा के भय से थाना में रिपोर्ट नही की, जिस सबंध में भी अलग से जांच की जा रही है।

सराहनीय भूमिका* उक्त मामले में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया, उप निरी. सूरज सिंह, सउनि उपेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनि पुष्पा गिरी, प्र आर. आशीष त्रिपाठी, हरिभजन सिंह, विजय तिवारी, आर.रिंकू धाकड, तेजभान सिंह, धन सिंह, तेजप्रताप उईके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आधी रात में चोरों ने बोला धावा नगदी सहित हजारों के सामान पर हाथ साफ

**दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**



आलोट - चोरी की वारदातों से हमेशा सुर्खियों में रहने का चलन बढ़ता ही जा रहा है। ना शासन अंकुश लगा पा रहा ना प्रशासन। आए दिन कही ना कही चोरी की बड़ी वारदाते सुर्खियां बटोर रही है वही इन्हें पकड़ने में सफलता कोसो दूर नजर आती है। बीती रात नगर के मुख्य बायपास चौराहे पर शातिर दिमाग से चोरों ने हाथ साफ किया। आधी रात में चोरों ने रुद्राक्ष कैंटीन एवं नाश्ता कार्नर के पीछे की तरफ से पतरा निकाल कर बीडी, सिगरेट, पाउच सहित नगदी रुपए ले उड़े। सुबह जब दुकान मालिक दुकान पहुंचे ओर गल्ला देखा तो नगदी गायब दिखी फिर पता चला कि बीडी सिगरेट के पैकेट भी गायब है और पाउच का थैला भी गायब है तब शंका हुई और देखा तो पीछे की साइड का पतरा उखड़ा हुआ था। दुकान मालिक रविन्द्र सिंह सोलंकी ने तुरंत पुलिस थाने में सूचना दी और अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। बड़ा सवाल यह है कि नगर परिषद में कई बार शिकायत करने के बाद भी मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए ओर पुलिस गश्ति भी नहीं बढ़ी। ओर यह अनहोनी हो गई। अब देखते है इस चोरी के मुख्य गिरोह तक प्रशासन कब तक सफलता हासिल करता है और नगर परिषद कब तक कैमरे लगाकर व्यवस्था को सुधारता है।

# भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही बेबस सुनार -2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना की नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई



**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह - बेबस सुनार -2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से चिन्हित ग्रामों में मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिसमें व्ही.डब्ल्यू.एस.सी. समिति, अंशदान एवं जलकर की जानकारी भोपाल से आई हुई टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम वासियों को दी। कार्यक्रम पटेरा ब्लॉक के सुजानपुरा गांव से प्रारंभ करते हुए बनगॉव, बमुरिया, पड़री दुबे, रोड़ा एवं चैनपुरा में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जल निगम से ओम प्रकाश विश्वकर्मा, प्रदीप नामदेव, लुहारी ग्राम में ग्राम सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य एवं ग्राम वासियों की मौजूदगी रहीं। सभी ग्राम वासियों को जल जीवन मिशन की जानकारी दी गई एवं कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों से फीडबैक भी लिए गए, ग्रामवासियों ने योजना का स्वागत करते हुये प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया।

# राजधानी भोपाल बैरसिया पार्क सिटी में धूमधाम से मनाया गया जिला पंचायत सदस्य एवं संघ प्रदेश अध्यक्ष विनय मेहर का जन्मदिवस

**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854**

**सुंदरकांड एवं पाठ पूजा कर मनाया गया विनय मेहर का जन्मदिवस**



भोपाल।। मध्य प्रदेश के जिला पंचायत सदस्य भोपाल एवं जिला पंचायत सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय मेहर का जन्म दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। जन्म दिवस के उपलक्ष में सुबह से ही विनय मेहर को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लग गया वहीं उनके इष्ट मित्रों, सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता एवं राजनीतिक पदाधिकारीयों ने सोशल मीडिया एवं प्रत्यक्ष रूप से विनय मेहर को जन्मदिवस की बधाइयां दी ।वहीं बैरसिया स्थित सिटी पार्क विनय मेहर का जन्म दिवस केक काटकर एवं साफा पुष्पमालाओं से स्वागत कर क्षेत्रीय जनों द्वारा मनाया गया। इस दौरान सरपंच सचिव एवं जनप्रतिनिधि पत्रकार गढ़ मौजूद रहे जिन्होंने विनय मेहर को साफा बांधकर एवं पुष्पहार से स्वागत कर जन्मदिवस की बधाइयां दी साथ ही अपने उद्बोधन में बताया कि विनय मेहर क्षेत्र में अच्छे समाजसेवी एवं अच्छे नेता के रूप में जाने जाते हैं वहीं यह क्षेत्र की जनता के विकास के मुद्दों को लेकर हमेशा क्षेत्र की जनता की बात वरिष्ठ अधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं के सामने रखने में नहीं चूकते और क्षेत्र की जनता से मधुर व्यवहार के कारण यह क्षेत्र के लोकप्रिय नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। वहीं इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ता पत्रकार बंधु एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने विनय मेहर को जन्म दिवस की बधाइयां दी। वहीं अंत में मेहर ने अपने जन्म दिवस कार्यक्रम में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपका यह स्नेह एवं प्रेम सदैव मुझ पर यूं ही बना रहे।

# रीवा लोकायुक्त का बड़ा एक्शन मचा हड़कंप, पंचायत सचिव और उपयंत्री रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



रीवा लोकायुक्त की टीम ने सतना के सोहावल में बड़ा एक्शन किया है पंचायत सचिव और उपयंत्री को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा है

रीवा लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार 4 मार्च को जिला सतना के जनपद पंचायत सोहावल में बड़ी छापेमार कार्यवाही की है. पंचायत सोहावल में पदस्थ उप यंत्री रमेश सिंह को 10 हजार एवं बाबूपुर के पंचायत सचिव जय सिंह को 5 हजार रिश्वत के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार यह रिश्वतखोर ठेकेदार से रिश्वत मांग रहे थे जिसकी शिकायत ठेकेदार ने श्वह्लङ्ख रीवा को दी तथा आज दिनांक लोकायुक्त ने आज छापा मारा बड़ा एक्शन लिया है फिलहाल इस पूरे मामले की जांच जारी है आरोपियों को लोकायुक्त ने गिरफ्तार किया है.

**उपयंत्री पुलिया निर्माण के लिए मांग रहा था रिश्वत :** श्वह्लङ्ख पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण किरो ने बताया कि उपयंत्री रमेश सिंह के द्वारा अतुल त्रिवेदी की कंपनी के द्वारा निर्मित पुलिया के कार्य के मूल्यांकन के बदले में एवं सचिव, निर्मित पुलिया का भुगतान पंचायत से कराने के बदले में रिश्वत की मांग कर रहा था। अतुल त्रिवेदी एक ठेकेदार है उनकी कम्पनी के द्वारा करीबन 06 माह पहले एक कास ड्रेनेज पुलिया का निर्माण ग्राम पंचायत बाबूपुर में किया गया था, उक्त निर्माण कार्य के मूल्यांकन के लिये जनपद पंचायत सोहावल जिला सतना में पदस्थ उपयंत्री रमेश सिंह 20.000 /- रु. रिश्वत मांग रहा था, आज दिनांक को 10,000 /- रु. रिश्वत जैसे ही उपयंत्री ने ली वैसे ही EOW रीवा की टीम ने उक्त रिश्वतखोर को रंगेहाथ पकड़ लिया। अपना कमीशन मांग रहा था पंचायत सचिव पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त वर्णित पुलिया के निर्माण कार्य के भुगतान के बदले में ग्राम पंचायत बाबूपुर सचिव जय सिंह, ठेकेदार से 5 प्रतिशत की कमीशन की मांग कर रहा था। वही आज दिनांक को 5,000 /- रु. की रिश्वत जैसे ही सचिव ने ली वैसे ही श्वह्लङ्ख रीवा की टीम ने उक्त रिश्वतखोर को रंगेहाथ पकड़ लिया।

# रीवा की समान थाना पुलिस ने अवैध रुप से सट्टा पर्ची काटने वाले 18 सटोरियो के विरुद्ध की कार्यवाही

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीवा शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी समान निरी. विकास कपीस एवं उनकी टीम ने अवैध रुप से सट्टा पर्ची काटने वालों के विरुद्ध छापा मारकर 19 लोगो को सट्टा पर्ची काटते पाये जाने पर गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी

घटना के संबंध में समान थाना प्रभारी विकास कपीस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर सूचना पर न्यू बस स्टैण्ड के पीछे चूना भट्ठा टंकी के पास छापामार कार्यवाही कर अवैध रूप से सट्टा पर्ची काटने वाले 18 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी जिनके कब्जे से सट्टा पर्ची व कुल नगदी 10,850,रुपये जप्त किया गया ।






गिरफ्तार आरोपियों के नाम कृष्ण कुमार उर्फ केडी पिता रामलखन नामदेव उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 02 विन्ध्य बिहार कालोनी थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा,

2.श्यामसुन्दर पिता स्व. रामदास कोरी उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 16 विवेकानंद नगर थाना समान रीवा,

3.सुनील पिता स्व. तीरथ प्रसाद चौधरी उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम भांठी थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा,

4.रमन उर्फ सोमू पिता स्व. प्रकाश लोनिया उम्र 24 वर्ष निवासी जय स्तम्भ चौक के पास कबाडी मोहल्ला वार्ड क्र. 6 थाना सिविल लाइन रीवा

5.रमेश कुमार साकेत पिता स्व. गंगा प्रसाद साकेत उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम टिकुरी 74 थाना सगरा जिला रीवा,

6.शशिकांत तिवारी पिता स्व. पुरुषोत्तम प्रसाद तिवारी उम्र 36 वर्ष निवासी भुण्डहा थाना समान जिला रीवा

7.जीतेन्द्र कुमार साकेत पिता स्व. रामसहाय साकेत उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम नदहा थाना मनगवां जिला रीवा

8.सुदर्शन प्रसाद सोधिया पिता स्व. छोटेलाल सोंधिया उम्र 45 वर्ष निवासी महाजन टोला थाना बाछिया जिला रीवा

9.लाला कोल पिता तुलसी कोल उम्र 32 वर्ष निवासी चूना भट्ठा न्यु बस स्टैण्ड थाना समान जिला रीवा,

10.जीतेन्द्र कुमार तिवारी पिता रामायण प्रसाद तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम भुण्डहा थाना समान जिला रीवा

11.प्रहलाद कोल पिता स्व. शुक्रदीन कोल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पुरैना थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा

12.महेश कोरी पिता स्व. रामकृपाल कोरी उम्र 32 वर्ष निवासी मर्जादपुर थाना रामनगर जिला मैहर हाल पोखरी टोला थाना समान जिला रीवा,

13.प्रमोद कोल पिता नन्हे कोल उम्र 24 वर्ष निवासी भरेवा थाना ग्राम भरेवा थाना इन्दवार जिला उमरिया हाल पोखरी टचोला थाना समान जिला रीवा

14.राज कपूर कोल पिता दुलारे कोल उम्र 24 वर्ष निवासी पनरेहटा थाना बरही जिला कटनी हाल पोखरी टोला थाना समान जिला रीवा

15.प्रियांशु गुप्ता पिता राजेन्द्र गुप्ता उम्र 19 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैण्ड गोल पार्क थाना सिविल लाइन जिला रीवा,

16.रोहित वर्मा पिता स्व. बिजेन्द्र प्रसाद वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी समान नाका थाना समान जिला रीवा,

17.कुंजमन कोल पिता मनबहोर कोल उम्र 48 वर्ष निवासी सिगटी थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा हाल वार्ड क्र. 24 कमसरियत महल्ला थाना अमहिया जिला रीवा

18.राज साकेत पिता लालभाई साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी समान नाका थाना समान जिला रीवा बताए गए है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी समान निरी.विकास कपीस, उनि. मुन्नालाल , सउनि. तीरथ सिंह ,सउनि. प्रदीप, सउनि.ब्रृजेश सिंह, प्र.आर. 902 रविकान्त,आर 1137 रविशंकर , सै. रामकृपाल, सै.रामगोपाल एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही ।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा हटा ब्लॉक के ग्राम पांजी स्थित नर्मदा मिनरल वाटर उद्योग का किया गया औचक निरीक्षण

**बिना बैच नंबर एवं पैकिंग डेट के निर्मित एवं विक्रय हो रहे 200 बोरी नर्मदा ब्रांड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर/पानी पाउच कुल 9000 पानी पाउच बाजार मूल्य 6000 रुपए की गई नियमानुसार जप्त मिथ्याछप खाद्य पदार्थ के निर्माण, संग्रह एवं विक्रय करने का हुआ प्रकरण दर्ज**

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह के हटा ब्लॉक के ग्राम पांजी स्थित नर्मदा मिनरल वाटर उद्योग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नर्मदा मिनरल वाटर उद्योग में नर्मदा ब्रांड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर पानी पाउच की बिना बैच नंबर एवं पैकिंग डेट की 200 बोरियां कुल 9000 पाउच मूल्य 6000 रुपए मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित पाए जाने पर नियमानुसार जब्त किया गया है। बिना बैच नंबर एवं पैकिंग डेट के पानी पाउच पैकेज़्ड ड्रिंकिंग वाटर के निर्माण एवं विक्रय करना मिथ्याछाप श्रेणी में आता है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत मिनरल वाटर प्लांट संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। मौके पर मिनरल वाटर प्लांट संचालक को पेस्ट कंट्रोल मैनेजमेंट सर्टिफिकेट, कार्यरत कर्मचारियों के एनुअल मेडिकल परीक्षण प्रमाण पत्र एवं फोस्टैक ट्रेनिंग प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए।

# मक्का की खेती प्रोत्साहन के लिए बेहतर प्लानिंग के साथ काम किया जाये-सांसद राहुल सिंह

**जहां पर नलकूप की व्यवस्थाएं नहीं हैं वहां व्यवस्था की जाये-जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटैल**

**सारे मुद्दों पर कार्रवाई हो जाये यह सुनिश्चित किया जायेगा-कलेक्टर श्री कोचर**

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह - जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, जनपद अध्यक्ष प्रीती कमल ठाकुर, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे,एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, सहित समिति सदस्यगण एवं अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक में सांसद राहुल सिंह ने कृषि अधिकारियों से कहा है की मक्का की खेती को प्रोत्साहन के लिए पूर्व बैठक में निर्देश दिए गए थे, इसमें बेहतर काम किया जाए इसमें काफी संभावना है। उन्होंने बालाकोट से चिरई मनका, बटियागढ़–सौरई आदि अन्य मार्गो का प्रधानमंत्री सड़क में शामिल करने परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के स्टापडेम और जलाशयों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि इनमें जो आवश्यक कार्रवाई है सुधार आदि कराई जाए।

# सत्कार ऑटोमोबाइल्स छिंदवाड़ा एवं हीरो फिनकॉर्प फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी द्वारा किया गया विश्वासघात

**मैनेजर के पास जाकर गाड़ी जमा किया लेकिन मैनेजर ने बिगाड़ा सिविल**

दिव्य गौरव समाचार छिंदवाड़ा जिला ब्यूरो सुशील विश्वकर्मा मो .6261324447




**छिंदवाड़ा**/- सत्कार ऑटो मोबाइल्स एवं हीरो फिनकॉर्प फाइनेंस कंपनी से जमा की गई दो पहिया वाहन उठाई गई थी जिसमें बार–बार परेशानी आ रही थी.इसलिए ग्राहक ने उस दो पहिया वाहन को सिरेंडर किया.गाड़ी रजिस्ट्रेशन 25/ 5 /2023


को यह दो पहिया वाहन ग्राहक पूजा विश्वकर्मा के द्वारा खरीदी गई थी यह दो पहिया वाहन हीरो पिनकोर्प छिंदवाड़ा से फाइनेंस हुई थी. इस हीरो स्कूटी जूम गाड़ी का नंबर स्थ्क्ष्ंष्ट7663 है. इस दो पहिया वाहन को पूजा विश्वकर्मा सुशील विश्वकर्मा एवं बड़े भाई मारुति लाल विश्वकर्मा के द्वारा फाइनेंस में जाकर गाड़ी जमा कर दी गई थी. यह गाड़ी बहुत बार सर्विसिंग में लेकर गया मगर परेशानी आने के कारण गाड़ी को सिरेंडर किया गया था. इस दो पहिया वाहन मालिक पूजा विश्वकर्मा का कहना है कि मेरा सिविल से नाम हटा नहीं है इसलिए आज दिनांक 05/03/2025/को थाने जाकर आवेदन दिया है और जब हीरो फिनकॉर्प फाइनेंस के मैनेजर कपिल सर से बात हुई तो इन्होने बोला की हमने क्लोज कर दिए हैं यह हमें मालूम नहीं है कि सिविल से कैसे हटाए और हीरो मैनेजर द्वारा बताया गया कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं मालूम फिर इसके बाद विनोद नेमा से बात हुई तो विनोद नेमा कहने लगा कि आपने गाड़ी क्यों जमा किए और विनोद नेमा ही हैं जिसने इस दो पहिया वाहन फाइनेंस किया था अगर कोई गाड़ी में मिस्टेक निकल जाए तो कंपनी में बोला जाता है कि हम आपको ठीक करके देंगे मगर जब गाड़ी सर्विसिंग में लेकर गया तो सर्विस में कोई ठीक नहीं करता और धमकी भी दी जाती है कि तुमसे बनता जो कर लो. पूजा विश्वकर्मा का कहना है कि मेरे सिविल से 27 हजार रुपए जो दिख रहा है उसे हटा दिया जाए.सत्कार ऑटोमोबाइल छिंदवाड़ा के द्वारा यह नहीं देखा जाता की यह व्यक्ति गाड़ी लेने लायक सक्षम है या नहीं.बहुत से ऐसे केश पड़े हैं जो किस्त कब भुगतान नहीं कर पाते. उन लोगों के नाम से गाड़ी फाइनेंस कर दिया जाता है.यह सत्कारऑटोमोबाइल्स छिंदवाड़ा की पहचान है ऐसे लोगों के ऊपर सें जल्द कार्रवाई होनी चाहिए.

# मैहर स्टेट हाईवे-11, धूल फांकिए, जान जोखिम में डालिए!

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**मैहर** स्टेट हाईवे–11 अब हाईवे कम, धूल भरी पगडंडी ज्यादा लगने लगा है। MPRDC ने शिकायतों के बाद हरकत तो दिखाई, लेकिन सुधार की जगह खेतों की मिट्टी उठाकर शोल्डर पर पटक दी। नियमों के मुताबिक मुरूम से भराई होनी थी, पर यहां कोरम पूरा करने की परंपरा निभाई जा रही है। नतीजा? बरसात में मिट्टी बह जाएगी और सड़क फिर गड्ढों में तब्दील हो जाएगी!

*टूटी पुलिया, उड़ती धूल, और प्रशासन की मीठी नींद : स्टेट हाईवे–11 पर टूटी पुलिया किसी अनहोनी को दावत दे रही है, मगर जिला प्रशासन %सब चंगा सी% मोड में है। हादसे बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन टोल वसूली बदस्तूर जारी है। सुविधाओं की बात करें, तो एंबुलेंस नहीं, प्राथमिक चिकित्सा नहीं, बस लूट–खसोट और मुनाफा ही मुनाफा! आखिर इतनी टोल वसूली का पैसा जाता कहां है? या फिर धूल उड़ाने के लिए भी टेंडर पास हुआ है? मैहर प्रशासन, MPRDC और ठेकेदारों की तिकड़ी ने मिलकर जनता को धूल चटाने की ठान ली है। अब देखना ये है कि पहले सड़क दुरुस्त होती है या जनता का गुस्सा फूटता है!




# टीकमगढ़ में जामनी नदी के फिल्टर प्लांट में सफाई अभियान: 100 से ज्यादा कर्मचारी जुटे; एक दिन पानी की सप्लाई बंद रहेगी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो/मनोज सिंह



टीकमगढ़ के बारीघाट स्थित जामनी नदी के फिल्टर प्लांट में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान शुरू किया गया है। नगर पालिका परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत यह कदम उठाया है। वर्षों से प्लांट की सफाई नहीं होने के कारण नलों में गंदा पानी आ रहा था।नवनियुक्त सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए यह अभियान शुरू किया।एक दिन पहले ही शहरवासियों को अनाउंसमेंट के जरिए सूचित कर दिया गया था। सुबह से शाम तक 100 से अधिक कर्मचारी टैंकों की सफाई में लगे हुए हैं। सीएमओ स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर सफाई कार्य की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह सफाई आवश्यक थी। सफाई के कारण आज पानी की सप्लाई बंद रहेगी और कल से नियमित आपूर्ति शुरू हो जाएगी। अभियान में जल शाखा प्रभारी, वार्ड पार्षद और सफाई

कर्मचारी भी मौजूद हैं। इस कदम से शहरवासियों को अब स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

# आगामी सभी त्यौहार आपसी सौहार्द एवं भाई चारे के साथ मनाए जाएं

**उर्स में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहे : कलेक्टर, जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न**

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान



राजगढ – आगामी दिनों में जिले में बाबा बदखशानी दरगाह पर उर्स का आयोजन, होली, रंगपंचमी, ईद–उल–फितर, राम नवमी, हनुमान जयंती एवं अन्य त्यौहारों के दृष्टि गत कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महीप किशोर तेजस्वी, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित समिति के सदस्य एवं आयोजन समितियों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में सभी त्यौहार आपसी सौहार्द एवं भाई चारे से मनाए जाने की अपील की गई।

10 मार्च से प्रारंभ हो रहे बाबा बदखशानी दरगाह पर उर्स के आयोजन को लेकर कलेक्टर ने कहा कि उर्स आयोजन स्थल पर सभी एहतियाती व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सभी स्थानों पर वॉलेंटियर्स तैनात रहें। चोरी एवं छेड़–छाड़ जैसी घटनाएं न हों। पार्किंग व्यवस्था अच्छी हो एवं पार्किंग की दरे स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों। पार्किंग रसीदों पर भी शुल्क छपी हो। बिजली की सतत आपूर्ति रहे। दुकानों का सुरक्षा की दृष्टि से उचित लेआउट दिया जाए। समूचे मेले में सुरक्षा के पुखता प्रबंध रहें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने कहा कि उर्स एवं अन्य त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर उचित ध्यान दिया जाए। उर्स मेले में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी लगाए जाएं। प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था रहे। झूलों की सुरक्षा के दृष्टिगत विद्युत विभाग एवं लोकनिर्माण विभाग से इनका सत्यापन कराया जाए। उर्स स्थल पर कार्यकर्ताओं के परिचय के बैज भी लगाए जाए। उर्स मेले में देर रात तक झूलों का संचालन न हो।

# युवा मोर्चा ने पोधारोपण और फल वितरण कर मनाया पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर



**सीहोर** । भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा माननीय पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का जन्मदिन पोधारोपण एवं फल वितरण कर मनाया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति , युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र पाटीदार ,नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय ,सत्यम राठौर ,समीर सेन ,नद्दू राठौर ,विवेक राय ,रवि शर्मा ,सतीश पटेल ,विजय पटेल ,नितेश पटेल ,मोहित राठौर ,रोहित सूर्यवंशी ,जितेंद्र यादव ,आयुष तोमर, राज ठाकुर ,विशाल परमार ,विजय दुबे ,आयुष राठौर ,आयुष पटेल ,रवि शर्मा आदि उपस्थित थे ।

# टीकमगढ़ में दो आरोपी गिरफ्तार: गेहूं के बीच छिपाकर की जा रही थी खेती; 2 करोड़ कीमत आंकी गई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो/मनोज सिंह




जतारा थानाक्षेत्र के मुहारा गांव में अवैध अफीम खेती के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 2 करोड़ कीमत की अफीम भी जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

आरोपियों को पकड़ने के लिए एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम समेत 4 थानों की पुलिस टीमें गठित कीगईं। टीमों ने आज मुहारा गांव के चुराऊ वाले खेत पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से 4100 किलो अफीम के पौधे जब्त किए। आरोपी की पहचना आशाराम कुशवाहा और देवेंद्र तिवारी निवासी मुहारा गांव के रूम में हुई है।आरोपी तीन बीघा जमीन में गेहूं की फसल के बीच अफीम की खेती कर रहे थे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पूरी फसल को जब्त किया। विशेषज्ञों से पौधों की जांच करवाने के बाद उनका वजन किया गया।

# सीएम राइज मंडी की छात्रा ने किया सीहोर का नाम गोरवान्वित

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर



एक साधारण परिवार की छात्रा कुमारी कुमकुम वर्मा वाणिज्य संकाय एवं स्कूल की सत्र 23– 24 की सर्वाधिक अंक प्राप्त कर हाल ही में स्कूटी एवं लेपटॉप प्राप्त करने वाली छात्रा रही थी द्वारा जनवरी 2025की हर्टेड अकाउंट 10ह्लद्ध हेतु आयोजित सीपीटी परीक्षा में सफलता अर्जित कार्यालय सीहोर का नाम रोशन किया है छात्रा की इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर,सहायक संचालक सुश्री सलोनी शर्मा , विकास खंड शिक्षा अधिकारी सीहोर सुश्री दीपा कीर श्री अंकुर शर्मा आदि ने संस्था प्राचार्य श्री दीप सिंह राठौर , मार्गदर्शक शिक्षकों व छात्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है

# कलेक्ट्रेट परिसर अनूपपुर के लिए डीएम ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**शहडोल/अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 परिवर्तित धारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत कार्यालय कलेक्टर परिसर अनूपपुर में जुलूस, आमसभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के आए दिन उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने एवं परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार कलेक्टर



कार्यालय अनूपपुर के परिसर में ध्वनि विस्तार यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। ज्ञापन सौपे जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार (मेन गेट) पर ही शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए व्यक्ति/संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कोई भी दल/संगठन/आंदोलनकारी व्यक्ति जुलूस, आमसभा या नारेबाजी/ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिवस पूर्व अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेंगे और निर्धारित स्थल पर ही उक्त गतिविधियां करेंगे। प्रतिबंधात्मक आदेश में उल्लेखित किया गया है कि आदेश की तामीली सम्यक समय एवं पक्षों को करना संभव न होने के कारण एकपक्षीय रूप से तामील के निर्देश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

# पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना अमलाई क्षेत्रांतर्गत 08 फरवरी 2025 को फरियादी अखिलेश पाल पिता छोटे पाल, उम्र 33 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 13, ग्राम नगड़वाह, जयसिंहनगर, जिला शहडोल (म.प्र.) ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वह ग्राम पंचायत खमरौध में रोड सफाई एवं नाली निर्माण का कार्य करने के लिए 30 जनवरी 2025 को जे.सी.बी मशीन लेकर दिन में सफाई कार्य करने के बाद, रात में जे.सी.बी का दांता खोलकर पंचायत भवन के अंदर रख दिया तथा जे.सी.बी मशीन के पास सो गया। फरियादी स्वयं पंचायत भवन के अंदर चौनल गेट में ताला लगाकर सो गया था और अपना मोबाइल चार्ज में लगा दिया था। रात्रि में फरियादी की नींद खुली, जब उसने देखा कि एक अज्ञात



व्यक्ति बाल्टी से पानी पी रहा था। उसे देखते ही वह व्यक्ति भाग गया। जब फरियादी ने जांच की, तो पाया कि फरियादी का मोबाइल, जेसीबी का एक नया दांता और बैरिंग गायब थे। इसके साथ ही पंचायत भवन के चौनल गेट का ताला टूटा हुआ मिला। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 12,000/- अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमलाई पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पता-साजी कर मुखबिर सूचना पर मंगलवार को आरोपी पंकज सिंह गोंड पिता संतू सिंह गोंड, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम चाका, थाना अमलाई, जिला शहडोल को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक अदद वीवो मोबाइल फोन (कीमती करीब ?5,000/-) बरामद किया गया।

### ईव्हीएम वेयरहाउस का किया गया निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.केदार सिंह व राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को जिले में स्थित ईव्हीएम, वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण (बिना ताला खोले) किया गया।

# गेहूं के विक्रय हेतु किसान 31 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**शहडोल/अनूपपुर।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं के विक्रय हेतु पंजीयन कार्य जिले में 20 जनवरी 2025 से किया जा रहा है, जो 31 मार्च 2025 तक किया जाएगा। पंजीयन हेतु तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत आ.जा. सेवा सह.समिति राजेन्द्रग्राम, आ.जा.सेवा सह.समिति बेनीबारी, आ.जा.सेवा सह. समिति जैतहरी, आ.जा.सेवा सह.समिति मझगवां (फुनगा) के फुनगा, आ.जा.सेवा सह. समिति दुलहरा, आ.जा. सेवा सह. समिति अनूपपुर, आ.जा. सेवा सह. समिति पसान के कोतमा तथा आ.जा. सेवा सह. समिति बिजुरी के निगवानी में पंजीयन केन्द्र



बनाया गया है। इन पंजीयन केन्द्रों में किसान अपना नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त अनूपपुर जिले में ऑनलाईन सेन्टर भी खुले हैं, जिनमें कॉमन सर्विस सेन्टर मझगवां, कॉमन सर्विस सेन्टर बोड़री, कॉमन सर्विस सेन्टर बुढ़ानपुर, एमपी ऑनलाईन कियोस्क जैतहरी, एमपी ऑनलाईन कियोस्क पसला, कॉमन सर्विस सेन्टर ताराडांड़, एमपी ऑनलाईन कियोस्क मेड़ियारास, कॉमन सर्विस सेन्टर दुलहरा, कॉमन सर्विस सेन्टर पोंड़ी, साइबर कैफे अनूपपुर, एमपी ऑनलाईन कियोस्क पिपरिया, एमपी ऑनलाईन कियोस्क पटनाकला, कॉमन सर्विस सेन्टर पिपरिया, कॉमन सर्विस सेन्टर कोंड़ा, एमपी ऑनलाईन कियोस्क गोहन्ड्रा, एमपी ऑनलाईन कियोस्क देवरी, कॉमन सर्विस सेन्टर सकरा, कॉमन सर्विस सेन्टर छिड़मिड़ी तथा कॉमन सर्विस सेन्टर भाद शामिल हैं। ऑनलाईन सेन्टर में किसान 50 रुपये का शुल्क देकर पंजीयन करा सकते हैं।

# निराश्रित गौवंशों के लिए रखवाए गए नाद, दिया गया प्रशिक्षण

**शहडोल।** उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ. आर.के. पाठक सहित चिकित्सक एवं गौ सेवको ने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पशु कल्याण विभाग कामधेनु भवन के सामने गौवंशो के लिए पानी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नाद रखवाएं गए। साथ ही गर्मी के मौसम में पशुओं की देखभाल करने एवं उपचार संबंधित




चिकित्सक एवं गौसेवकों को प्रशिक्षण भी दिया गया। उप संचालक पशु डॉ. आर.के. पाठक ने बताया कि निराश्रित गौवंशों के लिए जिले के सभी ब्लॉक स्तर के पशु अस्पताल के बाहर नाद के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर पशु चिकित्सक डॉ. दिलीप प्रजापति, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. केपी पनिका डॉ. दीपक पाण्डेय, गौ सेवक गौरव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व गौ सेवक उपस्थित थें।

# पुलिस ने शासकीय अनाज चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना सीधी क्षेत्रांतर्गत 05 जून 2024 को फरियादी रामसंत द्विवेदी पिता स्व. गोपी प्रसाद द्विवेदी, उम्र 52 वर्ष, निवासी ग्राम नौढ़िया, थाना ब्यौहारी, वर्तमान में सेल्समेन, शासकीय उचित मूल्य दुकान गजवाही, थाना सीधी ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई की 10 मई 2024 को रात्रि में ग्राम गजवाही के सरपंच देवलाल सिंह गोंड ने फोन पर सूचना दी कि रात में अज्ञात चोरों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान गजवाही का ताला तोड़कर खाद्यान्न चोरी कर लिया है। चोरी के दौरान कुछ बोरियां पास के जंगल में पड़ी मिलीं, जबकि चोर खाद्यान्न चोरी कर भाग गए थे। फरियादी द्वारा



दुकान का निरीक्षण करने पर पाया गया कि 18 बोरी गेहूं एवं 3 बोरी चावल चोरी हो गया था, जिसमें से 13 बोरी गेहूं पास के जंगल में पड़ी मिली। शेष 5 बोरी गेहूं एवं 3 बोरी चावल (कुल कीमत लगभग 12,000/-) अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। सीधी पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज विवेचना में लिया एवं जांच के दौरान निम्नलिखित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, 1. मनीष यादव पिता स्व. लालमन यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी झिरौल, थाना मानपुर, जिला उमरिया एवं 2. शेषमण यादव उर्फ दादू पिता मोहन यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 17, पटपरिहा, थाना पाली, जिला उमरिया, 3. विजय कुमार यादव पिता भागवत यादव, उम्र 22 वर्ष, निवासी पटपरिहा, थाना पाली, जिला उमरिया, उक्त आरोपियों को सीधी पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया गया था। प्रकरण में फरार आरोपी - विजय यादव पिता भोला यादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी झिरौल, थाना मानपुर, जिला उमरिया - को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### विधायक ने सड़क निर्माण कार्य हेतु किया भूमिपूजन

**शहडोल।** विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीशा सिंह नें शहडोल नगर पालिका क्षेत्र के गुरुनानक चौक से साई मंदिर तक बनने वाले सीसी रोड



का भूमि पूजन किया। यह सड़क नगरवासियों के सुगम आवागमन में सहायक होगी और शहरी विकास को नई गति प्रदान करेगी। इस अवसर पर समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद प्रवीण शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विधायक ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मरीजों से ली स्वास्थ्य की जानकारी

## विधायक ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, ली बैठक

**शहडोल।** विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने बुधवार को मेडिकल कॉलेज शहडोल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मेडिकल अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। विधायक ने मेडिकल प्रबंधक से कहा कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाए तथा मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्याए न हो। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त दवाईयां



उपलब्ध रहें तथा मरीजों को वितरित भी करें। साथ ही विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने मेडिकल कॉलेज संबंधित अधिकारियों की बैठक भी ली तथा मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों, दवाई भण्डारण, बेड्स सहित अन्य आवष्यक सुविधाओं के संबंधी में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# डीएम ने ली जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक




**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला अग्रणी कार्यालय की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने समस्त बैंको के शाखा प्रबंधक को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों द्वारा ऋण हेतु दिए गए आवेदनों पर नियमानुसार समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा है कि उन्हें बेहद खुशी हो रही है कि मथुरा जिले के अग्रणी बैंक केनरा बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला वार्षिक ऋण योजना तैयार की है। बैंक ऋण आर्थिक परिवर्तन और जिले में विकास योजना की रीढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। योजना का मुख्य जोर अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऋण का उपयोग करके और उन लोगों को लाकर समावेशी विकास हासिल करना है, जिन्हें औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से बाहर रखा गया है। नाबार्ड की संभावित लिंक्ड क्रेडिट योजना (पीएलपी) और जिले के सभी 10 ब्लॉकों में उपलब्ध क्षमता योजना तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं। जिला/ब्लॉक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों के विकास पैटर्न को ध्यान में रखते हुए एसीपी तैयार करने में नीचे से ऊपर की ओर दृष्टिकोण अपनाया जाता है। मथुरा जिला एक कृषि अर्थव्यवस्था है और इसलिए, परिव्यय का एक बड़ा हिस्सा कृषि क्षेत्र के लिए निर्धारित किया गया है और परिव्यय 4354.60 करोड़ रुपये है। रोजगार के अवसर पैदा करने और नई उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को 6200.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 2025-26 के लिए कुल परिव्यय 13170.06 करोड़ रुपये है, जिसमें से 10945.06 करोड़ रुपये प्राथमिकता क्षेत्र के लिए निर्धारित हैं।

जिला ऋण योजना बीएलबीसी बैठकों और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा के बाद तैयार की गई है। इस योजना को सही तरीके से लागू किया जाना चाहिए ताकि समावेशी विकास हासिल किया जा सके और समाज के वंचित वर्गों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने हितधारकों (मुख्य रूप से बैंकर्स) से आग्रह किया है कि जो जिले के विकास में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, कि वे योजना के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से शामिल हों और विभिन्न क्षेत्रों के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में काम करें, जिससे जिले की प्रगति और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

# सीएम के आगमन से पूर्व डीएम ने अधीनस्थों संग ब्राह्मचंल पहाड़ी पर की साफ सफाई, लगाई झाड़ू

## जिलाधिकारी श्रमदान करते हुए पॉलिथिन, पानी को बोतल, पान मसाले के पैकेट, पानी के पाउच आदि को डस्टबिन में डाला

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह आज सुबह तड़के ही होली की व्यवस्थाओं को लेकर बरसाना रवाना हो गए। जहां पर उन्होंने अपने अधीनस्थों के साथ हेलीपेड का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देश दिए कि हेलीपेड के सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जाएं, हेलीपेड के आस पास गंदगी न रहे



तथा हेलीपैड के आस पास पानी का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्विस कॉटेज का निरीक्षण करे तथा उत्कृष्ट साफ सफाई रखे।

इसके पश्चात जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी रोड पर निकल गए। जिलाधिकारी ने गोवर्धन वाले पुल पर हो रही साफ सफाई को लेकर अवर अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पुल के दोनों तरफ पेंटिंग की जाए तथा दोनों ओर साफ सफाई सुनिश्चित करें। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही को निर्देश दिए कि अपनी देख रख में साफ सफाई बेहतर कराएं, जहां धूल उड़ रही हो वहां पर पानी का छिड़काव करवाया जाए। सड़क के दोनों किनारों से पॉलिथिन, कपड़े, पान मसाले के पैकेट आदि को उठवाकर बाहर फेंका जाए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने रोप वे पर पहुंच कर व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, ईओ एवं सफाई कर्मियों के साथ रोप वे पर साफ सफाई की और रोप वे की नाली स्वयं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश

# ब्रज होली 2025 में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधाओं हेतु डीएम और डीआईजी ने किया क्यू.आर. कोड एवं ब्रजहोली.को.इन साइट का विमोचन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में क्यू.आर.कोड एवं ब्रजहोली.को.इन साइट का विमोचन किया।




जिलाधिकारी ने कहा कि ब्रज में होली का त्योहार एक भव्य उत्सव है, जिसमें देश और विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस दौरान सड़कों पर भारी भीड़ और यातायात की समस्या हो सकती है। यात्रियों की सुविधा के लिए ब्रज की होली के दौरान मार्ग, पार्किंग, डाइवर्जन आदि सहायता प्राप्त करने के लिए क्यूआर को स्कैन कर सकते है या ब्रजहोली.को.इन को अपने मोबाइल फोन पर ओपन कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। श्रद्धालु एवं पर्यटक गूगल में कैमरा बटन पर क्लिक करें और क्यूआर स्कैन करके ब्रज दर्शन के बारे में रूट मैप, पार्किंग मैप, डाइवर्जन और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# पीएम व सीएम की महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा चौमुखी विकास-आत्म प्रकाश रस्तोगी

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**
**जितेन्द्र शुक्ल ब्यूरो**

सीतापुर। ग्रामीण क्षेत्रों में चौमुखी विकास के लिये शासन द्वारा विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की तरफ पलायन कर रहे ग्रामीणों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही रोजगार देकर रोका जा सके आदि विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत में धरातल पर हो रहे विकास की जानकारी के लिए समाचार पत्र की टीम के द्वारा खण्ड विकास अधिकारी हरगांव आत्मप्रकाश रस्तोगी से ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न जारी योजनाओं के सम्बन्ध में बात की गई पेश है वार्ता के प्रमुख अंश।

**प्रश्न- ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को किस प्रकार सशक्त किया जा रहा है?**

उत्तर- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के द्वारा महिला सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिस सम्बन्ध में समय समय पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी के द्वारा दिशा निर्देश भी जारी किये जाते रहे है जारी दिशा निर्देश के अनुसार एनआरएलएम योजना के अन्तर्गत महिला सशक्तीकरण पर विशेष दिया जा रहा है महिलाओं को समूह के माध्यम से जहाँ एक तरफ जागरूक किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ समूह के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न रोजगार के अवसर भी प्रदान किये जा रहे है जिससे ग्रामीण स्तर पर महिलाएं सशक्त हो सके। मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति भी समय समय पर जागरूक किया जाता है जिससे महिलाओं के अधिकारों का हनन न होने पाये।

**प्रश्न - शासन के द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर शिक्षा को लेकर जो विभिन्न योजनाएं जारी की गई उन्हे किस प्रकाश संचालित किया जा रहा है?**

उत्तर- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षा को विशेष महत्व दिया जा रहा है जिसके लिये जारी योजनाओं को धरातल पर विशेष निगरानी के साथ संचालित किया जा रहा है जिसका समय समय पर सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण भी किया जा रहा है। ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है साथ ही जारी नियमानुसार प्राथमिक व उच्चा प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को सुंविधाएं मुहैया कराई जा रही है । जारी आदेशानुसार विद्यालयों के कालाकल्प पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है साथ ही छात्र-छात्राओं को माध्यान भोजना आदि पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है विद्यालयों में बच्चों के खाने के लिये सुविधानुसार किंचन सेट बनवाये गये है और खेलने के लिये विशेष व्यवस्थाएं की गई है। जिससे जारी योजनाएं धरातल पर पूर्ण ईमानदारी के साथ संचालित हो सके।

**प्रश्न- रोजगार के लिये शहरों की तरफ पलायन कर रहे श्रमिको को ग्रामीण क्षेत्रों में किस प्रकार रोका जा रहा है?**

उत्तर-ग्रामीण क्षेत्रो के श्रमिक जो शहरों की तरफ रोजगार के लिये पलायन कर रहे थे प्रधान मंत्री व मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन में मनरेगा आदि विभिन्न योजनाओं के तहत ग्रामीण श्रमिकों को अधिक से अधिक योजनान्तर्गत ग्राम स्तर पर ही रोजगार मुहैया कराये जा रहा है जिस वजह से ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों को गांव में रोजगार मिल रहा है जिससे रोजगार के लिये पलायन कर रहे श्रमिको को काफी हद तक रोका जा सका है।



**प्रश्न- विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों को किस प्रकार जागरूक किया जा रहा है?**

उत्तर- जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया है। जिसमें समय समय पर ग्राम प्रधान व सचिव की संयुक्त अध्यक्षता के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर अन्य विकास खण्ड के उच्चाधिकारियों के माध्यम से बैठक करके ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जारी योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूक किया जाता है साथ ही समय समय पर ग्रामीणों को एलसीडी के माध्यम से प्रधानमंत्री के मन की बात भी दिखाई जाती है। जिससे ग्रामीणों को अधिक से अधिक जानकारी मिली सके। पंचायत भवनों पर पंचायत सहायकों की नियुक्ति शासन द्वारा की गई है जिससे ग्रामीणों को योजनाओं के विषय में जागरूक तो किया जाता है साथ ही अगर किसी को आय जाति, जॉब कार्ड आदि विभिन्न कार्यो की आवश्यकता पड़ती है तो ग्राम पंचायत स्तर पर ही बन जाते है जिसके लिये पहले ग्रामीणों को शहरों के चक्कर लगाने पड़ते थे अब वह सभी कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर हो जाते है साथ ही ग्रामीणों को छोटे छोटे कार्यो के लिये ब्लाक के चक्कर लगाने पड़ते थे निर्धारित समय पर अधिकारियों के पंचायत भवन में बैठने से ग्रामीणों को बहुत राहत मिल रही है। जिन कार्यो के लिये ग्रामीणों को ब्लाक आना पड़ता था। वह अब ग्राम पंचायत स्तर पर ही हो रहे है।

**प्रश्न-ग्रामीण स्तर पर ग्रामीणों को व्यायाम आदि के लिये क्या व्यवस्था की गई है ?**

उत्तर- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन में विभन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर अमृत सरोवर वाटिका, खेल के मैदान आदि विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है जिससे ग्रामीणों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही बहुत सी सुविधाएं मुहैया हो रही है वहीं बच्चों द्वारा व्यायाम आदि भी किया जाता है व बुजुर्ग लोग भी वाटिका में आकर योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है जिसके लिये पहले ग्रामीणों को अन्य स्थानों पर जाना पड़ता था अब ग्राम पंचायतों में ही खेल कूद आदि के विभिन्न माध्यम प्राप्त हो रहे है।

**प्रश्न-गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगो के लिये क्या योजनाएं चलाई जा रही है?**

उत्तर- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्रामीणों क्षेत्रों के लोगों को छत मुहैया कराई जा रही है जिससे लाभार्थी को अपना घर मिल सके व अपने परिवार के साथ वह ग्रामीण स्तर पर ही रह सके। अक्सर ग्रामीणों के पास अपना घर न होने के कारण व संशाधनो के अभाव के कारण ग्रामीणों को शहरों में जाकर किराये आदि पर रहना पड़ता था व रोजगार तलाशना पड़ता था अब गांव में ही लोगों को रोजगार मिल रहा है साथ ही पात्र ग्रामीणों का सर्वे कराकर उन्हे योजनान्तर्गत आवास भी मुहैया करवाये जा रहे है जिससे लाभार्थी के पास अपना घर हो सके व जारी योजनाओं का वह लाभ प्राप्त कर सके। यह विशेष रखा जा रहा है कि हर पात्र को शासन से आवंटित पूरी धनराशि प्राप्त हो सके जिसके लिये समय समय पर निरीक्षण भी किया जाता रहता है।

**प्रश्न- आवास योजना में निष्पक्षता के सम्बन्ध में क्या प्रयास किये जा रहे है?**

उत्तर- जारी आदेशानुसार आवास में हर पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ मिल सके व कोई भी पात्र छूट न जाये इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर निष्पक्षता से सर्वे करवाया जा रहा है साथ ही ग्रामीण स्तर पर जिम्मेदारों के द्वारा ग्रामीणों की फैमली आईडी बनवाई जा रही है जिससे सभी को योजना का लाभ मिल सके।

**प्रश्न- स्वच्छता को लेकर ग्राम पंचायतों में क्या अभियान चलाये जा रहे है?**

उत्तर -स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में साफा सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को गम्भीर बीमारियों से बचाया जा सके व ग्राम पंचायते साफ सुथरी रह सके। एसएलडब्लूएम ग्रामीण योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में आर आर सेण्टरों का निर्माण कराया गया है जिससे ग्रामीण दैनिक कचड़े को इधर उधर न फके व कचड़ा मात्र आर आर सेण्टर तक पहुंचे इसके लिये ईरिक्शा आदि विभिन्न साधन भी लगाये गये है। जिन साधनों में नियमानुसार कचड़े को लाया जाता है व आर आर सेण्टर तक पहुंचाया जाता है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई के लिये सफाईकर्मी तो लगे ही है उसके बाद भी जारी आदेशानुसार कलेस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों की साफ सफाई कराई जाती है व लोगों को स्वच्छता के प्रति अभियान चलाकर जागरूक किया जाता है।

**प्रश्न- निराश्रित पशुओं के लिये क्या व्यवस्था की जा रही है?**

उत्तर- जारी आदेशानुसार निराश्रित व आवारा घूम रहे पशुओं के लिये अधिक से अधिक गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। जिससे निराश्रित पशुओं को आश्रय मिल सके व इधर उधर घूम रहे पशुओं को गौशाला में उचित रहने खाने व स्वास्थ्य आदि की व्यवस्था मिल सके। जिससे जहां सड़को पर घूम रहे पशुओं को आश्रय मिल रहा है वही दूसरी तरफ हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा रहा है। साथ ही ग्रामीण लोगों को पशु पालन के लिये जागरूक किया जाता है व जारी योजनाओं के विषय में बताया जाता है जिससे ग्रामीण अपनी इच्छा अनुसार पशु पाल करे व जारी योजनाओं का लाभ उठा सके। शासन द्वारा गौवंश पालन किये जाने के लिये विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। जिस सम्बन्ध में समय समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है और लोग इसका लाभ भी पा रहे है।

**प्रश्न-' ग्राम पंचयायतों में विकास कार्य के लिये क्या योजना चलाई जा रही है ?**

उत्तर- शासन से जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायतों में प्रधान मंत्री व मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है जिसमें सर्व प्रथम विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत उन कार्यो को वरीयता दी जाती है जो ग्राम पंचायत में अति आवश्यक होते है जैसे कि सार्वजनिक स्थलों पर आने जाने वाले मार्गो का निर्माण, विद्यालय की बाउण्ड्री का निर्माण, खेल मैदान आदि का निर्माण तो विशेष वरीयताएं दी जाती है जिससे ग्रामीण योजनाओ ंका लाभ उठा सके।

**प्रश्न- ग्राम पंचायतों को खुले शौच से मुक्त किस प्रकार किया जा रहा है?**

उत्तर- स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक पात्र ग्रामीणों को शौचालय मुहैया करवाये गये है जिससे ग्राम पंचायतें खुले में शौच से मुक्त हो सके इसके साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर सामुदायिक शौचालय भी निर्माण कराया गया है जिससे ग्रामीण उसका इस्तेमाल कर सके साथ ही समूह के माध्यम से सामुदायिक शौचालय का रखरखाव भी किया जा रहा है।

**प्रश्न-प्रदूषण को लेकर ग्राम पंचायतों में क्या अभियान चलाये जा रहे है?**

उत्तर- प्रदेश व केन्द्र सरकार के निर्देश पर समय समय पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। जिससे प्रर्यावरण को संतुलित रखा जा सके। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक पौध रोपण सार्वजनिक स्थलों पर करवाया जा रहा है जिससे जहां प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकेगा वहीं अधिक वृक्षों के लगने से ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण का लाभ मिलेगा।

**प्रश्न- शुद्ध पेयजल के लिये ग्राम पंचायतों में क्या व्यवस्थाएं संचालित की जा रही है?**


उत्तर- शुद्ध पेयजल के लिये जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में हर घर नल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण शासन द्वारा कराया जा रहा है जो कि कार्यप्रगति पर है साथ ही यह विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की दिक्कत न हो जिसके तहत ग्राम पंचायतों में हैण्डपम्पों का समय समय पर मरम्मत आवश्यकता पड़ने पर रिबोर व निर्माण भी कराये जाते है जिससे लोगों को पेयजल का लाभ मिल सके। साथ ही ग्रामीणों में तालाबों में भी जल भरवाया जाता है जिससे पशुओं को भी जल का लाभ मिल सके।

ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को लेकर ग्राम पंचायत में चौमुखी विकास के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी हरगांव श्री रस्तोगी द्वारा जो जानकारियां दी गई जो कि धरातल पर संचालित योजनाओं को समय समय पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी के नेतृत्व में निरीक्षण भी किया जाता रहता है जिससे ग्रामीण स्तर पर जारी योजनाएं अंतिम पांवदान तक भ्रष्टाचार मुक्त होकर पहुंच सके व हर पात्र लाभार्थी को जारी योजनाओं का लाभ मिल सके ।जिस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों द्वारा समय समय पर समीक्षा बैठक कर उचित दिशा निर्देश भी की जाते रहते है।

# ड्रग्स के खिलाफ युद्ध की शुरूआत, ड्रग्स को जड़ से खत्म करने और ड्रग तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**

माननीय मुख्यमंत्री पंजाब एवं डी.एच.जी.पी., पंजाब के निर्देशों पर नशे को जड़ से खत्म करने के लिए नशे के खिलाफ जंग छेड़ी गई है, अमृतसर के मुस्तफाबाद, 06 वार्ड पंडोरा सुल्तानविंड, गुरु की वडाली छेहरटा और तुंगपाई रसूलपुर कल्लर के क्षेत्र में लगभग 300 कर्मियों द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया।



श्रीमती शशि प्रभा दुबे, आईपीएस, विशेष डीजीपी, रेलवे, पंजाब ने कमिश्नरेट पुलिस, अमृतसर में चल रहे तलाशी अभियानों की समीक्षा की। इस समय अमृतसर के पुलिस कमिश्नर श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर, आईपीएस तथा अन्य अधिकारी उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही पुलिस सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों/कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बैठकें आयोजित करके नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाली हानि के बारे में जागरूकता बढ़ा रही है। जो लोग नशे के दलदल में फंसे हुए हैं, उन्हें नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए प्रेरित किया जाएगा और नशा पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कराया जाएगा।

ड्रग्स के खिलाफ युद्ध का महीना 1 मार्च 2025 से शुरू किया गया है। परिणामस्वरूप, पिछले 04 दिनों (01-03-2025 से 04-03-2025) में कमिश्नरेट पुलिस, अमृतसर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों के कर्मचारियों द्वारा एनडीपीएस अधिनियम के तहत 27 मामले दर्ज किए गए हैं और 37 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और निम्नलिखित जब्त किए गए हैं:- 1. हेरोइन:- 09 किलो 788 ग्राम 2. अफीम:- 02 किलो 29 ग्राम 3. मादक कैप्सूल/टैबलेट:- 1648 4. ड्रग मनी:- 07 लाख 84 हजार 670/-रुपये5. वाहन:- 05 इसके अतिरिक्त माह 01-01-2025 से 28-02-2025 (जनवरी-फरवरी) के दौरान एनडीपीएस एक्ट के 59 मामले दर्ज किए गए तथा 126 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर निम्नानुसार बरामद किया गया:-

1. हेरोइन 26 किलो 462 ग्राम 2. अफीम 05 किलो 300 ग्राम 3. आइस ड्रग 372 ग्राम 4. मादक गोलियां/कैप्सूल 24,018 5. इंजेक्शन 15506. ड्रग मनी 24 लाख 66 हजार 360 रुपए। 7. वाहन 14

एनडीपीएस अधिनियम के तहत 13 पीओ। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# श्रद्धालुओं ने उतारी केन मां की आरती, सोना खदान पर हो रहे अवैध खनन पर जाहिर की गई नाराजगी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा।** बांदा के भूरागढ़ क्षेत्र के केन नदी आरती स्थल पर श्रद्धालुओं ने सायंकाल को केन मां की भव्य आरती उतारी, इसमें तमाम श्रद्धालु जन लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाता है जिसमें पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहता है। आज के केन आरती कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं ने केन नदी को लेकर चिंता जताई साथ ही नदी में हो रहे अवैध खनन को लेकर नाराजगी भी जाहिर की है। श्रद्धालुओं और जानकारों ने बताया कि केन आरती घाट से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर सोना खदान है जिसके अंतर्गत नदी के पानी को रोककर धारा की दिशा बदल दी गई है और नदी अब नाले के सामान प्रतीत हो रही है। समिति के जिलाध्यक्ष व जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने इसपर काफी नाराजगी व्यक्त की और अपने वक्तव्य में कहा कि जिले के आला अधिकारियों को मालूम होते हुए भी अवैध खनन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। वहीं प्रशासन के चुप रहने से खदान संचालकों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं और पोकलैंड मशीनों से नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने कहा कि जो नदी की दुर्गति के जिम्मेदार हैं उनपर जल्द से जल्द कोई ठोस कार्यवाही होनी चाहिए और जिला प्रशासन को नदी की स्थिति को देखते हुए इसे बचाने में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम में पुष्पा देवी, सभासद राम प्रताप राजपूत, प्रेमचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोप दीपक शुक्ला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा, जिला मंत्री कमलेश कुमार गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार, नगर अध्यक्ष बृजकिशोर द्विवेदी, जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति सहित तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने उतारी केन मां की आरती, सोना खदान पर हो रहे अवैध खनन पर जाहिर की गई नाराजगी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा।** बांदा के भूरागढ़ क्षेत्र के केन नदी आरती स्थल पर श्रद्धालुओं ने सायंकाल को केन मां की भव्य आरती उतारी, इसमें तमाम श्रद्धालु जन लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाता है जिसमें पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहता है। आज के केन आरती कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं ने केन नदी को लेकर चिंता जताई साथ ही नदी में हो रहे अवैध खनन को लेकर नाराजगी भी जाहिर की है। श्रद्धालुओं और जानकारों ने बताया कि केन आरती घाट से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर सोना खदान है जिसके अंतर्गत नदी के पानी को रोककर धारा की दिशा बदल दी गई है और नदी अब नाले के सामान प्रतीत हो रही है। समिति के जिलाध्यक्ष व जिला



संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने इसपर काफी नाराजगी व्यक्त की और अपने वक्तव्य में कहा कि जिले के आला अधिकारियों को मालूम होते हुए भी अवैध खनन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। वहीं प्रशासन के चुप रहने से खदान संचालकों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं और पोकलैंड मशीनों से नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने कहा कि जो नदी की दुर्गति के जिम्मेदार हैं उनपर जल्द से जल्द कोई ठोस कार्यवाही होनी चाहिए और जिला प्रशासन को नदी की स्थिति को देखते हुए इसे बचाने में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम में पुष्पा देवी, सभासद राम प्रताप राजपूत, प्रेमचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोप दीपक शुक्ला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा, जिला मंत्री कमलेश कुमार गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार, नगर अध्यक्ष बृजकिशोर द्विवेदी, जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति सहित तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

# नकल पर रोक लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग : अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक

**अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने किया विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा जिला में बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई बोर्ड की परीक्षाएं**


नूंह, 5 मार्च- नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने बुधवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक (नियमित/पुन: प्रकट/मुक्त विद्यालय) व डी.एल.एड की परीक्षाओं के लिए बनाए गए जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नकल रहित परीक्षाओं के संचालन के जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रश्न-पत्र डिस्पैच, उत्तर पुस्तिका वितरण व संबंधित दस्तावेज के रख-रखाव संबंधी सुरक्षा व्यवस्थाओं की चेकिंग की। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर ड्यूटी पर तैनात संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला प्रशासन का प्रयास है कि नकल के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति के तहत कार्य किया जाए और जिला नूंह में नकल रहित परीक्षाएं आयोजित की जाएं। एडीसी ने परीक्षा स्थल पर मौजूद शिक्षा विभाग के अधिकारियों से परीक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर सीनियर अधिकारियों को अलग से नियुक्त किया गया, ताकि नकल रहित प्रबंधों को और पुख्ता किया जा सके। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से पल-पल की रिपोर्ट ली जा रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की निर्धारित तिथियों के अनुसार दसवीं की परीक्षा 19 मार्च तथा बारहवीं की परीक्षा 28 मार्च तक चलेंगी।




अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिला में चल रही हरियाणा बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित की जा रही है। बुधवार को किसी भी परीक्षा केंद्र पर नकल जैसे मामलों की सूचना नहीं मिली है। प्रदीप मालिक ने सबसे पहले माउंट अरावली स्कूल में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने एसओएस स्कूल, हिंदू स्कूल के पास राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने परीक्षा केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला में नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। जिला में बनाए गए कुल 59 परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में बाहरी व्यक्ति के आगमन पर रोक लगाई गई है तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात कर इन आदेशों की सख्त अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर अगर नकल जैसी गड़बड़ी की सूचना मिलती है तो पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जा रही है। इनके अलावा पीसीआर, राइडर्स व पेट्रोलिंग टीमें भी निरंतर परीक्षा केंद्रों के आसपास पैनी नजर रख रही हैं। अगर कोई बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्रों के आसपास हस्तक्षेप करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# डीएम, एसपी की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट लेवल पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**



**पीलीभीत।** बुधवार को सम्मेलन कक्ष पीलीभीत में डीएम संजय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों होली, रमजान, नवरात्रि एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, नगर एवं ग्राम प्रतिनिधियों, धार्मिक गुरुओं, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

### साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने पर जोर

■ सभी समुदायों से अपील की गई कि वे आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखें।

■ सोशल मीडिया पर भ्रामक व भड़काऊ पोस्ट से बचने की सलाह दी गई।

■ शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरुप ही ध्वनि विस्तारक यन्त्र(लाउडस्पीकर) का प्रयोग किया जायेगा।

### कानून-व्यवस्था की समीक्षा

■अवैध शराब का निष्कर्षण व जंगली जीवों का शिकार करने वालो के विरुद्ध टीम गठित कर कार्यवाही की जायेगी।

■संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर पुलिस गश्त बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

■किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।

### ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण प्रबंधन

■त्यौहारों के दौरान प्रमुख स्थानों पर यातायात नियंत्रण हेतु विशेष व्यवस्था की जाएगी।

■भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बैरिकेडिंग एवं अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

### स्वच्छता एवं व्यवस्था

नगर निगम/ग्राम पंचायतों को सार्वजनिक स्थलों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

■ धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने हेतु विशेष दल नियुक्त किए जाएंगे।

### जनसहयोग एवं संवाद

■ नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

■ किसी भी समस्या या आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या प्रशासन को सूचित करने हेतु बताया गया। बैठक में उपस्थित सभी व्यक्तियों ने प्रशासन को अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए और आश्वासन दिया कि त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग देंगे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी मुस्तैदी से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर रहेगा और किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना को रोकने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी, क्षेत्राधिकारी बीसलपुर प्रतीक दहिया, सीएफओ अनुराग सिंह, एफएसआई आकाश कुमार, नगर एवं सदर क्षेत्र के थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# श्री रामचरित्रमानस के 69 में अखिल महायज्ञाधिवेशन का किया गया आयोजन

## हजारों की संख्या में कुमारी कन्या एवं महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया

**अंशु कुमार मुरलीगंज**







**मधेपुरा** दिनांक 4 मार्च 2025 से दिनांक 7 मार्च 2025 तक होने वाले श्री रामचरितमानस 69वां अखिल महायज्ञाधिवेशन को लेकर आज दिनांक 4 मार्च 2025 रोज मंगलवार को मधेपुरा जिला के हरिपुर कला पंचायत के अमारी राम जानकी ठाकुरबाड़ी मठ से हजारों की संख्या में कुमारी कन्याओं के साथ महिलाओं ने निकाला भव्य कलश यात्रा। जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती मंजू देवी ने दीपक प्रज्वलित कर इस महायज्ञ का शुभारंभ किया। चार दिवसीय चलने वाली इस महायज्ञ में समाजसेवी विश्वजीत कुमार उर्फ पिंटू मुखिया मुरलीगंज नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्वेत कमाल बौआ जी शामिल रहेंगे। आज की शोभायात्रा में वृंदावन एवं राम जन्मभूमि अयोध्या से आए कई संत महात्मा शामिल हुए, यह शोभा यात्रा हरिपुर कला पंचायत के अमारी मठ से निकलकर तीनकोनवा सिंघयाण के जे0बी0सी0 नहर से सभी कलश यात्रियों ने जल भरकर पूरे हरिपुर कला का भ्रमण करते हुए पुण: अमारी मठ पर पहुंचे। भगवान श्री राम एवं हनुमान जी की आकर्षक प्रतिमा इस महायज्ञ में बनाई गई है। बाहर से आने वाले जितने भी श्रद्धालु हैं उनके लिए रहने खान एवं शुद्ध पेयजल की निशुल्क व्यवस्था की गई है। इस महायज्ञ में उत्तर प्रदेश, वृंदावन, मथुरा एवं बिहार के कई प्रांतों से कथा वाचन एवं कथा वाचिका पधार रहे हैं। आयोजन में आई जिला परिषद अध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि पूजा भक्ति से लोगों के भीतर नई ऊर्जा का स्रोत होता है एवं मान को शांति मिलती है इतना बड़ा आयोजन होना हरिपुर कला पंचायत के लिए गर्व एवं सौभाग्य की बात है।

# पीलीभीत के रेलवे स्टेशन परिसर में दिखा भालू; वन विभाग ने पकड़ा, गेस्ट हाऊस में हो रही निगरानी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**



पीलीभीत: जिले के माला रेलवे स्टेशन परिसर में बुधवार सुबह उस समय गहमागहमी मच गई, जब एक भालू वहां टहलता नजर आया. लोगों ने जब भालू को मस्तमौला अंदाज में चहलकदमी करते देखा तो वन विभाग की टीम को जानकारी दी गई. सूचना पर पहुंची टीम ने भालू को रेस्क्यू किया और पीलीभीत के माला गेस्ट हाउस में रखा गया है. भालू को रेलवे स्टेशन परिसर में घूमता देख कई लोगों ने वीडियो बनाए, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

बता दें कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में वन्यजीवों की भरमार है. यहां देश-विदेश से हर साल सैकड़ो की तादाद में पर्यटक वन्यजीवों का दीदार करने पहुंचते हैं. साथ ही इस एरिया में पर्यटन का लुफ्त उठाते हैं. पीलीभीत टाइगर रिजर्व आने वाले पर्यटकों को जंगल के अंदर वन्यजीवों के दीदार होते हैं. वहीं टाइगर रिजर्व की सीमा खुली होने के कारण यहां अक्सर वन्य जीव जंगल से निकलकर बाहर आबादी के करीब पहुंच जाते हैं.

सुबह-सुबह दिखा भालू: बुधवार सुबह एक भालू पीलीभीत के माला रेलवे स्टेशन के आसपास घूमता हुआ नजर आया. स्थानीय लोगों की नजर जब भालू पर पड़ी तो उन्होंने पूरे मामले की सूचना वन विभाग की टीम को दी. जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर जंगल से बाहर निकलकर आबादी के करीब घूम रहे भालू का रेस्क्यू किया. भालू का वीडियो वायरल हुआ: फिलहाल, भालू को माला गेस्ट हाउस में निगरानी के बीच रखा गया है. वहीं, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से बाहर निकलकर स्टेशन परिसर के आसपास घूम रहे भालू का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे भालू मस्तमौला अंदाज में अपनी ही धुन में स्टेशन परिसर के आसपास घूमता नजर आ रहा है. भालू को देखने के लिए आसपास लोगों की भीड़ जमा है.

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि जंगल से निकलकर एक भालू रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गया था. भालू को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है. उसकी निगरानी की जा रही है.

# ट्रेड वॉर के तनाव के बीच खाद्य तेलों में कमजोरी बनी हुई है : सुरेश भाई ठक्कर

**केसरिया हिंदुस्तान**

(उदय ठक्कर मुंबई) कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा सीबीओटी सोया काम्प्लेक्स बढ़ते व्यापार तनाव के चलते कल रात सीबीओटी सोया काम्प्लेक्स में गिरावट चीन ने तीन अमेरिकी निर्यातकों से सोयाबीन का आयात रोका। तीन कंपनियां सीएचएस इंक, लुई ड्रेफस कंपनी ग्रेन मर्चेंडाइजिंग एलएलसी और ईजीटी हैं। चीन की कार्रवाई अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त 10त्न टैरिफ के प्रतिशोध के रूप में आई। 25त्न अमेरिकी टैरिफ के जवाब में, कनाडा ने भी अमेरिकी आयात पर 25प्रतिशत तर्फिफ के साथ जवाब दिया। टैरिफ चिंताओं के साथ साथ, दक्षिण अमेरिका की फसल स्थिति में सुधार ने भी दबाव डाला।

अंतराष्ट्रीय खादय तेल बाजार: ट्रेड वॉर की चिंता से वैश्विक बाजार पर दबाव बना हुआ है। डीसीई (चीन) में कमजोरी के चलते केएलसी स्थिर से हलकी गिरावट के साथ खुला। *मलेशिया में पाम तेल के कमजोर स्टॉक से मौजूदा स्तरों पर केएलसी को समर्थन मिल रहा है।*हालांकि पाम तेल के उत्पादन में सुधार और सुस्त मांग से दबाव बना रहेगा।* केएलसी (मई) का समर्थन 4250 के आसपास देखा गया जबकि 4500 पर रेजिस्टेंस। विदेशी बाजारों से आज घरेल बाजार पर क्या असर? अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी से भारतीय खाद्य तेल बाजार दबाव में। ड्यूटी बढ़ाने की अफवाहों से अब कोई समर्थन नहीं क्योंकि व्यापार जगत को इसकी उम्मीद कम। सोया तेल ने 1200 के स्तर से अपनी तेजी शुरू की थी जहां तक फिर फिसल रहा है। पाम तेल भी 1300 के स्तर का परीक्षण करने की तलाश में है जहां इसकी रिकवरी शुरू हुई थी। सरसों तेल भी कमजोर दिख रहा है और एक बार फिर 1300 से नीचे फिसल सकता है। फिलहाल लंबी अवधि की खरीदारी से बचें और खाद्य तेल की कीमतों को समर्थन स्तर पर लौटने देंद्य*

# बीबीकेडीए वी कॉलेज फॉर विमेन ने जी एन डी यू ओवरऑल फर्स्ट रनर-अप जनरल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप ट्रॉफी (महिला) 2023-2024 जीती

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**



बी बी के डी ए वी कॉलेज फॉर विमेन को खेल निदेशालय, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में वर्ष 2023-24 के लिए जी एन डी यू ओवरऑल फर्स्ट रनर-अप जनरल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप ट्रॉफी (महिला) से सम्मानित किया गया। खेलों में उनकी असाधारण उपलब्धियों के सम्मान में, जी एन डी यू के कुलपति डॉ. करमजीत सिंह ने कॉलेज की 29 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ?14 लाख के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में, सुश्री अगाशे सुशीला दुर्गाप्रसाद (साइक्लिंग) और सुश्री दानोल पूजा बाबन (साइक्लिंग) को क्रमश: ?6 लाख और ?2 लाख का सर्वोच्च नकद पुरस्कार मिला। बी बी के डी ए वी कॉलेज ने 22 अंतर-कॉलेज प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया और 16 स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। कॉलेज ने वेट लिफ्टिंग, पिस्टल शूटिंग और कैनोइंग में तीन चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतीं। इसके अतिरिक्त, सात टीमों ने बास्केटबॉल, ट्रैक साइक्लिंग, रोड साइक्लिंग, हॉकी, रग्बी, वुशु और सॉफ्टबॉल में प्रथम रनर-अप स्थान हासिल किया, जबकि छह टीमों ने फुटबॉल, रिदमिक जिम्नास्टिक, वॉलीबॉल, पेनकैक सिलाट, कायाकिंग और बॉक्सिंग में दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर वालिया ने खिलाड़ियों और कर्मचारियों को बधाई दी और इस बात पर जोर दिया कि जीएनडीयू में महिला कॉलेजों के बीच कॉलेज का प्रथम रनर-अप स्थान एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय संस्थान के अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे और एथलीटों के लिए समर्पित समर्थन को दिया।

इस कार्यक्रम में डी ए वी सी एम सी के उपाध्यक्ष श्री रमेश आर्य और नेशनल एजुकेशन ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सी ई ओ श्री समर्थ शर्मा के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

# तेज़ रफ्तार से आ रही रोडवेज मारी टक्कर एक युवक की हुई मौत

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



**बाँदा** तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक व्यक्ति को मारी जोरदार टक्कर, इलाज के दौरान हुई मौत। स्थानीय लोगों सहित पुलिस ने घायल व्यक्ति को इलाज हेतु जिला अस्पताल में कराया भर्ती। जहां इलाज के दौरान हुई घायल व्यक्ति की मौत। घायल व्यक्ति की पहचान करने में जुटी पुलिस,, वहीं कार्रवाई करते हुए मृतक का शव भेजा गया मोर्चरी। पूरा मामला बाँदा जनपद के कोतवाली अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक का है,

# भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) ने उठाई सर्किल रेट के चार गुना मुआवजे की मांग

**दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)**



आगरा। भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पुष्पेंद्र सिंह व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज सिकरवार की मौजूदगी में ग्राम कराहरा में मीटिंग का आयोजन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पुष्पेंद्र सिंह का कहना था कि भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) नमामि गंगे परियोजना के तहत हर घर गंगाजल योजना में किसानों को सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा नहीं दिया जा रहा है सरकार द्वारा केवल रुपए 50 वर्ग मीटर के हिसाब से मुआवजा देने की बोल रही है जबकि भारतीय किसान मजदूरी यूनियन (धीरज) सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा मांग रही है तथा जिन जगहों पर सर्किल रेट कम है उन पर सर्किल रेट के 8 गुना मुआवजे की बात पर अडी हुई है भारतीय किसान मजदूर यूनियन धीरज की टीम गांव गांव जाकर किसानों को एकत्रित करेगी और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज) सिकरवार ने कहा कि भारतीय किसान मजदूरी यूनियन (धीरज) किसानों को सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिलवाकर ही दम लेगी अगर सरकार इस बात पर राजी नहीं होती है तो हम किसी भी हद पर जाने के लिए तैयार हैं।

## मटर- रुक-रुक कर तेज होगा : सुरेश भाई ठक्कर

**केसरिया हिंदुस्तान**

(उदय ठक्कर मुंबई) कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ के अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा 4 मार्च गत सप्ताह शुल्क मुक्त आयात बंद हो गया, जिससे भारतीय बंदरगाहों पर बाजार 2 रुपए बढ़ाकर 40/41 रुपए प्रति किलो बोलने लगे। बाजार में भी जो मटर 44/45 रुपए प्रति किलो बिक रही थी, उसके बाद 46/47 रुपए हो गए। छनी हुई मटर रेपुटेशन के हिसाब से अलग-अलग क्वालिटी की ऊंची बोली गई। हम मानते हैं कि मटर का स्टाक मंडियों में प्रचुर मात्रा में पड़ा हुआ है, लेकिन घरेलू फसल केवल 10 प्रतिशत रह जाने से भविष्य में अच्छी तेजी लग रही है। पिछले दो वर्षों से आयात जबरदस्त रहा है, इस वजह से भारतीय बंदरगाहों पर माल का स्टॉक डंप हो जाने से बाजार टूट कर पिछले दिनों पानी-पानी हो गए थे। इस बार किसान भी मटर की बिजाई से पीछे हट गए हैं तथा अपनी बोई हुई फसल को सब्जी में बेचकर गेहूं की बिजाई उस खेत में कर दिए हैं, इस वजह से आने वाली फसल काफी कम आने वाली है। कनाडा के पड़ते भी अब ऊंचे लगने लगे हैं, इन परिस्थितियों में बाजार तीन-चार रुपए प्रति किलो बढ़ गया है तथा आगे भी रुक-रुक कर तेजी कायम रहने की संभावना है।

# शास्त्री जी अपने प्रवचन में बताया ईश्वर सर्वशक्तिमान है

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

पीलीभीत-बरखेड़ा। वेद प्रचार महोत्सव एवं आर्य सम्मेलन समारोह मसीत में तीसरे अंतिम दिन आज मंगलवार को सुबह 9 बजे यज्ञ में गाँव के यजमान तेजपाल गंगवार ब रामनरेश ने सपरिवार कई लोगो के साथ यज्ञ में आहुतियां दे गयी।जिसके बाद दोपहर 2 बजे से आर्य सम्मेलन में भजनों गीतों के माध्यम से सहसवान बदायूं से पधारी वेद विदुषी बहन अलका आर्य एवं प.उदयभानु ने गीत संगीत के माध्यम से पंडाल में आये श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया इसके बाद सम्मेलन की व्यास गद्दी पर आसीन होकर पं0 नेम प्रकाश शास्त्री जी लखनऊ ने अपने प्रवचन में बताया कि वेद हमारी सबसे प्राचीन रचना हैं इसे ईश्वर द्वारा स्वयं लिखा गया हैं ,छुआछूत ,नारी पाखंड,अंधविश्वास, से हटकर वेदवियास को पहचान कर बिना किसी आडम्बर के ईश्वर को जाने जो सर्वशक्तिमान हैं। कार्यक्रम का संचालन पं0 इन्द्र पाल जिज्ञानसु ने किया ।

# होली पर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के साथ स्वच्छता का संदेश देगा बरसाना, डीएम ने लगाई झाड़ू

## सात मार्च को मुख्यमंत्री के साथ लाखों होली के मतवाले पहुंचेंगे बरसाना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



**मथुरा।** बरसाना की प्रसिद्ध लड्डू मार और लट्ठ मार होली को लेकर जिलाधिकारी काफी गंभीर है। बुधवार सुबह उन्होंने दलबल के साथ बरसाना पहुंचकर अपने हाथों से झाड़ू लगा कर स्वच्छता बनाए रखने का आवाहन किया। जिलाधिकारी सीपी सिंह अधिकारियों कर्मचारियों के साथ प्रात: 7 बजे के आसपास बरसाना कस्बा पहुंचे। वहां उन्होंने राधा रानी मंदिर के लिए जाने वाले रोप-वे के आसपास तथा परिक्रमा मार्ग पर बड़े पैमाने पर स्वयं अपने हाथों से सफाई की।

कुंभ के बाद अब उत्तर प्रदेश में परम्परागत तौर पर पहला धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन मथुरा में होने जा रहा है। बरसाना की होली के रूप में होने जा रहे परम्परागत इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की यह भूमि मुख्यमंत्री और देश विदेश से आ रहे लाखों श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के साथ स्वच्छ वातावरण का भी संदेश देते हुए नजर आएगी।

कुंभ के बाद लोगों का रुख एक बार फिर ब्रज की ओर है। यहाँ अब होली की धूम है। इस बार बरसाना में सात मार्च को लड्डू होली और आठ मार्च को लठा मार होली है। सात मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरसाना में होंगे। ऐसे में स्वच्छ ब्रज की छवि मुख्यमंत्री और होली के लाखों मतवाले के दिलों में उतारने के लिए जिलाधिकारी सीपी सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है। बुधवार को जिलाधिकारी सुबह के वक्त ही बरसाना पहुँच गए। उन्होंने विभिन्न अधिकारियों के साथ स्वच्छ्ता का अभियान छेड़ दिया।

उन्होंने रोप-वे साइट पर खुद सफाई की। यहाँ श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई फूल माला को उन्होंने हटाया। सफाई का यह अभियान दिन भर जारी रहा। श्रीजी मंदिर से जुड़े रास्ते, मंदिर के आसपास का क्षेत्र, रोपवे स्थल पर सफाई की। डीएम सीपी सिंह को सफाई करते देख श्रद्धालु भी कूड़ा फेंकने में सहमे नजर आए।

जिलाधिकारी सीपी सिंह ने लोगों से ब्रज के प्रमुख होली उत्सव पर स्वच्छ्ता में सहयोग करने की अपील भी की। कहा कि ब्रज भूमि आध्यात्मिक और सास्कृतिक स्थली है। यहां देश ही नहीं विदेशों से भी लोग आते हैँ। हमें उन्हें स्वच्छ ब्रज भूमि का अहसास कराना है, जिससे वह फिर लौटकर यहाँ आए, जिससे स्थानीय लोगों का रोजगार भी बढ़ेगा ।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सफाई कार्य के उपरांत हेलीपेड का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देश दिए कि हेलीपेड के सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जाएं, हेलीपेड के आस पास गंदगी न रहे तथा हेलीपैड के आस पास पानी का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्विस कॉटेज का निरीक्षण करे तथा उत्कृष्ट साफ सफाई रखे।

जिलाधिकारी ने गोवर्धन वाले पुल पर हो रही साफ सफाई को लेकर अवर अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पुल के दोनों तरफ पेंटिंग कराकर दोनों ओर साफ सफाई सुनिश्चित करें। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही को निर्देश दिए कि अपनी देख रख में साफ सफाई बेहतर कराएं, जहां धूल उड़ रही हो वहां पर पानी का छिड़काव करवाया जाए। सड़क के दोनों किनारों से पॉलिथिन, कपड़े, पान मसाले के पैकेट आदि को उठवाकर बाहर फेंका जाए। जिलाधिकारी ने श्री राधारानी जी मंदिर पर साफ सफाई व्यवस्था को परखा, मंदिर के आस पास साफ सफाई की, रंगाई पुताई आदि के लिए ईओ को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सफाईकर्मियों का हौसला बढ़ाया और कहा के हम और आप एक ही इंसान हैं हम दोनों में कोई अंतर नहीं है आप हम सब लोग मिलकर ब्रज की सेवा करेंगे।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही, ऊषा सिंह तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार ईओ कल्पना वाजपेई चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी स्टेनो देवेंद्र शर्मा शरद शर्मा नारायण सिंह आदि ने श्रमदान किया।

# अवैध सिलिका सैंड परिवहन बना जानलेवा, ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत, ट्रैक्टर रोकने गए युवक पर हमला : पुलिस-प्रशासन के खिलाफ फूटा आक्रोश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव




**बारा, शंकरगढ़, प्रयागराज 7** शंकरगढ़ और आसपास के इलाकों में अवैध रूप से सिलिका सैंड का खनन और परिवहन मौत का कारण बनता जा रहा है। बेलगाम रफ्तार से दौड़ते ओवरलोड ट्रैक्टर आए दिन हादसों को जन्म दे रहे हैं, लेकिन खनन विभाग और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। मंगलवार को फिर एक सिलिका सैंड लदे ट्रैक्टर ने एक महिला की जान ले ली जिससे लोगों का गुस्सा खनन विभाग और पुलिस प्रशासन पर फूट पड़ा।

मंगलवार 4 मार्च 2025 को शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर बघला रोड पर वैशा के पास सिलिका सैंड से लदे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 45 वर्षीय महिला सविता सिंह को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जब मृतका का भतीजा बिनोद सिंह ट्रैक्टर रोकने की कोशिश करने लगा, तो ट्रैक्टर चालक के साथियों ने उसे मारा पीटा तथा ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। शिकायती पत्र के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे, राजेंद्र सिंह निवासी सिरवाइया थाना बारा अपनी पत्नी सविता सिंह को बाइक (क्क्षह्र लह–2916) से इलाज के लिए शंकरगढ़ ला रहे थे। तभी वैशा के पास नीले रंग का तेज रफ्तार ट्रैक्टर, जो मदनपुर, थाना लालापुर का बताया जा रहा है, ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। सविता सिंह सड़क पर गिर गईं, और ट्रैक्टर का पहिया उनके सिर पर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों अंशुमान सिंह, विनोद सिंह पुत्र कमलेश सिंह निवासी सिरवैया और ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह निवासी बघला ने बताया कि ट्रैक्टर पर सिलिका सैंड लदा हुआ था और टक्कर के बाद चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था।

*ट्रैक्टर रोकने पर भतीजे पर हमला*

मृतका के भतीजे बिनोद सिंह को उनके भाई अंशुमान सिंह ने हादसे की सूचना दी। बिनोद सिंह 10 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचे और भाग रहे ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान कुछ व्यक्तियों ने बिनोद सिंह पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। और हमलावर उन्हें धमकी देते हुए ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए।

**पुलिस और खनन विभाग की लापरवाही बनी मौतों की वजह:** लोगों के मुताबिक शंकरगढ़ और आसपास के इलाकों में अवैध रूप से सिलिका सैंड का खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है। ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिनमें न तो नंबर प्लेट होती है और न ही कोई सुरक्षा मानक न तो ट्रेंड ड्राइवर।स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया खुलेआम ओवरलोड ट्रैक्टर चला रहे हैं, लेकिन पुलिस इन्हें रोकने के बजाय उनकी सुरक्षा में लगी रहती है। हाल ही में सिलिका सैंड से लदे ट्रैक्टरों के कारण तीन और सड़क हादसे हो चुके हैं। लेकिन अब तक किसी भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

**परिजनों का हंगामा, पुलिस प्रशासन और सीओ बारा के खिलाफ नारेबाजी :** हादसे के बाद मृतका के परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोग सड़क पर उतर आए और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के बाहर सड़क पर रखकर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद और सीओ बारा मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। प्रदर्शनकारियों का कहना रहा कि अवैध सिलिका सैंड खनन और परिवहन पर तत्काल रोक लगाई जाए। मृतक के परिवार को उचित न्याय दिया जाय। दोषी ट्रैक्टर चालक और हमलावरों पर हत्या और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया जाए

**काफी समझाने-बुझाने के बाद शांत हुए परिजन, ट्रैक्टर जब्त** मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने लोगों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे।

करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद, पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने दावा किया कि संबंधित ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और दोषियों की तलाश जारी है।

**हादसे और विरोध प्रदर्शन के बाद भी शिवराजपुर चौराहे से गुजरते रहे अवैध सिलिका सैंड लदे ट्रैक्टर:** इतने बड़े विरोध प्रदर्शन और पुलिस की कार्रवाई के दावों के बावजूद, प्रशासन की निष्क्रियता साफ नजर आई। हादसे और हंगामे के दौरान भी शिवराजपुर चौराहे से लगातार अवैध सिलिका सैंड लदे ट्रैक्टर गुजरते रहे जो खनन विभाग की निष्क्रियता उजागर करता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफियाओं को किसी का डर नहीं है। पुलिस और खनन विभाग की मिलीभगत से अवैध कारोबार बदस्तूर जारी है।

**क्या प्रशासन अब भी सोता रहेगा?** यह हादसा प्रशासन के लिए एक और चेतावनी है कि अगर समय रहते अवैध सिलिका सैंड खनन और ओवरलोड ट्रैक्टरों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो क्षेत्र में हालात और बिगड़ सकते हैं।अब देखना यह होगा कि प्रशासन वाकई कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय महामंत्री श्रीमान बजरंग बांगड़ा जी का किया गया स्वागत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद




आज कटघर कार्यालय पर परिचय बैठक की गई जिसमें प्रथम बार मुरादाबाद आगमन कर रहे विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय महामंत्री श्रीमान बजरंग बांगड़ा जी एवं समय-समय पर हम सबके मार्गदर्शक केंद्रीय संयुक्त महामंत्री श्रीमान कोटेश्वर जी रहें। विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय महामंत्री श्रीमान बजरंग बांगड़ा जी के आगमन पर पटका पहना कर स्वागत किया गया जिसके पश्चात बैठक का शुभारंभ परिचय से किया गया ।

मुख्य अतिथि के द्वारा कहा कि कठिन परिस्थिति मैं ही कार्यकर्ता का विकास होता है। जहां हिंदू अधिक है वहां शायद हिंदू संगठन की इतनी आवश्यकता नहीं होती है परंतु जहां मुरादाबाद जैसी परिस्थिति है जहां हिंदू मुस्लिम बराबर की जनसंख्या है वहां पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यकता बहुत होती है विश्व हिंदू परिषद के सभी कार्यकर्ताओं को सनातन धर्म की रक्षा के लिएअपना संकल्प एवं कर्तव्य नहीं भूलना चाहिए

**सभी सनातन भाइयों के संपर्क मैं रहना:** हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए हम कटिबद्ध हैं हिंदू समाज की सुरक्षा कर सके यह हमारा कर्तव्य है हम सभी को अपने संकल्प को याद रखना है सभा में उपस्थित रहे राजकुमार डूंगर राजकमल गुप्ता भवनीस सेंगर अमित गुप्ता अविनाश गुप्ता अंजली गुप्ता शोभित गुप्ता रविंद्र सिंह छाबड़ा रजत ठाकुर अश्वनी सूद निर्मल चौहान शालू सैनी दीपक गुप्ता विकास गुप्ता संजीव दुबे पवन कुमार अरविंद शर्मा

# ओएनजीसी कंपनी कर डीजल ,पेट्रोल,और गैस की खोज,कई गांव में आधुनिक मशीनों से चल रही खोज, ड्रिलिंग कार्य हुआ शुरू

केसरिया हिदुस्तान मोहित यादव लव



एटा जनपद के जलेसर तहसील क्षेत्र ग्रामीण इलाकों में शासन के निर्देश पर ओ एन जी सी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा खनिज पदार्थों की खोज जारी की है।कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा ड्रिलिंग कार्य शुरू कर दिया गया है ।युद्ध स्तर पर डीजल,पेट्रोल,गैस जैसे खनिज पदार्थों को तलाश जारी है।अगर एटा में खोज के दौरान खनिज पदार्थ पाया जाता है तो जनपद का विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट एट सत्य प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मनीषिया पेट्रोलियम कंपनी और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों की हेल्प करने के निर्देश प्राप्त हुए थे इसी क्रम में जिले के समस्त उप जिला अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों की मदद करने के लिए स्थानीय प्रशासन को सूचना दे दी गई है। फिलहाल एटा के जलेसर क्षेत्र के गोपालपुर रसीदपुर सोना मैं सहित कई गांव में डीजल पेट्रोल खनिज पदार्थ की खोज के लिए ड्रिलिंग कार्य जारी है। ओएनजीसी कंपनी द्वारा उत्तर प्रदेश के कई जिलों में खनिज पदार्थ की खोज चल रही है इसी क्रम में एटा के जलेसर के आधा दर्जन गांवों में डीजल पेट्रोल गैस जैसे पदार्थों की खोज के लिए ड्रिलिंग कार्य शुरू कर दिया गया है ओएनजीसी कंपनी के कर्मचारियों की स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मदद की जा रही है।

# जल जीवन मिशन से न मिला पानी,सड़कें भी हुईं खराब



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी

**गुरसराय( झाँसी )**- केंद्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली हर घर नल हर घर जल योजना के माध्यम से आम जनता को वर्ष 2024 में लागू करके जन-जन को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना था,लेकिन जिस कंपनी को यह काम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी वह 2024 के एक साल बाद भी चालू नही हुई।ठेकेदारों की निरंकुशता और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही से गलियों से निकलना मुश्किल हो गया है।यदि समय पर ध्यान दिया जाता,तो हर घर में पानी पहुंच रहा होता।नगर में नमामि गंगे की हर घर नल जल योजना ने सड़कों की सूरत बिगाड़ दी है।कई जगह सड़क की खोदाई कर पाइपलाइन तो बिछा दी गई,लेकिन मरम्मत के नाम पर कई जगह मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी है।ऐसे में कहीं गड्ढा तो कहीं नाली खुली पड़ी हुई है।कई जगह तो महीनों से सिर्फ पाइप लाइन के लिए सड़क खोद दी गयी है,न ही उसमें पाइप लाइन डाली गयी है,न हीं मरम्मतीकरण किया है।लोगों को पाइपलाइन से पानी तो मिला नहीं,खोदाई के बाद सड़कों की मरम्मत न होने से सड़के खस्ताहाल हो गई हैं।सड़के गड्ढे में तब्दील हो गई है।प्रतिदिन मोटरसाइकिल एवं साइकिल चालक व पैदल चलने वाले लोग गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं।इससे लोगों को वाहन तो दूर पैदल निकासी तक में समस्या हो रही है।पाइपलाइन बिछाने के नाम पर पूरी सड़के पिछले कई माह से अधिक समय से उखाड़ दी गई है,कई जगह तो एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सड़क सही नही की गयी हैं।ठेकेदारों को उक्त काम के नाम पर समय सीमा से लेकर कार्य की गुणवत्तापूर्वक हर कीमत पर 2024 में उक्त काम पूरा होकर आम जनता को इसका लाभ मिलना था,लेकिन विभागीय अधिकारियों और संबंधित विभाग के आला अधिकारियों की कही न कही काम करने वाले कंपनी के ठेकेदारों से मिलीभगत के चलते इस काम में लापरवाही की जा रही है।यहां बता दें तत्कालीन जिलाधिकारी झांसी रविंद्र कुमार ने गुरसराय में जो रामनगर रोड़ पर टंकी निर्माण हो रही थी।उसका मौके पर जाकर निरीक्षण किया था।जिसमें काम में लापरवाही बरतने पर कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही करने के सख्त निर्देश भी दिए थे।लेकिन उनके स्थानांतरण होने के बाद फिर से संबंधित विभाग के अधिकारी और ठेकेदार जानबूझकर निर्धारित समय सीमा भीतर काम नहीं कर पाए तो दूसरी ओर जनता के सामने पेयजल की समस्या ने और विकराल रूप धारण कर लिया,और यह सड़के मरम्मत इसी विभाग के द्वारा होनी थी।नगर में यह योजना अभी भी काफी धीमी गति से चल रही है।नगर के जागरूक लोगों ने जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश सरकार से जनहित में इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के नेतृत्व में संगम से लाए गए पवित्र त्रिवेणी के जल को श्रद्धालुओं में किया गया वितरित



केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद मे माननीय मुख्यमंत्री जी के अपेक्षानुसार एटा फायर सर्विस की टीम द्वारा प्रयागराज संगम से लाए गए लगभग 4000 ली0 पवित्र त्रिवेणी के जल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री श्याम नारायण सिंह के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। पवित्र गंगाजल वितरण कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम पुलिस लाइन एटा में अग्निशमन वाहन को लाया गया जहां पुलिस परिवार तथा आम श्रद्धालु उपस्थित होकर, पहले गंगाजल का पूजन-अर्चन किया तथा पुष्प अर्पित कर सभी लोगों द्वारा मां गंगा के प्रति सच्ची श्रद्धा प्रकट की गयी। पूजन-अर्चन के पश्चात पुलिस परिवार के लोग, जो ड्यूटी के कारण महाकुम्भ नहीं जा सके थे, उन सभी के परिवार तथा आम श्रद्धालु उपस्थित होकर, कतारबद्ध तरीके से सभी लोगों ने गंगाजल प्राप्त किया। गंगाजल प्राप्त कर रहे लोगों में अति प्रसन्नता के साथ मां गंगा के प्रति सच्ची श्रद्धा और आस्था का भाव था। सभी श्रद्धालुओं द्वारा आस्था और उत्साह से पवित्र जल को प्राप्त किया गया। साथ ही जनपद के समस्त थानों के लिए पवित्र गंगा जल से भरे कलश भिजवाए गए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री योगेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी सकीट कृष्ण मुरारी दोहरे, क्षेत्राधिकारी श्री संजय कुमार सिहं, प्रतिसार निरीक्षक श्री किशन लाल गौतम, प्रभारी अग्निशमन श्री केतन सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग हुए घायल

केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव



एटा जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के अगौनापुर गांव के समीप बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए।घायलों में एक महिला एक बच्ची और एक पुरुष शामिल है।आस पास के लोग घायलों को लेकर अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्हें भर्ती कराया है।सूचना मिलते ही अलीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार बाइक सवार नगला सिमरा से अलीगंज की ओर जा रहे थे तभी अगौनापुर गांव के समीप बाइक अज्ञात वाहन से टकरा गई हादसे में बाइक सवार इंद्रपाल पुत्र गिरधारी उम्र 55 वर्ष,नेत्रबती पत्नी महिमा चंद्र उम्र 55 वर्ष,निशा पुत्री स्वर्गीय महिमा चंद्र घायल हुए हैं।चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# सपा का दामन छोड़ काँग्रेस का हाथ थामा डॉ आज़ाद ने

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



उत्तर प्रदेश के अनेकों ज़िलों से आए डॉक्टर्स साथियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष उ.प्र. प्रदीप माथुर जी की अध्यक्षता मे कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता काँग्रेस प्रदेश मुख्यालय लखनऊ मैं ग्रहण की गई मुख्य रूप से निम्न लोगो ने सदस्यता ग्रहण की। डॉ. शैख़ गुल मो. ,लखनऊ, प्रो. डॉ हलीम ,बलरामपुर , डॉ. बृजेश शुक्ला, बलरामपुर , डॉ. मुज़क्किर, संत कबीर नगर, डॉ. सलमान, लखनऊ, डॉ. फ़िरोज़ आलम, लखनऊ डॉ. सैफ़ी, लखनऊ , डॉ. इरफ़ान ख़ान, आगरा, डॉ. फ़ख़रुद्दीन ख़ान, लखनऊ , डॉ. वसीम, मथुरा , डॉ. सर्वेश, फिरोजाबाद, डॉ. शारुख, सिद्धार्थ नगर, डॉ अरशद ख़ान, लखनऊ, श्री कृष्णवीर पार्षद, फिरोजाबाद, श्री प्रेमपाल, फिरोजाबाद, श्री राजेश गुप्ता, फिरोजाबाद, श्री सुभाष प्रजापति, आगरा, श्री प्रमोद गौतम, आगरा , श्री अनवर एडवोकेट, मथुरा , श्री शब्दल अली, लखनऊ , श्री तसव्वर अली, लखनऊ श्री अशफाक अली, लखनऊ, श्री इज़हार अहमद, बस्ती श्री शहज़ाद, मथुरा आदि सभी लोगो ने डॉ आज़ाद के नेतृत्व मैं कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने क्षेत्र के सांसद से मुलाकात कर किया स्वागत सम्मान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली



सुसनेर- नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय के साथ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने बुधवार को पचोर पहुंच कर क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर से मुलाकात कर उनका स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा सिविल अस्पताल सुसनेर एवं सिविल अस्पताल नलखेड़ा के नवीन भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर से चर्चा की । सांसद ने दोनों अस्पतालों के नवीन भवन में अस्पतालों की शुरुआत करवाने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय , भाजपा जिला महामंत्री डाक्टर गजेंद्र सिंह चंद्रावत, कैलाश कुंभकार , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरू सिंह चौहान, नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष पवन वेदियां ,बड़गांव मंडल अध्यक्ष जे पी जामलिया ,घरौला मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह चंद्रावत, मोहना मंडल अध्यक्ष अरविंद आर्य ,सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, युवा मोर्चा जिला महामंत्री डॉक्टर सौरभ जैन, सोयत मंडल महामंत्री राजेश राठौर, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अक्षत जैन आदि मौजूद थे। चित्र क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर का स्वागत करते हुए भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता

# अपहरण और दुष्कर्म के दोषी को सात वर्ष की कैद

केसरिया हिंदुस्तान कौशाम्बी

कौशाम्बी।किशोरी का अपहरण कर दुराचार करने के मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को अदालत ने दोषी को सात वर्ष कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने उसपर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जबकि, एक अन्य आरोपी को दोष मुक्त कर दिया है। घटना मंझनपुर कोतवाली इलाके में करीब 12 साल पहले घटित हुई थी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि 24 दिसम्बर 2012 को अभियुक्त लक्खी उर्फ प्रमोद पुत्र हीरालाल ने अपने साथी पप्पू हलवाई के साथ मिलकर उसकी 14 वर्षीय बेटी का स्कूल के रास्ते से अपहरण कर लिया था। मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर पांच दिन बाद 29 दिसम्बर को मुकदमा दर्ज हुआ। बरामदगी के बाद कोर्ट को दिए गए बयान में पीड़िता ने आरोपी लक्खी उर्फ प्रमोद पर दुराचार करने का भी आरोप लगाया। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। प्रकरण विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अशोक कुमार श्रीवास्तव की अदालत में चला। बुधवार को राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता शशांक खरे ने कुल आठ गवाहों की गवाही कराई। अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अदालत ने आरोपी लक्खी उर्फ प्रमोद को सजा सुना दी। जबकि उसके साथी पप्पू हलवाई को साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

# एनटीपीसी से निकला गंदा नाला गंगा का दमन कर रहा मैला, टीम ने किया निरीक्षण

## गांव से निकली गंदी नालियों का पानी भी गंगा नदी में हो रहा समाहित, जल हो रहा दूषित

(केसरिया हिंदुस्तान धर्मवीर यादव)-

रायबरेली गंगा नदी के सफाई के नाम पर प्रतिवर्ष करोड़ रूपों का बजट खर्च हो जा रहा है किंतु उसके बाद भी एनटीपीसी तटीय क्षेत्रों में बसे ग्रामीणों व ग्राम प्रधानों की करतूत से पतित पावनी गंगा का दामन मेला होता जा रहा है एनटीपीसी से महिला लेकर निकल रहा नाला गंगा नदी का जल दूषित कर रहा है लंबे समय से इसका प्रदूषण न सिर्फ गंगा अपितु पर्यावरण के लिए घातक है अब इस और भारत सरकार की वैधानिक संस्था नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने संज्ञान में लिया है और गुरुवार को अधिकारियों की टीम ने मौके का निरीक्षण किया है बताते चले की लंबे समय से एनटीपीसी से निकलने वाले नाले की गंदगी मां गंगा को मेला कर रहा है इस नाले में एनटीपीसी का कोयला युक्त कला पानी आवासीय परिसर में घरों से निकलने वाला कीचड़ शामिल होता है इसको लेकर समय-समय पर स्थानीय लोग आवाज बुलंद करते रहे हैं किंतु अभी तक शासन अफतर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है अब इसमें नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने हस्तक्षेप किया है नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एंजी) भारत में एक वैधानिक निकाय है जो पर्यावरण संरक्षण और अन्य प्राकृतिक संसाधनों में



संबंधित मामलों के शीघ्र निपटान से संबंधित है इसकी स्थापना 2010 में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के तहत की गई थी बताया जाता है कि एनजीटी के निर्देश पर गुरुवार को जिला गंगा समिति के परियोजना निदेशक संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के शहावपुर अरखा गांव के पास गंगा नदी में पहुंचे और गंगा में गिर रहे एनटीपीसी के नाले को दिखा जहां कई किलोमीटर तक नल का गंदा पानी गंगा के ऊपर सतह पर छाया हुआ था टीम ने मौके की वीडियो ग्राफी की है या रिपोर्ट एनजीटी को भेजी जाएगी उधर एनटीपीसी के जनसंपर्क अधिकारी ऋषभ शर्मा का कहना है की टीम के आने की कोई जानकारी नहीं है इसके अलावा टीम ने विकास खंड के कोटरा बहादुरगंज कल्याणी तीर का पूरवा खरौली गोकर्ण घाट गोकना का निरीक्षक किया या निरीक्षण गांव से निकलने वाले नालों ठोक गंदगी पॉलिथीन इतिहास से गंगा नदी में प्रवाहित होने वाले कचरो के प्रबंधन की प्रक्रिया को मापने और इसके लिए अपनाए जा रहे उपायों की जानकारी जुटाना के उद्देश्य से किया गया निरीक्षा के दौरान उन्होंने पाया की ठोस कचरे का सही तरीके से निस्तारण नहीं किया जा रहा है जिससे पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हो रहा है बाबा जमादार मंदिर के समीप ठोस कचरो का ढेर पाया गया जो मंदिर परिसर को प्रदूषण युक्त बना रहा है इस दौरान ग्राम पंचायत बहादुरगंज के प्राथमिक विद्यालय के मुख्य द्वार पर ढेर सारे ठोस कचरे का अंबार दिखा जो पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन रहा है यह कचरा ना केवल बच्चों के लिए बल्कि पूरे गांव के लिए एक बड़ी समस्या बन रहा है वही गांव से गंदी नालियां सड़क पर प्रवाहित हो रही थी जो सीधे गंगा नदी में मिल रही थी जिस नदी को स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था संजय कुमार ने इस समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन से सख्त कदम उठाने का आग्रह किया उन्होंने गंगा नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने के महत्व को भी रेखांकित किया इस मौके पर मां गंगा गोकर्ण गंगा सेवा समिति के सचिव जितेंद्र द्विवेदी भी मौजूद रहे

# जैन समाजजनों ने वयोवृद्ध वरिष्ठ समाजसेवी रतन लाल जैन सेमलखेड़ी वाले का मनाया जन्मदिवस

## सरोपा बांधकर शाल श्रीफल भेंटकर कर दी बधाई, समाज भूषण की उपाधि से किया सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली

सुसनेर। जैन समाज के वयोवृद्ध वरिष्ठ समाजसेवी रतन लाल जैन सेमलखेड़ी वाले का 98 वा जन्मदिवस मंगलवार को स्थानीय जैन समाजजनों द्वारा सोयत रोड स्थित निज निवास रतन वाटिका पहुँचकर मनाया गया। इस अवसर पर सुसनेर जैन समाजजनों ने रतन लाल जैन का कुमकुम तिलक लगाकर सरोपा बांधकर शाल श्रीफल से सम्मान क़िया एवं उनके दीर्घायु होने की कामना की। अपने जीवन के 97 वर्ष पूर्ण कर चुके रतन लाल जैन के जीवन के साथ जुड़े कई अनुभव साझा करते हुए समाज हित मे उनके सराहनीय कार्यों, उनकी समाजसेवा व प्रेरणादायी प्रसंग की चर्चा की गई। समाज के वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष, समाजिक, आध्यात्मिक व पारिवारिक जीवन की जानकारी देते हुए उन्हें सर्व सम्मति से समाज भूषण की उपाधि से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के दिलीप पांडे, शैलेंद्र



सिंघई, श्री दर्शन सागर दिगम्बर जैन विद्यालय के अध्यक्ष मनीष जैन, प्राचार्य दिनेश जैन, अनिल जैन, कमलेश जैन, मुकेश साँवला, महावीर जैन शास्त्री, शैलेन्द्र जैन, अंशुल जैन, महावीर जैन राणा, दिनेश जैन, संजय जैन, गोपाल जयपद, रमेश जयपद, योगेश जैन, नन्दलाल जैन सहित उपस्थित समाजजनो ने रतनलाल जैन के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। बता दे कि 97 वर्ष की उम्र में रतन लाल जैन पूर्ण स्वस्थ होकर आज भी अपने दैनिक कार्य स्वयं करते है। उन्होंने अपने जीवन मे समाज के लोगो को कई धार्मिक यात्राएं करवाते हुए ऊँचे ऊँचे शिखर वाले तीर्थो की यात्रा की है। भरे पूरे परिवार के मुखिया वयोवृद्ध जैन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से इस उम्र में भी सतत जैन सिद्धांतो का पालन करते हुए देव, शास्त्र और गुरु की सेवा कर युवाओं के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा के स्त्रोत बने हुए है। संचालन अध्यापक पारस जैन ने किया तथा आभार ज्येष्ठ पुत्र अशोक जैन मामा ने माना।

## समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न

# बोलें गौरव यादव- संविधान की रक्षा के लिए सपा कार्यकर्ता करते रहेंगे संघर्ष

केसरिया हिदुस्तान मोहित यादव लव

**एटा** समाजवादी पार्टी अलीगंज की कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिला उपाध्यक्ष गौरव यादव की अध्यक्षता में सपा विधानसभा अध्यक्ष सुभाष शाक्य के कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पीडीए चर्चा कार्यक्रम को गांव-गांव तक ले जाना है बाबा साहेब के सम्मान में , लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता संघर्ष करते रहेंगे। समाजवादी पार्टी के संगठन के सभी पदाधिकारी लगातार पीडीए चर्चा कार्यक्रम को आयोजित कर समाजवादी सरकार में किए गए विकास कार्यों को बताते हुए 2027 में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लें। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम बृजेश यादव प्रधान ने कहा की सभी कार्यकर्ता मजबूती से पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए सभी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और सरकार की जन विरोधी नीतियों



के खिलाफ संघर्ष करने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष सुभाष शाक्य ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव में माननीय अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। अन्त में महाकुंभ की भगदड़ में मृत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर शोक संवेदना व्यक्त किया। बैठक का संचालन रामेश्वर शाक्य ने किया इस मौके पर सारिक खान उर्फ लाला,सुमित यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ,मोहित यादव चांदकी राम यादव जिला सचिव एटा , रविन शाक्य, पंकज यादव ,गुन्नू यादव, योगेश कश्यप ,संतोष कठेरिया पूर्व प्रधान ,मोनू यादव इंद्रपाल शाक्य ,सुरेश पाल , अमन श्रीवास्तव ,असलम खान अजयवीर कठेरिया के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद।

# होली व रमजान शंकरगढ़ थाना सभागार में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव

**शंकरगढ़।** आगामी होली और रमजान के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शंकरगढ़ थाना सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त बारा संतलाल सरोज ने की।

बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त संतलाल सरोज ने कहा, होली और रमजान दोनों ही सौहार्द और आपसी भाईचारे के पर्व हैं। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और सभी से अपील है कि वे सहयोग करें। यदि कोई भी अफवाह फैलाने या माहौल खराब करने की कोशिश करता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रभारी निरीक्षक थाना शंकरगढ़ ओम प्रकाश ने कहा, हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। पुलिस प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। यदि किसी को कोई समस्या



हो, तो तुरंत थाना या प्रशासन से संपर्क करें। बैठक में विद्युत विभाग के एसडीओ, नगर पंचायत के कर्मचारी, मुस्लिम धर्मगुरु, होलिका दहन कमेटी के सदस्य, व्यापार मंडल शंकरगढ़ अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, सभासद पप्पू भारतीय, सभासद मनपूरन सिंह, दीपक केसरवानी सहित कई ग्राम प्रधान और संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

व्यवस्था को लेकर निर्देश अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान समन्वय बनाए रखने, कानून-व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुचारु रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाने, होलिका दहन के स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने और जुलूस व नमाज के दौरान सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान सभी समुदायों के लोगों ने प्रशासन को सहयोग देने और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का आश्वासन दिया।

# राजेश सेन महिला पॉलिटेक्निक में व्याख्याता पद पर कार्यत और मथुरा में स्वयं के आवास पर निजी तेंदुलिया पुस्तकालय एवं संग्रहालय खोल रखा है

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी

देश दुनिया में रह रहे लोगों को भिन्न-भिन्न शौक लगा लेते हैं उन्हें में से एक है राजेश सेन मथुरा निवासी श्री राणा देवी खंडेलवाल महिला पॉलिटेक्निक में व्याख्याता पद पर कार्यत राजेश सेन ने स्वयं के आवास पर निजी तेंदुलिया पुस्तकालय एवं संग्रहालय खोल रखा है उनके संग्रह में स्वतंत्र भारत के पूर्व के शेर बन टेलीफोन दबाते हैं सर होते ग्रामोफोन से लेकर सीडी प्लेयर पुराने नोट सिक्के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर जारी डाक टिकट राज वालों के स्टांप पेपर दीपक लालटेन प्रदर्शन हेतु रखी हुई है तो वहीं विभिन्न अंकन की ईंटें जो ब्रिटिश पीरियड के समय के जिन पर सन ईसवी आदि अंकित है ब्रिटिश पीरियड की इमारत पर लगी रोक टाइल खपरैल जिन पर कहना टॉप का मार्ग एवं 1914 अंकित इनमें से कुछ ईंटें दसवीं शताब्दी 15 में शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी 19वीं शताब्दी के भी अयोध्या से प्राप्त सीटों में ई सन 1911 1909 एवं मछली का अंकन भी संवाददाता के पहुंचने पर ईटों का संग्रह आप क्यों कर रहे हैं यह चाहे जितनी उठा लो तो तो पूछने पर राजेश सैया बताया कि या एक अलग प्रकाश सगड़ा




है जो नए मकान के बनने पर नष्ट होता जा रहा है बेटे तोड़कर के नए मकान का निर्माण करते हैं। जिस पर सनद कुछ लिखा होता है जबकि यह इन्हें उसे समय के इतिहास को दर्ज कराती हैं जो कोई कारण रहा होगा इन पर इतिहास सन का अंकन है मेरी निगाह ऐसे स्थान पर बने निर्माण कर पर जाती और विशेष देखने पर उसे सेट को उठा लेता हूं कभी-कभी मार्बन के ढेर पर भी मिल जाते हैं कभी ईंट उठाने पर कोई मना कर देता है की हिट क्यों ले जा रहे कोई टोटका तो नहीं करेगा और ईट लेने को मना कर देता है तो छोड़ आता हूं फिर कभी मौका लगा कर उठा लाता हूं मुझे तो अपने संग्रह पर गर्व होता है कि मैं किसी न किसी प्रकार से इतिहास को सुरक्षित कर रहा हूं वाला की कुछ लोग मजा भी लेते हैं कि को यह आ गए अभी को जाएं

# दिल्ली में सम्मानित हुई कौशाम्बी की दो महिला ग्राम प्रधान

गणेश वर्मा ब्यूरोचीफ केसरिया हिंदुस्तान

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी। पंचायती राज्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने को लेकर मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय कार्यशाला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देश भर के दो सौ प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।इस सम्मेलन में कौशाम्बी जनपद की दो ग्राम सभा की तेज तर्रार महिला ग्राम प्रधान का नाम शामिल था। बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक कार्यक्रम चला।सम्मेलन में शामिल हुए जन प्रतिनिधियों को नाना प्रकार के सुझाव दिए गए।इसके बाद सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

सदर ब्लाक के ग्राम सभा उखैया खास गांव की प्रधान सीमा निर्मल पत्नी राकेश व कड़ा ब्लाक के ग्राम सभा थुलगुला गांव की शांती देवी पत्नी राम खेलावन ने आमंत्रण पर राष्ट्रीय कार्यशाला सम्मेलन में हिस्सा लेकर जनपद का नाम रोशन कर दिया है। सीमा निर्मल ने बताया कि



आगामी 08 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम मंगलवार की सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ और शाम 5 बजे समाप्त हुआ। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का शुभारंभ भी हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भव्यता के साथ मनाने का सुझाव दिये हैं।गांव के नागरिकों को सरकार की हर योजना की जानकारी देने की बात कही गई है। इसके साथ ही पंचायती राज,महिला सशक्ति करण,ग्राम सभा में विकास को लेकर विस्तृत टिप्स दिए गए हैं।इसी को लेकर मंगलवार और बुधवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय कार्यशाला और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाने की बात कही गई है।